kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-347 ❒ बुधवार, 21 जनवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12


राष्ट्रपिता ने पश्चिमी परिधान त्यागने का निर्णय भारतीय किसानों की गरीबी से उनके साक्षात्कार से प्रभावित था। उन्होंने मदुरै रेलवे स्टेशन का उल्लेख किया जहां बापू ने केवल लंगोट या धोती पहनने का संकल्प लिया। सी. पी. राधाकृष्णन

उच्चतम न्यायालय ने 'हेट स्पीच' पर दायर याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा 11
समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश ने गिनाईं 20 वर्षों की उपलब्धियां 12

## संक्षेप

### आवारा कुत्तों के हमले में मौत तो डॉग फीडर्स जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, 'आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है, तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है। कोर्ट ने कहा- पिछली सुनवाई की टिप्पणियों को मजाक समझना गलत होगा। हम गंभीर हैं। कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन की विफलता सामने आई है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने कहा- कोर्ट निजी पक्षों की दलीलें पूरी करके आज ही सुनवाई खत्म करना चाहती है। इसके बाद राज्यों को एक दिन का मौका दिया जाएगा। आज की सुनवाई में- पीड़ितों की ओर से एडवोकेट हर्ष जैदका, डॉग लवर्स/एनजीओ की ओर से एडवोकेट प्रशांत भूषण, मेनका गांधी की ओर से सीनियर एडवोकेट राजू रामचंद्रन दलीलें दे रहे हैं।

### रूस और भारत के बीच एसजे -100 यात्री विमान की बिक्री पर प्रारंभिक समझौता

**मॉस्को।** रूस और भारत के बीच रूसी निर्मित यात्री विमान एसजे -100 की खरीद और स्थानीय उत्पादन पर प्रारंभिक समझौते हो चुके हैं और बातचीत जारी है। यह जानकारी रूस के उद्योग और व्यापार उप मंत्री गेनाडी अब्रामेनकोव ने मंगलवार को दी। श्री अब्रामेनकोव ने कहा ''साझेदारों के साथ खरीद की संभावना पर एक प्रारंभिक समझौता हो चुका है, जिसके बाद भारत में इस प्रकार के विमान का स्थानीय उत्पादन किया जाएगा। फिलहाल, बातचीत चल रही है। अक्टूबर के अंत में रोस्टेक सरकारी निगम का हिस्सा, यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (यूएसी) और भारतीय सरकारी निगम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने एसजे-100 विमान के उत्पादन पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

### बोर्ड परीक्षा प्रैक्टिकल में अच्छे अंक दिलाने में मदद करेगा हेल्पलाइन

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा 24 जनवरी से एक फरवरी तक होनी है। इसे देखते हुए संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक लखनऊ मण्डल डॉ प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व और मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ दिनेश कुमार के निर्देशन में 23 जनवरी 2026 प्रयोग परामर्श हेल्पलाइन स्थापित की जाएगी। इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राएं हेल्पलाइन नम्बर 9415664679 पर प्रश्न पूछ सकते हैं। हेल्पलाइन पर दोपहर 12 बजे से चार बजे तक इण्टरमीडिएट भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रश्न पूछ सकते हैं। प्रायोगिक कार्य किस प्रकार तैयार किये जाएं, प्रयोगों को उत्तर पुस्तिका में किस प्रकार लिखे जाएं।

# संकल्प, संवेदना और स्वतंत्र पत्रकारिता का उत्सव

## कैनविज टाइम्स का स्थापना दिवस
## डायरी का विमोचन, डिजिटल पॉडकास्ट की घोषणा

कैनविज टाइम्स डेस्क

❒ प्रधान सम्पादक एवं चेयरमैन राकेश कुमार पाण्डेय ने टीम प्रबंधन, सम्पादकीय स्टाफ और जिला प्रतिनिधियों की सराहना की

लखनऊ। स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता के 15 वर्षों की यात्रा को रेखांकित करते हुए कैनविज टाइम्स का स्थापना दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर प्रधान सम्पादक एवं चेयरमैन राकेश कुमार पाण्डेय ने संस्थान से जुड़े पत्रकारों, प्रबंधन टीम और जिला प्रतिनिधियों के योगदान को सराहते हुए भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। यह अवसर न केवल संस्थान की उपलब्धियों का उत्सव था, बल्कि भविष्य के लिए नए संकल्पों और योजनाओं की घोषणा का भी साक्षी बना।

कार्यक्रम में कैनविज टाइम्स के प्रधान सम्पादक एवं चेयरमैन राकेश कुमार पाण्डेय ने टीम प्रबंधन और सम्पादकीय टीम की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी मीडिया संस्थान की असली ताकत उसकी टीम होती है, और कैनविज टाइम्स की पहचान उसकी कर्मठ, निष्ठावान और जमीनी सच्चाइयों से जुड़ी टीम के कारण ही बनी है। उन्होंने विशेष रूप से लखनऊ लोकल के पत्रकारों के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों की भूमिका की प्रशंसा की और कहा कि दूर-दराज़ के जिलों से जुड़ी आवाज़ों को मंच देना ही कैनविज टाइम्स की असली ताकत है।

इस अवसर पर सम्पादकीय टीम द्वारा प्रधान सम्पादक का पुष्पगुच्छ देकर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही अन्य प्रबंधन टीम के सदस्यों का भी पत्रकार साथियों ने गर्मजोशी से अभिनंदन किया। यह दृश्य आपसी सम्मान, सहयोग और पारिवारिक भावना का प्रतीक बन गया, जो किसी भी संस्थान को दीर्घकालिक सफलता की ओर ले जाता है।

कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि कैनविज टाइम्स डायरी का विमोचन रहा।



इस डायरी को पत्रकारिता के अनुभवों, मूल्यों और संस्थान की यात्रा का प्रतीक बताया गया। विमोचन के दौरान उपस्थित सभी अतिथियों और पत्रकार साथियों ने इसे संस्थान की सृजनात्मक पहल के रूप में सराहा। अपने संबोधन में प्रधान सम्पादक राकेश कुमार पाण्डेय ने एक भावनात्मक और दूरदर्शी घोषणा करते हुए कहा, मैं अपने साथ जुड़े हुए लोगों को अवैतनिक नहीं, बल्कि वैतनिक करना चाहता हूं। मेरा सपना है कि जो साथी हमारे साथ दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, उन्हें आर्थिक सुरक्षा और सम्मान दोनों मिले। उन्होंने विशेष रूप से जिला प्रतिनिधियों को वेतन देने की इच्छा जाहिर की और कहा कि यह केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि पत्रकारों के आत्मसम्मान से जुड़ा विषय है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कैनविज टाइम्स एक स्वतंत्र संस्थान है, जो न किसी दबाव में काम करता है और न ही किसी विशेष विचारधारा का प्रवक्ता है।

हम पक्ष और विपक्ष दोनों की बात समान रूप से रखते हैं। शासन-सरकार के अच्छे कार्यों की सराहना भी करते हैं और जनहित में आवश्यक हो तो आलोचना से भी पीछे नहीं हटते, उनका यह वक्तव्य स्वतंत्र पत्रकारिता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रधान सम्पादक ने बताया कि 26 जनवरी को कैनविज टाइम्स अपने 15वें वर्ष में प्रवेश करेगा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा अकेले संभव नहीं थी, बल्कि इसमें सभी साथियों का योगदान, विश्वास और भावनात्मक जुड़ाव शामिल है। कैनविज टाइम्स केवल एक संस्थान नहीं, बल्कि हम सभी की भावनाओं से जुड़ा हुआ एक परिवार है, यह कहते हुए उन्होंने सभी सहयोगियों का आभार प्रकट किया। डिजिटल युग की चुनौतियों और संभावनाओं पर बोलते हुए राकेश कुमार पाण्डेय ने भविष्य की योजनाओं का भी खुलासा किया। उन्होंने कहा कि कैनविज टाइम्स डिजिटल दुनिया में पॉडकास्ट की शुरुआत करना चाहता है। हमारे पास अपना स्टूडियो है, और हम चाहते हैं कि खबरों के साथ-साथ विचार, संवाद और विमर्श को भी नई तकनीक के माध्यम से जनता तक पहुंचाया जाए।

कार्यक्रम में प्रबंधन टीम के प्रमुख सदस्यों सीईओ आशुतोष श्रीवास्तव, यूपी हेड संदीप मिश्रा, एसोसिएट एडिटर नितिन, मीडिया कोऑर्डिनेटर जय सिंह सहित मीडिया काउंसिल ऑफ इंडिया के सचिव, लखनऊ लोकल के संवाददाता एवं अन्य जिले से आए हुए प्रतिनिधियों का भी प्रधान सम्पादक ने विशेष रूप से सराहना की और उनके योगदान को संस्थान की मजबूती का आधार बताया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि 20 जनवरी को प्रधान सम्पादक राकेश कुमार पाण्डेय का जन्मदिन भी पत्रकार साथियों ने बड़े ही धूमधाम और आत्मीयता के साथ मनाया। केक काटा गया, शुभकामनाओं का सिलसिला चला और पूरा वातावरण उत्साह एवं अपनत्व से भर गया। यह क्षण इस बात का प्रमाण था कि कैनविज टाइम्स में नेतृत्व केवल पद का नहीं, बल्कि विश्वास और संबंधों का भी प्रतीक है। समापन अवसर पर यह स्पष्ट रूप से महसूस किया गया कि कैनविज टाइम्स केवल समाचार पत्र नहीं, बल्कि विचारों का मंच, संवेदनाओं ● शेष पेज 11 पर

## विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण कालखंड में भाजपा का नेतृत्व युवा हाथों में: मोदी

# भाजपा में नेतृत्व बदलता है, संगठन की दिशा नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संगठन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को एक परिवार बताया है और कहा है कि पार्टी में नेतृत्व तो बदलता है, लेकिन इसकी दिशा नहीं बदलती।

श्री मोदी ने भाजपा के नये अध्यक्ष के चुनाव के उपलक्ष्य में पार्टी मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने भाजपा के नव निर्वाचित अध्यक्ष नितिन नबीन को दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल का अध्यक्ष चुने जाने पर बहुत-बहुत बधाई और 'शुभकामनाएं' दीं और यह भी कहा कि खुद उनके लिए भाजपा का कार्यकर्ता होना बड़े गर्व की बात है। श्री मोदी ने कहा, ऌहमारी पार्टी में अध्यक्ष बदलते हैं, लेकिन आदर्श नहीं बदलते। नेतृत्व बदलता है, लेकिन दिशा नहीं बदलती। भाजपा एक संस्कार है, भाजपा एक परिवार है। हमारे यहां 'मेंबरशिप' से भी ज्यादा 'रिलेशनशिप' होती है। भाजपा एक ऐसी परंपरा है, जो पद से नहीं, प्रक्रिया से चलती है। हमारे यहां पदभार एक व्यवस्था है और कार्यभार जीवन भर की जिम्मेदारी है। श्री मोदी ने कहा, हमारा नेतृत्व परंपरा से चलता है, अनुभव से समृद्ध होता है और जनसेवा एवं राष्ट्रसेवा के भाव से संगठन को आगे बढ़ाता है। भाजपा की शून्य से लेकर शिखर तक की यात्रा में ● शेष पेज 11 पर



### भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए राष्ट्र प्रथम : नितिन नबीन

**नयी दिल्ली।** भाजपा के नये अध्यक्ष नितिन नबीन ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी में काम करने वालों के लिये राष्ट्र का हित सबसे ऊपर होता है और व्यक्तिगत हित का स्थान अंत में है। पार्टी के संगठनात्मक चुनाव में सोमवार को निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के बाद श्री नबीन ने आज पार्टी मुख्यालय में औपचारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति में श्री नबीन ने पार्टी के अध्यक्ष के रूप में कार्यकर्ताओं के समक्ष अपने पहले संबोधन में कहा , 'हम ऐसे राजनीतिक दल से जुड़े हैं, जहां...राजनीति सत्ता नहीं, साधना है। राजनीति भोग नहीं, त्याग है। राजनीति ● शेष पेज 11 पर

### पार्टी को नई ऊर्जा व दिशा देंगे नितिन नबीन : योगी

**लखनऊ/ दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में मुख्यमंत्री ने नितिन नबीन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नितिन नबीन के कुशल नेतृत्व, समृद्ध संगठनात्मक अनुभव और दूरदर्शी सोच से भारतीय जनता पार्टी को नई ऊर्जा और नई दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सशक्त करेगी।

# वैश्विक चिंता में सेंसेक्स 1,066 अंक लुढ़का

एजेंसी



### नौ लाख करोड़ रुपये का नुकसान

बाजार में जारी गिरावट के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के निवेशकों की संपत्ति को बड़ा झटका लगा। दिनभर के कारोबार में बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण करीब नौ लाख करोड़ रुपये घट गया। यह गिरावट साल की शुरुआत से जारी कमजोरी को और गहरा करती है। वर्ष की शुरुआत से अब तक बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियां कुल मिलाकर 20 लाख करोड़ से अधिक के मार्केट कैप का नुकसान झेल चुकी हैं।

मुंबई। ग्रीनलैंड मामले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख से मंगलवार को दुनिया के अन्य शेयर बाजारों के साथ घरेलू शेयर बाजारों में भी भारी गिरावट देखी गयी जिससे निवेशकों को 9,43,793 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1065.71 अंक (1.28 प्रतिशत) गिरकर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की निफ्टी-50 सूचकांक भी 353 अंक टूटकर 25,232.50 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का 14 अक्टूबर 2025 के बाद का निचला स्तर है। यह लगातार दूसरा दिन है जब दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहे हैं। सुबह गिरावट में खुलने के बाद सेंसेक्स का ग्राफ लगातार नीचे उतरता गया। एक समय यह 1,236 अंक टूट गया था। ग्रीनलैंड मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कार्रवाई और बयानों से पूरी दुनिया में शेयर बाजारों पर जबरदस्त दबाव रहा। बिकवाली इस कदर हावी रही कि सेंसेक्स की 30 कंपनियों में सिर्फ एचडीएफसी बैंक का शेयर ही हरे निशान में रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में और अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.73 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.85 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। रियलटी सेक्टर का सूचकांक पांच प्रतिशत गिर गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रसायन, ऑटो, आईटी और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांकों में दो से तीन प्रतिशत तक की गिरावट रही। बिकवाली का दबाव इस कदर रहा कि एनएसई में जिन 3,307 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,684 के ● शेष पेज 11 पर

## एटा में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या

एटा। उत्तर प्रदेश में एटा जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या के आरोपियों का अब तक पता नहीं चल सका है। क्षेत्र के नगला प्रेमी सुनहरी नगर में एक ही परिवार के चार लोगों की घर में घुसकर दिन दहाड़े हत्या कर दी गयी थी। मृतकों में डॉ गंगा सिंह शाक्य (70), उनकी पत्नी श्यामा देवी (65),उनके बेटे कमल सिंह की पत्नी रत्ना देवी (40) व रत्ना देवी की बेटी ज्योति (23) शामिल है। तीन लोगों की मौत घर में ही हो गयी थी जबकि गंगा सिंह शाक्य की पत्नी श्यामा देवी ने एटा मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दुस्साहिक वारदात के बाद जहां क्षेत्र में दहशत भरा ● शेष पेज 11 पर

# आज 3793 स्थानों पर 9154 अधिकारी करेंगे मतदाताओं की सुनवाई

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ बुधवार से नोटिस पाने वाले वोटरों की सुनवाई होगी, कुल 1.04 करोड़ लोगों को जारी हुए थे नोटिस

लखनऊ। यूपी की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में 1.04 करोड़ मतदाता ऐसे हैं जिनका मिलान वर्ष 2003 की मतदाता सूची से नहीं हो पाया है। ऐसे मतदाताओं के खुद के नाम, माता-पिता, बाबा-दादी व नाना-नानी के नाम से मिलान न होने पर नोटिस जारी की जा रही है। नोटिस पाने वाले मतदाताओं की सुनवाई बुधवार से शुरू होगी। यूपी में 3793 स्थानों पर मतदाताओं की सुनवाई की जाएगी। 403 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित कुल 9154 अधिकारियों की ड्यूटी सुनवाई के लिए लगाई गई है। दो पृष्ठ की नोटिस मतदाताओं को जारी की गई है। पहले पृष्ठ पर उनके संबंध में जानकारी और दूसरे में क्या-क्या दस्तावेज लगाने हैं यह देना होगा। अगर मतदाता की जन्मतिथि एक जुलाई 1987 से पूर्व की है तो उसे सिर्फ अपने से संबंधित दस्तावेज ● शेष पेज 11 पर

# विधायिका के कामकाज के अनुरूप रियल एआई की जरूरत: हरिवंश

❒ पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में एआई की भूमिका पर रखे विचार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा है कि विधायिका के कामकाज के अनुरूप 'रियल एआई' की जरूरत है और संसदीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विशेष संसदीय एआई टूल विकसित किए जाने चाहिए। एआई का उपयोग विधायी ड्राफ्टिंग, विषयों को सरल भाषा में समझाने, कार्यवाही से जुड़े प्रश्नों के त्वरित उत्तर और दस्तावेजों के विश्लेषण में सहायक के रूप में किया जा सकता है। हालांकि, संवैधानिक मामलों और विशेषाधिकार से जुड़े विषयों में अंतिम निर्णय मानव विवेक से ही होना चाहिए। उपसभापति मंगलवार को अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में विधायिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ● शेष पेज 11 पर




### विधान सभाओं और विधान परिषदों की प्रदर्शन के आधार पर होगी रैंकिंग

**लखनऊ।** देशभर की विधान सभाओं और विधान परिषद के कामकाज को और अधिक दक्ष, जवाबदेह व पारदर्शी बनाया जाएगा। इसके लिए राष्ट्रीय विधायी सूचकांक (एनएलआई) तैयार करने के लिए कार्यकारी समिति बनाई जाएगी। एनएलआई के आधार पर विधान सभाओं और विधान परिषदों की प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग की जाएगी। 86 वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में इस पर सहमति बन गई है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष की मांग पर कार्यकारी समिति बनाने की बात कही है। उत्तर प्रदेश विधानसभा इस बार अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन की मेजबानी कर रही है। तीन दिवसीय इस सम्मलेन के दूसरे दिन मंगलवार को दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने राष्ट्रीय विधायी सूचकांक के बारे में कहा कि इससे विधायिकाएं जनता के प्रति अधिक उत्तरदायी बनेंगी, नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित होगी। इससे देशभर में विधायी प्रक्रियाओं में सुधार आएगा और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर नागरिकों का विश्वास मजबूत होगा। उन्होंने कहा ● शेष पेज 11 पर

## नोएडा में साफ्टवेयर इंजीनियर की मौत का मामला

# हाई लेवल तीन सदस्यीय कमेटी ने शुरू की जांच

एजेंसी

❒ अफसरों से ली जानकारी, कमेटी के सदस्यों ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की

नोएडा। नोएडा के मॉल के बेसमेंट के लिए नोएडा के सेक्टर 150 में खोदे गए गहरे गड्ढे में भरे पानी में कार सहित डूबकर युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की मौत के मामले की जांच के लिए बनाई गई तीन सदस्यीय विशेष जांच टीम ने आज से जांच शुरू कर दी है। मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम ने जांच शुरू की है।

एडीजी भानु भास्कर, मेरठ के मंडलायुक्त भानु चंद्र गोस्वामी, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता अजय वर्मा दोपहर 12 बजे सबसे पहले नोएडा विकास प्राधिकरण के दफ्तर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल की प्रोजेक्ट की फाइल खंगाली, कौन-कौन लोग इसके लिए जिम्मेवार हैं, उसकी जांच की। जांच कमेटी ने नोएडा प्राधिकरण के कई अधिकारियों से बातचीत की तथा उनकी भूमिका और दायित्व के बारे में अपनी जांच को आगे बढ़ाया। कमेटी के सदस्यों ने मृतक के परिजनों से भी मुलाकात की। इसके बाद कमेटी के सदस्य विभिन्न जगहों पर जाएंगे तथा लोगों से बातचीत करेंगे। चर्चा है कि घटनास्थल का निरीक्षण करेंगे और आम जनता के कुछ लोगों से भी बात करेंगे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक तीन सदस्यीय विशेष जांच दल गठित किया है। जांच रिपोर्ट 5 दिन के अंदर तलब की है। उत्तर प्रदेश शासन ने सोमवार को नोएडा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम को उनके पद से हटाकर उन्हें प्रतीक्षारत कर दिया था, अभी तक नोएडा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर किसी की नियुक्ति नहीं हुई है। इसको लेकर भी तरह-तरह की चर्चा है। नोएडा विकास प्राधिकरण के




मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक भी थे। हाल में वह वह विवादों में आए जब मेट्रो रेल के नववर्ष के कैलेंडर में उनकी सितार बजाते हुए तस्वीर छपी थी। हालांकि तब वह कार्रवाई से बच गए थे। और राज्य सरकार ने प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) महेंद्र प्रसाद को हटा दिया था।

इंजीनियर की मौत के मामले में नोएडा पुलिस आज उसकी कार को बेसमेंट के गहरे पानी से हाइड्रा और गोताखोर की मदद से निकाल रही है। मौके पर फायर पुलिस भी मौजूद है। मृतक सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज के पिता की शिकायत पर दो बिल्डरों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थाना नॉलेज पार्क पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। इस घटना को लेकर सेक्टर 150 के आसपास बनी सोसाइटीज के लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों ने इस मामले को लेकर दो दिनों तक सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने नोएडा विकास प्राधिकरण को इस घटना के लिए जिम्मेदार बताया। लोगों का आरोप है कि नोएडा विकास प्राधिकरण की लापरवाही के चलते यह घटना हुई। लोगों के अनुसार ना तो क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगी है, ना ही सड़के ठीक है। इस मामले में नोएडा विकास प्राधिकरण के जेई सहित कुछ अधिकारियों पर कार्रवाई पूर्व में हुई थी, लेकिन सोसाइटी के लोग इससे संतुष्ट नहीं थे। मालूम हो की 17 जनवरी की रात को सेक्टर 150 ● शेष पेज 11 पर

# माघ मेला में पर्यटन की नई उड़ान: स्प्रिचुअल, स्पोर्ट्स और ईको टूरिज्म की सुविधाओं का मेल करा रहा है नेचर वैलनेस सेंटर

❐ श्रद्धालुओं और आगंतुकों का अनुभव यादगार बनाने के लिए मेला प्राधिकरण उन्हें प्रीमियम सुविधाएं प्रदान कर रहा है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के तट पर चल रहे माघ मेले में श्रद्धालुओं और आगंतुकों का अनुभव यादगार बनाने के लिए मेला प्राधिकरण उन्हें प्रीमियम सुविधाएं प्रदान कर रहा है। मेला प्राधिकरण की तरफ से अस्थाई वेलनेस सेंटर का विकास इसी का हिस्सा है, जिसे इंटरनेशनल टूरिस्ट को दी जाने वाली सहूलियत के रूप में देखा जा रहा है।

## आध्यात्मिक अनुभव एवं स्वस्थ जीवन की गतिविधियों का संगम

माघ मेला को धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभूति के साथ सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का माध्यम बनाने के बाद अब इसे स्वस्थ जीवन की गतिविधियों से भी जोड़ा जा रहा है। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है कि माघ मेले को आध्यात्मिक अनुभव के साथ स्वस्थ जीवन की गतिविधियों का साक्षी बनाने के लिए मेला प्राधिकरण की तरफ से अस्थायी वेलनेस सेंटर का भी विकास किया गया है। मेला क्षेत्र के अरैल इलाके में यमुना नदी के तट पर 1.75 हेक्टेयर में कल्पवृक्ष वेलनेस सेंटर का विकास किया गया है। सेंटर में लक्जरी स्टे, वेलनेस और शिक्षा को सम्मिलित किया गया है। इसमें प्रकृति के सानिध्य में आध्यात्मिक अनुभूति के साथ आगंतुक योग, मेडिटेशन और संगीत की अनुभूति भी प्राप्त कर रहे हैं।

## लक्जरी स्टे के साथ योग, मेडिटेशन और संगीत का संगम

इंटरनेशनल टूरिस्ट की आवश्यकताओं को देखते हुए इस वैलनेस सेंटर का विकास किया गया है। सेंटर के प्रभारी विनायक अग्रवाल का कहना है कि वैलनेस सेंटर में वर्ल्ड क्लास स्टे की सुविधा दी जा रही है। सेंटर में 20 महाराजा कोटेज और 05 रजवाड़ा कोटिज बनाई गई हैं, जिसमें स्टे की सभी प्रीमियम सुविधाएं हैं। सामान्य दिनों में एक दिन के लिए यहां महाराजा क्लास के कोटेज के लिए ?7000 और रजवाड़ा क्लास के लिए ?10,000 देने होंगे। सात्विक एवं शाकाहारी भोजन की सुविधा खाना खजाना की तरफ से यहां उपलब्ध है। यमुना के तट पर बने आउटडोर स्पेस में परमार्थ निकेतन के सहयोग से योगा एंड मेडिटेशन के सेशन हो रहे हैं। इसके अलावा मानसिक शांति के लिए हार्टफुलनेस के सेशन भी यहां चलाए जा रहे हैं। प्रकृतिवेदा के साथ मिलकर आयुर्वेदिक हर्बल मसाज और लीच थैरेपी दी जा रही है। शाम को आगंतुकों के मनोरंजन के लिए गीत और संगीत से जुड़े स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां हो रही हैं।

## स्पोर्ट्स टूरिज्म के लिए स्पोर्ट्स एरीना का निर्माण

माघ मेला को इंटीग्रेटेड टूरिज्म का एक मॉडल बनाने का मेला प्रशासन का प्रयास है। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज बताते हैं कि प्रयागराज महाकुंभ 2025 के भव्य आयोजन से वैश्विक पटल पर अपनी खास पहचान बना चुके त्रिवेणी संगम में पर्यटन की सेवाओं को विस्तार देने के लिए इस वैलनेस सेंटर का विकास किया गया है। सेंटर प्रभारी विनायक अग्रवाल बताते हैं कि वैलनेस सेंटर को हेल्थ और स्पिरिचुअलिटी के साथ स्पोर्ट्स टूरिज्म से भी जोड़ा गया है। इसके लिए परिसर के अंदर ही स्पोर्ट्स एरीना का निर्माण किया गया है। इसके लिए साइमंड्स कंपनी के सहयोग से पिकल बॉल गेम के लिए एक कोर्ट का निर्माण किया गया है। पिकल बॉल बच्चों, युवा और बुजुर्गों के लिए तेजी से लोकप्रिय हो रहा गेम है जो कम जगह में आसानी से खेला जा सकता है। विदेश में इसकी लोकप्रियता को देखते हुए इसे यमुना किनारे सेंटर में खेलने के लिए कोर्ट तैयार किया गया है।

# संस्कृति उत्सव 2025-26 की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति, हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव 2025526 की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 20 जनवरी 2026 को प्रातः 10:30 बजे से विकास भवन स्थित सरस सभागार, प्रयागराज में किया गया। प्रतियोगिता में किशोर वर्ग के पंजीकृत प्रतियोगी कलाकारों एवं कलाकार दलों ने सहभागिता की।निर्धारित विधाओं के अंतर्गत गायन (शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय, लोक गायन, सुगम संगीत एवं काव्य पाठ), वादन (स्वर वाद्य, ताल वाद्य, जनजातीय/लोक वाद्य) तथा नृत्य (शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, लोक नाट्य) में कुल 21 प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियाँ दीं।एकल नाट्य विधा में सान्वी बसु को प्रथम, नंदिनी पाठक को द्वितीय तथा शौम्य को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को अशोक कुमार गुप्ता, डीसीएफ्एनआरएलएम, प्रयागराज द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। चयनित विजेता अब मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। मंडल स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को लखनऊ में प्रस्तुति हेतु प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शांति प्रिया, सुश्री अनुभुति दीक्षित, अभयराज यादव एवं गुलाम सरवर (पांडुलिपि अधिकारी) शामिल रहे, जिनके द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन एवं चयन किया गया।कार्यक्रम का संयोजन गुलाम सरवर, प्रभारी संस्कृति विभाग, प्रयागराज द्वारा तथा संचालन हरिश्चंद्र दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राकेश कुमार वर्मा (प्राविधिक सहायक), रोशन लाल (वरिष्ठ सहायक), अजय कुमार (कनिष्ठ सहायक), अभिषेक कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बछरावां के व्यापारियों ने जीएसटी विभाग की नोटिस का किया विरोध



**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बछरावां से संदीप बंसल राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश अनुसार व्यापारियों की समस्याएं जैसे जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों को अनावश्यक नोटिस भेजना सर्राफा व्यवसाईयों को शस्त्र लाइसेंस दिलाना व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर जहां पर पानी का कोई काम नहीं है। वहां पर पानी का बिल भेजना व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ को लेकर सभी जनपदों में मासिक बैठकर आयोजित कर समय पर समस्याओं का निस्तारण करना सैंपलिंग के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न करना आदि समस्याओं को लेकर विधायक श्याम सुंदर जी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित प्रदेश युवा उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता व्यापार मंडल अध्यक्ष ओमिक सोनी महामंत्री अमित वर्मा उपाध्यक्ष भूपेश कुशवाहा युवा महामंत्री अनूप वर्मा महामंत्री संदीप मौर्य उपाध्यक्ष राकेश सोनी संगठन मंत्री राहुल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## विचाराधीन बंदी की मृत्यु की जाँच में साक्ष्य/बयान 30 जनवरी तक आमंत्रित

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सचिव/अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज ने जानकारी दी है कि जांच अधिकारी/विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा सूचित किया गया है कि विचाराधीन बंदी अशोक उर्फ दरोगा (पुत्र अमरनाथ, उम्र लगभग 45 वर्ष), निवासी काली महाल चतुर्भजपुर, थाना मुगलसराय, जनपद चंदौली (उ.प्र.) की दिनांक 24 अप्रैल 2023 को रात्रि 08:47 बजे स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय, प्रयागराज में हुई मृत्यु की जाँच जाँच सं. 01/2023 न्यायालय में विचाराधीन है।इस प्रकरण के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अपना साक्ष्य/बयान देना चाहता है, तो वह किसी भी कार्यदिवस में जांच न्यायालय/न्यायालय विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रयागराज में उपस्थित होकर दिनांक 30 जनवरी 2026 से पूर्व अपना बयान दर्ज करा सकता।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) को जनपद में हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह ने संगम सभागार में संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि जनपद के सभी कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों में गणतंत्र दिवस मनाने हेतु समस्त तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि इस अवसर पर छात्र–छात्राओं को गणतंत्र दिवस के इतिहास एवं महत्व से अवगत कराने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।उन्होंने अपर नगर आयुक्त, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा नगर पालिका/नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में जहां भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित हैं, वहां समुचित साफ–सफाई की व्यवस्था कराते हुए प्रतिमाओं पर माल्यार्पण सुनिश्चित किया जाए।नगर मजिस्ट्रेट ने सभी तहसीलों एवं ब्लॉक मुख्यालयों पर साफ–सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा अपने–अपने क्षेत्रों में उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों द्वारा विविध सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित कराए जाने के निर्देश भी दिए।बैठक में अपर नगर आयुक्त, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित जिला अपराध निरोधक समिति, सिविल डिफेंस एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## यूपी मे ंआरटीई के तहत मुफ्त दाखिले के लिए आवेदन 2 फरवरी से, 6.80 लाख सीटें उपलब्ध

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE) के तहत मुफ्त दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 2 फरवरी से शुरू होगी। यह प्रक्रिया तीन चरणों में 29 मार्च तक चलेगी।प्रदेश के करीब 68 हजार निजी स्कूलों में गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए 6.80 लाख सीटें निर्धारित की गई हैं। सभी आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से किए जाएंगे।अभिभावक https://rte25.upsdc.gov.in वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। दाखिले के लिए 18 फरवरी को लॉटरी निकाली जाएगी, जिसके आधार पर बच्चों का चयन किया जाएगा।आरटीई के तहत चयनित बच्चों को निजी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा की सुविधा मिलेगी।

## नगराम में सस्ते गल्ले की दुकान पर बड़ा खुलासा , 50 कुंतल से अधिक चावल व 52 कुंतल गेहूं की कालाबाजारी का आरोप

'**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना नगराम क्षेत्र में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से जुड़ा बड़ा मामला सामने आया है। आपूर्ति विभाग की शिकायत पर पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना प्रभारी विवेक चौधरी के अनुसार मंगलवार को पूर्ति निरीक्षक ब्लॉक मोहनलालगंज सूर्यनाथ द्वारा थाना नगराम में तहरीर दी गई। तहरीर में आरोप लगाया गया कि स्वर्गीय अनुपम कुमार श्रीवास्तव की वैध उत्तराधिकारी ममता श्रीवास्तव, निवासी ब्राह्मण टोला कस्बा नगराम, द्वारा सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से 50.557 कुंतल चावल एवं 52.993 कुंतल गेहूं की अवैध रूप से कालाबाजारी की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। नगर पंचायत नगराम में सरकारी गल्ले की दुकान बताया गया । थाना प्रभारी के निर्देश पर मामले की विवेचना वरिष्ठ उप निरीक्षक उमाशंकर सिंह को सौंपी गई है। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, जबकि पुलिस द्वारा अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही जारी है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और सस्ते गल्ले की दुकानों की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

## मोटरसाइकिलों की भिड़ंत के बाद घायल पड़े युवक को अनियंत्रित डंपर ने मारी टक्कर मौत

**रायबरेली।** आमने–सामने दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत के बाद सड़क पर घायल पड़े युवक को तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा–तफरी मच गई और भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए।जानकारी के अनुसार मामला डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के राधा बालमपुर गांव का है। गांव निवासी संदीप और प्रदीप मंगलवार को करीब 3 बजे मोटरसाइकिल से मुराईबाग जा रहे थे। जैसे ही वे डलमऊऽरायबरेली मार्ग पर चौदह मील के रामबक्स सिंह स्मृति शिक्षा निकेतन स्कूल के पास पहुंचे, सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक डंपर ने सड़क पर पड़े प्रदीप को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# बीआरसी रोहनिया में बीईओ एच एम बैठक हुई सम्पन्न




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। बी आर सी रोहनिया पर खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश यादव की अध्यक्षता में विकास क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के साथ बैठक संपन्न हुई। जिसमें उल्लास ऐप पर असाक्षरों को चिन्हित करते हुए पंजीकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसकी परीक्षा माह मार्च ने संभावित है, निपुण भारत मिशन पर चर्चा जिसमें 27 जनवरी से विद्यालयों का निपुण आकलन प्रारंभ होगा, यू डाइस पोर्टल, डीबीटी ऐप से संबंधित एवं अटल आवासीय विद्यालय लखनऊ में कक्षा 6 एवं 9 में प्रवेश परीक्षा नामांकन हेतु श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों से संपर्क करने के निर्देश दिए गए , प्रत्येक शिक्षक द्वारा कर्मयोगी पोर्टल पर प्रशिक्षण पूर्ण करने के निर्देश दिए गए ।

# उमरन में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम में सासंद राहुल गांधी का राजा माहे पासी की प्रतिमा एवं अंग वस्त्र देकर किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




ऊँचाहार, रायबरेली। उमरन में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम में सासंद राहुल गांधी को अतुल सिंह ने राजा माहे पासी कि प्रतिमा एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया इस मनरेगा बचाओ कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा आरएसएस और नरेंद्र मोदी अंबेडकर और संविधान की सोच को मिटाना चाहते हैं। गांधी जी की सोच को मिटाना चाहते हैं।

आजादी से पहले जैसा हिंदुस्तान था, वैसा ही हिंदुस्तान आज भी है। जमीन छीनी जा रही है, आपके सारे हक छीने जा रहे हैं। योजनाएं छीनी जा रही हैं। योजना और उनका पैसा अदानी व अंबानी को दिया जा रहा है। आपकी जमीन अदानी और अंबानी के हवाले की जा रही है। आप भुखमरी की ओर खड़े दिखाई दे रहे हैं। हिंदुस्तान की सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। किसानों और मजदूरों की सरकार नहीं है। इस देश को अदानी और अंबानी की सरकार से कोई फायदा नहीं होने वाला है। मनरेगा के मजदूर यहां आए हैं, आपको घबराना नहीं है। कांग्रेस पार्टी आपके साथ खड़ी है। हम केंद्र सरकार की योजना को सफल नहीं होने देंगे। मंच पर उपस्थित सांसद केएल शर्मा ने मनरेगा नाम बदलने पर साधा निशाना कहा- महात्मा गांधी की आत्मा को ठेस पहुंचाने के लिए बदला नाम गया है । सासंद ने कहा हम सभी कांग्रेस पार्टी आदरणीय राहुल गांधी जी के साथ है पूरे प्रदेश में मनरेगा बचाओ समिति के तहत पूरे प्रदेश में जागरूकता अभियान चलाएगी। दूसरी ओर मंच पर मौजूद अतुल सिंह ने कहा मनरेगा मजदूर सभी हम सब एक साथ हैं मनरेगा योजना बचाने के लिए हम सभी एक साथ हैं मनरेगा योजना गरीब और कमजोर तबके के लिए वरदान साबित हुई थी, लेकिन मोदी सरकार ने मनरेगा (राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) में बदलाव कर गरीबों के आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचाया हैम्इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, विजय शंकर अग्निहोत्री,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह,पूर्व विधायक अजयपाल सिंह,सुशील पासी, प्रमेन्द्र पाल गुलाटी,शिवानंद मौर्या,ज्योति पासी, अनिरुद्ध दीक्षित,केदार नाथ सिंह, शैलेन्द्र सिंह, रणजीत सिंह,शाजू नकवी आदि हजारो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सिथौली, ग्वालियर और बिरलानगर खंड में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली

❐ यात्रियों को मिलेगा अधिक सुरक्षित व समयबद्ध रेल संचालन का लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । उत्तर मध्य रेलवे के रेल संरक्षा एवं परिचालन दक्षता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सिथौली, ग्वालियर व बिरलानगर खंड में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली का सफलता पूर्वक कमीशन किया गया है। यह कार्य महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन में, प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता श्री सतेंद्र कुमार तथा झाँसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

ऑटोमैटिक सिग्नलिंग लागू होने से अब ट्रेनें कम दूरी पर भी सुरक्षित रूप से चलाई जा सकेंगी, जिससे लाइन क्षमता बढ़ेगी और ट्रेनों की समयबद्धता में उल्लेखनीय सुधार होगा। मानवीय त्रुटियों की संभावना घटने से यात्रियों की सुरक्षा और अधिक सुनिश्चित होगी।परियोजना के अंतर्गत एक ही दिन में तीन ब्लॉक सेक्शन चालू किए गए। सिथौली, ग्वालियर एवं बिरलानगर स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली का उन्नयन किया गया है।

खंड में 49 अत्याधुनिक ख्र्ट्टक्ष्ए ट्रैक डिटेक्शन उपकरण लगाए गए हैं तथा 16 सिग्नलों को चार-पहलू वाला बनाया गया है, जिससे लोको पायलट को स्पष्ट संकेत मिल सकें।वर्तमान वित्तीय वर्ष में झाँसी मंडल के दिल्लीऽचेन्नई मेन लाइन पर 14 ब्लॉक सेक्शन (104.15 किमी) ऑटोमैटिक सिग्नलिंग के अंतर्गत चालू हो चुके हैं। प्रोजेक्ट यूनिट झाँसी द्वारा देलवाड़ा से मुरैना तक 218 किमी खंड को पूर्ण रूप से ऑटोमैटिक सिग्नलिंग में परिवर्तित किया जा चुका है। मुरैना, सिकरोदा, हितमपुर सेक्शन फरवरी 2026 तथा देलवाड़ाऽललितपुरऽजीरोन सेक्शन मार्च 2026 तक पूर्ण करने की योजना है।उत्तर मध्य रेलवे की यह पहल यात्रियों को अधिक सुरक्षित, समयबद्ध और विश्वसनीय रेल यात्रा अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# ज्योतिष्पीठ शंकराचार्य विवाद: 'शंकराचार्य' लिखने पर कोई रोक नहीं, केवल पट्टाभिषेक पर रोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। मौनी अमावस्या के अवसर पर संगम स्नान से रोके जाने तथा संतों के साथ कथित मारपीट के विरोध में जगद्गुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के धरने के बीच अब यह मामला कानूनी रूप से और गहराता जा रहा है। इसी क्रम में प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा 'शंकराचार्य' शब्द के प्रयोग को लेकर जारी नोटिस पर उनके अधिवक्ता ने कड़ा जवाब दिया है।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अधिवक्ता पी.एन. मिश्र ने मेला प्राधिकरण को दिए गए प्रत्युत्तर में स्पष्ट किया है कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने केवल पट्टाभिषेक (Coronation) की प्रक्रिया पर रोक लगाई है, न कि 'ज्योतिष्पीठ का शंकराचार्य' लिखने या इस पदनाम के प्रयोग पर। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश की गलत व्याख्या कर प्रशासन अनावश्यक आपत्ति जता रहा है।अधिवक्ता ने यह भी बताया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के शिष्य हैं। उनके गुरु द्वारा जीवनकाल में उनके पक्ष में एक पंजीकृत वसीयत की गई थी। इसी वसीयत और सनातन परंपराओं के आधार पर वह स्वयं को ज्योतिष्पीठ का शंकराचार्य कहते हैं और उसी अनुरूप इस संबोधन का प्रयोग कर रहे हैं।विवाद की पृष्ठभूमिमामला उस समय तूल पकड़ गया जब मेला प्रशासन ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के 'शंकराचार्य' संबोधन पर आपत्ति जताते हुए नोटिस जारी किया। वहीं, संत समाज का आरोप है कि प्रशासन द्वारा उन्हें धार्मिक अनुष्ठानों और संगम स्नान से रोकना उनके धार्मिक अधिकारों का हनन है।मुख्य बिंदुअधिवक्ता पी.एन. मिश्र के अनुसार, पट्टाभिषेक पर रोक का अर्थ यह नहीं है कि पद के नाम या संबोधन के प्रयोग पर भी प्रतिबंध है, विशेषकर तब जब उत्तराधिकार एक कानूनी वसीयत और धार्मिक परंपराओं से समर्थित हो।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

❐ सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिंग पर जिलाधिकारी की कड़ी नाराजगी, सुधार के निर्देश फैमिली आईडी निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने के आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की खराब रैंकिंग पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों की नियमित समीक्षा कर रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए।

जिन विभागों की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर बी, सी एवं डी श्रेणी की रैंकिंग है, उनके अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करते हुए शीघ्र सुधार के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक विभाग अपने स्तर पर लंबित प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा सुनिश्चित करे।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराए जाएं।निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जो परियोजनाएं समयसीमा के भीतर हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए। जिन परियोजनाओं में समय विस्तार या अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है, उनके लिए उचित कारणों सहित प्रस्ताव भेजे जाएं। जो परियोजनाएं व्यावहारिक रूप से पूर्ण नहीं की जा सकतीं, उन्हें डैशबोर्ड से हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सी एवं डी श्रेणी वाले विभागों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए।विकास कार्यों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने पीएम सूर्यघर योजना में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने को कहा। पीओ नेडा को अन्य विभागों एवं वेंडरों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा खंड विकास अधिकारियों के समन्वय से अधिक से अधिक सोलर कनेक्शन कराए जाने के निर्देश दिए गए। विद्युत नोडल को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए गए।अल्पसंख्यक कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं समाज कल्याण विभाग की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं में खराब रैंकिंग पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शिक्षण संस्थानों के साथ बैठक कर सुधार के निर्देश दिए गए।

## रायबरेली प्रीमियर लीग का भव्य शुभारंभ

रायबरेली। विकास कंस्ट्रक्शन कंपनी व यूथ स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा आयोजित रायबरेली प्रीमियर लीग टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथिसांसद रायबरेली राहुल गांधी व सांसद अमेठी श्री किशोरीलाल शर्मा के कर कमलों से हुआमुख्य अतिथि का स्वागत यूथ स्पोर्ट्स अकादमी के सचिव सिविलरावत ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया व विकास सिंह द्वारा मुख्यातिथि का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया टूर्नामेंट का पहला मैच नगरपालिका एकादश व मुसीर दबंग के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि राहुल गांधी ने सिक्का उछाल कर टॉस कराया।टॉस जीतकर मुसीर दबंग ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया वहीं बल्लेबाजी का न्योता मिलने वाली नगरपालिका एकादश ने परिपक्व खेल का प्रदर्शन करते हुए अनुज परिहार 36 गेंद खेलकर ताबड़तोड़ 83 रन बनाए वही उनका साथ देने उतरे। अंकुर शुक्ला ने 16 गेंदों पर 39 रनों की तेज तर्रार पारी खेली।सुंदरम के 28 रनों से नगरपालिका एकादश ने सात विकेट खोकर 190 रनों का विशाल लक्ष्य दिया मुसीर दबंग की ओर से सब विजेंद्र ने 17 रन खर्च कर 2 विकेट लिए वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुसीर दबंग की टीम मुसीर दबंग की टीम 143 रन ही बना सकी।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **10.02.2026** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00802026 दिनांक 19.01.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | 33-SrDEN-I-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम : सहायक मंडल इंजीनियर–प्रथम/लखनऊ के खंड में आलमनगर–उतरेटिया बाईपास खंड पर स्थित पुल संख्या 13 एवं 59 का पुनर्वास कार्य जिसमें चिनाई की जैकेटिंग तथा बेड ब्लॉक का प्रतिस्थापन शामिल है। | |
| 4 | अनुमानित लागत | रु० 1,63,55,966.20 |
| 5 | धरोहर राशि | रु० 231800.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 27.01.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 10.02.2026 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट :– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 207/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# व्यापारी सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह

- उत्तर प्रदेश आदर्श टेंट कैटरिंग एवं डेकोरेशन व्यापार मण्डल, लखनऊ नगर इकाई का हुआ विस्तार
- टेंट, कैटरिंग एवं डेकोरेशन क्षेत्र के व्यापारी सबके सम्मान की रक्षा करते हैं, उनके हितो की रक्षा करेगा उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल : संजय गुप्ता




**कैनविज टाइम्स संवाददात**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की इकाई ''उत्तर प्रदेश आदर्श टेन्ट, केटरिंग एवं डेकोरेशन व्यापार मंडल, लखनऊ इकाई '' के तत्वाधान में राजधानी के सर्वोदय नगर स्थित रौनक गेस्ट हाउस में ''व्यापारी सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह '' का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर कमेटी का विस्तार किया गया एवं कमेटी के पदाधिकारियों को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्त द्वारा व्यापारियों की सेवा एवं सहायता तथा मान सम्मान स्वाभिमान की रक्षा करने की शपथ दिलाई गई व्यापारी सम्मेलन मे प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के सामने टेंट, कैटरिंग एवं डेकोरेशन क्षेत्र के व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को उठाया टेंट एवं कैटरिंग व्यापारियों ने मुख्य रूप से एलडीए एवं नगर निगम के कार्यक्रम स्थलों को निजी हाथों में दिए जाने के कारण ,एकाधिकार व्यवस्था बन जाने के कारण छोटे एवं मझौले व्यापारियों के सामने व्यापार के अवसर न मिलने का विषय प्रमुखता से उठाया व्यापारियों ने सम्मेलन में कहा सरकारी स्थलों को निजी हाथों में सौंपने के कारण जनता को भी कैटरिंग एवं टेंट महंगा मिल रहा है तथा छोटे एंव मोझोले टेंट केटरिंग कारोबारियों को रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे है। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने उपस्थित सभी व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल टेंट कैटरिंग एवं डेकोरेशन क्षेत्र के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा

उन्होंने कहा जन्म से लेकर मृत्यु तक टेंट एवं कैटरिंग व्यवसायियों की उपयोगिता रहती है तथा अपने व्यवसाय के माध्यम से टेंट कैटरिंग एवं डेकोरेशन क्षेत्र के व्यापारी सभी के मान सम्मान की रक्षा करते हैं उन्होंने कहा टेंट, कैटरिंग एवं डेकोरेशन क्षेत्र के व्यापारियों के सम्मान की रक्षा की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की है। उन्होंने सभी व्यापारियों से एकजुट रहने तथा संगठन को मजबूत करने को कहा तथा प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता की उपस्थिति मे कमेंटी का विस्तार भी किया गया।

शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने राघवेन्द्र चौधरी को चेयरमैन, जितेन्द्र चौरसिया( रज्जू भय्या)- को कोचेयरमैन, संतोष गुप्ता को नगर अध्यक्ष , शिव बहादुर सिंह एवं नासिर इकबाल को वरिष्ठ महामंत्री , किशोर जायसवाल एवं मोहित कुमार को महामंत्री , आयुष पांडेय को कोषाध्यक्ष ,संजीव सिंह ,प्रताप सिंह एवं मन्ना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पी के गोपाल ,संदीप कुमार एवं वीरू साहू को उपाध्यक्ष,पवन कश्यप, जितेंद्र कुमार, तेजू,,वीरेंद्र साहू को संगठन मंत्री,मोनू निगम,मनोज,सनी,रंजीत,दानिश को मंत्री तथा अजय कुमार को प्रचार मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इसके अतिरिक माती बाजार के प्रभारी के पद पर आशीष वर्मा, सैदापुर बाजार के प्रभारी के पद पर संदीप कुमार यादव, सुरेश यादव को तकरोही बाजार के प्रभारी, बाबू को चिनहत बजार के प्रभारी पद की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर संगठन के प्रदेश प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल,संसदीय महामंत्री सुहेल हैदर अल्वी ,ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे, ट्रांस गोमतीअध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, नगर उपाध्यक्ष मुहम्मद रिजवान,प्रदेश उपाध्यक्ष सतनाम सिंह ,नगर उपाध्यक्ष,मो फुरकान,मसीउज्ज जमा गांधी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सेवा और संवेदना की मिसाल बनी पतंजलि योग समिति



- ठिठुरते जरूरतमंदों तक पहुंचे कंबल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नगराम, लखनऊ । भीषण ठंड के बीच पतंजलि योग समिति गंगा गंज द्वारा मानवता की मिसाल पेश की जा रही है। समिति के तत्वावधान में क्षेत्र के गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर उन्हें ठंड से राहत पहुंचाई जा रही है।? पतंजलि योग समिति गंगा गंज के अध्यक्ष नागेश कुमार ने बताया कि समिति के सक्रिय सदस्य अनिल कुमार वर्मा द्वारा जरूरतमंदों को चिन्हित कर सैकड़ों लोगों तक कंबल पहुंचाए गए हैं। इस सेवा कार्य से ठंड में ठिठुर रहे लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौटी है। स्थानीय लोगों ने समिति के इस पुनीत कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक प्रयास समाज में सहयोग, करुणा और सेवा भावना को मजबूत करते हैं। पतंजलि योग समिति का यह अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रखने की बात कही गई है।

# मोहनलालगंज पुलिस ने तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

- चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




मोहनलालगंज, लखनऊ । थाना मोहनलालगंज पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मोटरसाइकिल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक अन्य मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है।

मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के हरिकंश गढ़ी चौकी प्रभारी साजिद अली ने बताया कि बीते रविवार को कमल किशोर निवासी धोधन खेड़ा, थाना सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ की HF डीलक्स मोटरसाइकिल संख्या UP 32 KT 9580 विद्या हॉस्पिटल, हरिकंश गढ़ी के बाहर से चोरी हो गई थी। पीड़ित की तहरीर पर थाना मोहनलालगंज में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना के शीघ्र अनावरण के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया।पुलिस टीम सोमवार की रात गोपालखेड़ा पुल, रायबरेली रोड के पास संदिग्धों की तलाश में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि डलौना रेलवे क्रासिंग के पास किसान पथ पुल के नीचे तीन व्यक्ति दो मोटरसाइकिलों के साथ खड़े हैं, जिनमें से एक मोटरसाइकिल विद्या हॉस्पिटल से चोरी की गई है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर समय करीब 7:45 बजे तीनों अभियुक्तों को डलौना रेलवे क्रासिंग, किसान पथ पुल के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गई HF डीलक्स मोटरसाइकिल संख्या ठछ 32 KT 9580 बरामद की, जिसकी पहचान वादी मुकदमा द्वारा मौके पर की गई। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि नशे की लत और आर्थिक तंगी के चलते उन्होंने योजना बनाकर मोटरसाइकिल चोरी की थी और उसे बेचने की फिराक में थे। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी मजदूरी का काम करते हैं। गिरफ्तार अभियुक्त मनीष पाल के खिलाफ हुसैनगंज, पीजीआई, बीबीडी और मोहनलालगंज थाने में एक-एक मुकदमा पूर्व से दर्ज है। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है।

# महिला यात्रियों को स्टे और इंटरसिटी बस बुकिंग में भरोसे के साथ निर्णय लेने में मदद कर रही ट्रैवल कंपनी मेक माय ट्रिप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमायट्रिप तकनीकी और यूज़र द्वारा साझा की गई जानकारियों का उपयोग करते हुए महिला यात्रियों को स्टे और इंटरसिटी बस बुकिंग के दौरान अधिक भरोसे के साथ निर्णय लेने में मदद कर रही है। मेकमायट्रिप के को-फाउंडर और ग्रुप सीईओ राजेश मागो ने कहा कि महिलाएं अपनी यात्रा की योजना बनाते समय पहले से ही बेहद सतर्क रहती हैं।

प्लेटफॉर्म पर दिख रहे बुकिंग पैटर्न से पता चलता है, हम अपने विशाल डेटा भंडार और एआई की शक्ति से इस योजना प्रक्रिया को उनके लिए आसान बनाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि वे पूरी जानकारी के आधार पर निर्णय ले सकें। महिलाएँ पुरुषों की तुलना में कम से कम 15 दिन पहले 50 प्रतिशत अधिक स्टे बुक कर रही हैं और प्रीमियम व ब्रांडेड प्रॉपर्टीज़ के प्रति उनकी पसंद 16 प्रतिशत अधिक देखी गई है। जैसे-जैसे महिला यात्री टियर-1 से टियर-3 शहरों की ओर बढ़ती हैं, यह पसंद और भी स्पष्ट हो जाती है, जहाँ ब्रांडेड स्टे उनके लिए भरोसे का मानक बन जाते हैं। एआई केवल महिला यात्रियों द्वारा की गई यात्राओं से जुड़े रिव्यू की पहचान करता है और उन्हें समय की पाबंदी, सुरक्षा और साफ़ सफाई जैसे प्रमुख सरोकारों के आधार पर फ़िल्टर करता है। प्रत्येक विशेषता को एक सेंटिमेंट टैग दिया जाता है, जिससे महिलाएँ फीडबैक का तेज़ी से आकलन कर पाती हैं और अधिक भरोसे के साथ निर्णय ले सकती हैं। जब कोई महिला डबल बर्थ के एक हिस्से की बुकिंग करती है, तो उससे सटी हुई बर्थ अपने आप केवल महिलाओं के लिए सीमित कर दी जाती है, ताकि अजनबी पुरुषों के बगल में बैठने की असहजता से बचा जा सके। यह व्यवस्था खास तौर पर रात की या लंबी दूरी की यात्राओं के दौरान निश्चिंतता की एक अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करती है।

## सहकारी समिति बैंक अध्यक्ष पद हेतु तहसीलदार के समक्ष नामांकन किया प्रस्तुत



**बीकेटी, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बख्शी तालाब स्थित सहकारी समिति बैंक में अध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को प्रत्याशी दिवाकर सिंह चौहान ने सैकड़ों साथियों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया गया,नामांकन निर्धारित समय के भीतर तहसीलदर बख्शी का तालाब के समक्ष प्रस्तुत किया गया,जिसे जांच उपरांत वैध पाया गया,इस अवसर पर बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला,पूर्व ज़िला अध्यक्ष दिनेश तिवारी,राम निवास यादव,वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष सिंह,अवधेश अवस्थी,पूर्व मंडल अध्यक्ष बीकेटी गौरव सिंह,सुधाकर अवस्थी सहित भारतीय जनता पार्टी के तमाम पदाधिकारी भारी संख्या में मौजूद रहे।चुनाव को लेकर समिति के सदस्यों में उत्साह देखा जा रहा है।अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर बैंक परिसर में भी चर्चा का माहौल बना हुआ था।

## भूमि विकास बैंक शाखा सदर के शाखा प्रतिनिधि के पद के लिये डा. विवेक सिंह ने किया नामांकन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भूमि विकास बैंक शाखा सदर लखनऊ की शाखा प्रतिनिधि के पद के लिये डॉ विवेक सिंह तोमर उपाध्यक्ष लखनऊ महानगर नामांकन किया । इस अवसर पर डॉ विवेक सिंह तोमर ने कहा जनता की सेवा करना ही हमारा परम धर्म है प्रदेश में योगी सरकार किसानों महिलाओं नौजवानों के लिए अनेक जनकल्याणकारी कार्य कर रही है इस अवसर पर लखनऊ महानगर के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि आज प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है जिसका विकास ना हो रहा हो उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता के विश्वास पर खड़ी उतर रही है इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा उमेश सिंह ने कहा की जनता का काम ही हमारे लिए सर्वोपरि है आज पूरे प्रदेश में व्यापारियों किसानों नौजवानों महिलाओं के हितों के लिए अनेक जनकल्याणकारी कार्य किया जा रहे हैं उन्होंने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दास मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक ही मकसद है कि देश का हर नागरिक हर मोर्चे पर आगे बढ़े इस अवसर पर प्रमुख रूप से लखनऊ उत्तर से विधायक डॉक्टर नीरज बोरा, लखनऊ पूर्व से विधायक ओ.पी श्रीवास्तव, सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान, हैफ़ेड के अध्यक्ष नवलेश प्रताप सिंह जी, पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश सिंह सुरेश प्रताप सिंह चौहान प्रदेश सदस्य किसान मोर्चा, अंजनी श्रीवास्तव, हर शरण लाल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट में राहुल इलेवन का तूफान, चुरुवा 39 पर ढेर, 9 विकेट से धमाकेदार जीत



**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शेखपुर दखिना टोल प्लाजा के समीप आयोजित आठवें भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम लीग मुकाबले में राहुल इलेवन जरौली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चुरुवा टीम को एकतरफा मुकाबले में करारी शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला राहुल इलेवन के लिए पूरी तरह सही साबित हुआ।? चुरुवा की टीम राहुल इलेवन के घातक गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम महज 39 रनों पर सिमट गई। गेंदबाजी में पोखर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार विकेट चटकाए और विपक्षी बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी राहुल की टीम ने बिना किसी दबाव के आक्रामक खेल दिखाया और मात्र 4.3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए पोखर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के दौरान बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे। आयोजक अनमोल तिवारी ने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतरीन मंच प्रदान करते हैं। राहुल इलेवन की इस जीत से टूर्नामेंट में उनकी मजबूत दावेदारी और भी पुख्ता हो गई।

## स्काईवॉक, मेट्रो से होगा सीधा कनेक्शन

**लखनऊ, कैनबीज टाइम्स संवाददाता।** चारबाग रेलवे स्टेशन के अपग्रेडेशन के तहत यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे दो नए स्काईवॉक बनाने जा रहा है। इन स्काईवॉक के जरिए चारबाग स्टेशन को सीधे मेट्रो से जोड़ा जाएगा।पहला स्काईवॉक ऑफिसर्स रेस्ट हाउस के पास बनेगा, जिसकी लंबाई लगभग 800 मीटर होगी। वहीं दूसरा स्काईवॉक गांधी उद्यान से स्टेशन तक बनाया जाएगा, जिसकी लंबाई करीब 500 मीटर प्रस्तावित है।दोनों स्काईवॉक के निर्माण पर करीब 15 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस परियोजना की विस्तृत रिपोर्ट रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण (टख्रक्इ) द्वारा तैयार की जाएगी।स्काईवॉक बनने से चारबाग रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की आवाजाही और अधिक सुगम हो जाएगी।

# 37 जिताएंगे 2027, बनाएंगे पीडीए सरकार : अखिलेश यादव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को पार्टी के सभी सांसदों के साथ एक बड़ी बैठक की। प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में सांसदों के साथ बैठक करते हुए अखिलेश ने 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों और रणनीति पर मंथन किया। पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि पीडीए को मजबूत करते हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर अहम चर्चा की।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उप्र में होने वाले विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर पहली बैठक आज 37 लोकसभा और 4 राज्यसभा सांसदों के साथ की। उन्होंने इस दौरान सांसदों से अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों की विधानसभा सीटों की रिपोर्ट ली। इसमें विधानसभा प्रत्याशियों के चयन करने को लेकर मंथन किया और चुनाव को लेकर सीटों की रिपोर्ट पर चर्चा की। अखिलेश ने सांसदों से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की रिपोर्ट ली गई। इसमें किस संसदीय क्षेत्र में चुनाव आयोग के मुताबिक दी गई रिपोर्ट में कितने मतदाताओं के नाम कम हुए, उस पर अहम रणनीति बनाई गई।

बैठक के बाद सपा अध्यक्ष ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि सैंतीस जिताएंगे सत्ताइस, हम मिलकर पीडीए सरकार बनवाएंगे। पीडीए का परचम पूरे देश में लहराएंगे। अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि आज की बैठक में हमें पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। मौजूदा में पीडीए के लोगों को परेशान किया जा रहा है। इसी नारे के साथ हम 2027 में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए की सरकार बनानी है। इससे इस राज्य के किसानों, शिक्षकों और युवाओं को फायदा होगा।

# विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से की शिष्टाचार भेंट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मंगलवार को राजभवन, लखनऊ में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। यह मुलाक़ात उस अवसर पर हुई जब लोकसभा अध्यक्ष 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (AIPOC) में भाग लेने के लिए लखनऊ में हैं।

इस मुलाकात की जानकारी देते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि ओम बिरला जी के नेतृत्व में लोकसभा ने विधायी उत्पादकता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। सदन में समय का कुशल प्रबंधन, विधेयकों का त्वरित एवं सुव्यवस्थित पारित होना तथा बहसों में गहनता और संतुलन ये सभी उनके सर्वसमावेशी, नियम-आधारित और परिणामोन्मुख नेतृत्व के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं।डॉ. सिंह ने आगे उल्लेख किया कि लोकसभा अध्यक्ष के कार्यकाल में डिजिटल संसद की अवधारणा को साकार करते हुए ई-पार्लियामेंट, पेपरलेस कार्यप्रणाली, इक्र-सक्षम बहुभाषी अनुवाद, वास्तविक समय में ट्रांसक्रिप्शन तथा समेकित डिजिटल डेटाबेस जैसी क्रांतिकारी पहलें लागू की गईं, जिनसे संसद अधिक पारदर्शी, समावेशी, सुलभ और जवाबदेह बनी है।

# अतिक्रमण के विरुद्ध नगर निगम अभियान, कई क्षेत्रों में सड़कें व सार्वजनिक स्थल कराए गए मुक्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । नगर निगम लखनऊ ने शहर में लगातार बढ़ते अतिक्रमण और उससे उत्पन्न यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को एक सघन और बहुस्तरीय अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर विभिन्न जोनों में एक साथ की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों, पार्कों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर आम नागरिकों को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है।

नगर निगम द्वारा यह अभियान जोन-3 में जोनल अधिकारी आकाश कुमार के निर्देशन में 296 टीम के सहयोग से ध्येय कोचिंग के सामने से सेक्टर-के, अलीगंज तक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क किनारे और फुटपाथ पर अवैध रूप से लगाई गई लगभग 4 चाय की दुकानें और 1 पान की गुमटी हटाई गई। इसके साथ ही 2 लोहे की गुमटियां, 16 छोटी कुर्सियां, 2 बड़ी कुर्सियां, 1 लोहे का फ्रेम, 1 गैस सिलेंडर तथा 10 स्टूल जब्त किए गए। इस कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकर्ताओं से 3000 का जुर्माना भी वसूला गया। इसी क्रम में जोन-6 में जोनल अधिकारी अमरजीत यादव के नेतृत्व में वार्ड भवानीगंज के न्यू नक्लास मार्केट क्षेत्र में अभियान चलाया गया। मिनी ट्यूबवेल के पास स्थित पार्क और सफ़ेद मस्जिद चौराहे के आसपास अवैध रूप से किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान 18 ठेले, 10 काउंटर और 40 अस्थायी दुकानों को हटवाया गया। साथ ही 2 लोहे की जालियां, 2 लोहे की बेंच, 2 लोहे की मेज और 1 फ्लेक्स बोर्ड समेत अन्य सामग्री जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकर्ताओं को सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में उक्त स्थल पर दोबारा अतिक्रमण न किया जाए। इस अभियान में जोनल स्वास्थ्य अधिकारी राजेश कुमार, खाद्य निरीक्षक विजेता द्विवेदी, रामजीत पाण्डेय, कर निरीक्षक धर्मदेव, 296 टीम तथा क्षेत्रीय पुलिस बल की उपस्थिति रही, जिससे अभियान शांतिपूर्ण और प्रभावी ढंग से संपन्न हुआ। इसके अतिरिक्त, जोन-8 में भी जोनल अधिकारी विकास सिंह के नेतृत्व में भवानीगंज क्षेत्र के न्यू नक्लास मार्केट, मिनी ट्यूबवेल के पास पार्क और सफ़ेद मस्जिद चौराहे के आसपास अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यहां भी 18 ठेले, 10 काउंटर और 40 अस्थायी दुकानों को हटाया गया तथा लोहे की जालियां, बेंच, मेज और फ्लेक्स बोर्ड जब्त किए गए।

# ई–रिक्शा चालक की संदिग्ध मौत पत्नी व बेटों पर हत्या का आरोप

- नहर किनारे मिला शव, पुलिस ने संदिग्धों को हिरासत में लेकर शुरू की जांच

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मलिहाबाद, लखनऊ । मलिहाबाद थाना क्षेत्र के खड़ता गांव में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब नहर किनारे एक ई-रिक्शा चालक का लहूलुहान हालत में शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान खड़ता गांव निवासी अर्जुन पाल 50 वर्ष के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मामले में मृतक के भाई ने पत्नी और बेटों पर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि मृतक की पत्नी ने भी अलग तहरीर देकर साजिशन हत्या की बात कही है।इंस्पेक्टर मलिहाबाद सुरेन्द्र सिंह भाटी के अनुसार, अर्जुन पाल ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने नबीनगर पुलिया के पास नहर किनारे एक व्यक्ति को घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने देखा कि अर्जुन पाल खून से लथपथ पड़ा था। उपचार से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।

### पत्नी और बेटों पर हत्या का आरोप

मृतक के भाई मन्नू लाल ने मलिहाबाद थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सोमवार देर रात अर्जुन पाल का पारिवारिक विवाद पत्नी और बेटों से हुआ था। आरोप है कि इसी विवाद के दौरान पत्नी और बेटों ने मिलकर धारदार हथियार से अर्जुन पाल की हत्या कर दी और शव को ई-रिक्शा में लादकर नबीनगर पुलिया के पास नहर किनारे फेंक दिया। शव पर चेहरे, हाथ और पैर में गहरे चोट के निशान पाए गए हैं।

### पत्नी ने भी लगाया हत्या का आरोप

वहीं मृतक की पत्नी शिवरानी ने भी थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि 19 जनवरी की रात उनके पति को शराब पिलाकर घर से बाहर ले जाया गया था। सुबह उनका शव गांव की नहर के पास पड़ा मिला। महिला का कहना है कि शव पर गंभीर चोटों और खून के धब्बों से स्पष्ट होता है कि उनके पति की हत्या की गई है। उन्होंने इसे सुनियोजित साजिश बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मृतक की पत्नी समेत तीनों बेटों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर मलिहाबाद के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।


# विधायक ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण

❒ कंबल वितरण व पत्रकार सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कसमंडा, सीतापुर। कमलापुर सोमवार को विकास खंड कसमंडा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सरैया में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र सरैया का लोकार्पण, जरूरतमंदों को कंबल वितरण, समरसता खिचड़ी भोज तथा पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिसवां विधायक निर्मल वर्मा के आगमन पर जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ला ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। विधायक श्री निर्मल वर्मा एवं जिला पंचायत सदस्य श्री दीपक शुक्ला ने विधिवत पूजन-अर्चन कर आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण किया। इसके पश्चात विधायक ने केंद्र पर उपस्थित कर्मचारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली, बच्चों से स्नेहपूर्वक बातचीत कर उनका परिचय जाना तथा बच्चों की




माताओं से शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने की अपील की। उन्होंने आंगनबाड़ी के बच्चों को देखकर अपने बचपन की स्मृतियां साझा करते हुए कहा कि बच्चों के समग्र विकास में माताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों को अंगवस्त्र, डायरी एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग डेढ़ सौ जरूरतमंद महिला एवं पुरुषों को कंबल वितरित किए गए। विधायक ने उपस्थित जनसमूह को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता बच्चे वाजपेई, भाजपा किसान प्रकोष्ठ जिला मंत्री रवि तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलापुर आशुतोष मिश्र, जय शंकर पांडेय, पिंटू मिश्र, नागेंद्र सिंह, सेक्टर संयोजक मनोज दीक्षित, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद पांडेय, प्रधान संघ अध्यक्ष कसमंडा संतोष भार्गव, खंड विकास अधिकारी कसमंडा राकेश कुमार श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत संजय सिंह, ग्राम पंचायत सचिव आकिब जमाल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप शुक्ला, सीडीपीओ आबिदा परवीन, सुपरवाइजर नीलम श्रीवास्तव, दीपाली मिश्र (आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री), मंजुला सिंह, सहायिका सरिता सिंह, सहित भाजपा कार्यकर्ता, पत्रकारगण एवं क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# हिंदू युवा वाहिनी का पुनर्गठन: सिद्धार्थ शंकर बाजपेयी बने सीतापुर के जिला अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। हिंदू युवा वाहिनी के शीर्ष नेतृत्व ने संगठन की सक्रियता और विस्तार को नई धार देते हुए जनपद सीतापुर की कमान सिद्धार्थ शंकर बाजपेयी को सौंपी है। उन्हें सीतापुर का नया जिला अध्यक्ष (अस्थायी) मनोनीत किया गया है।?2022 के बाद नए सिरे से पुनर्गठन:उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में हिंदू युवा वाहिनी के संपूर्ण संगठन को भंग कर दिया गया था। लंबे अंतराल के बाद अब संगठन का नए सिरे से पुनर्गठन किया जा रहा है।

इसी क्रम में, प्रदेश प्रभारी (उत्तर प्रदेश) श्री ब्रजनंदन सिंह जी के निर्देशानुसार सीतापुर में सिद्धार्थ शंकर बाजपेयी की नियुक्ति की गई है। इस घोषणा से जिले के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।?शीर्ष नेतृत्व का मिला आशीर्वाद:सिद्धार्थ शंकर के मनोनयन पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विक्रम सिंह राठौड जी समेत पूज्य



संरक्षकों—अध्यक्ष अखाड़ा परिषद महंत रवींद्र पुरी जी महाराज, स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज, एवं स्वामी अरुण गिरी जी महाराज ने अपना शुभाशीष प्रदान किया है।?नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का संकल्प:अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए सिद्धार्थ शंकर बाजपेयी ने कहा:?''2022 में संगठन भंग होने के बाद अब पुनर्गठन की इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए मैं शीर्ष नेतृत्व का आभारी हूँ। मेरा प्राथमिक लक्ष्य जनपद में संगठन की मूल विचारधारा को पुनर्जीवित करना, हिंदू समाज को एकजुट व सशक्त बनाना और व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान चलाकर युवाओं को जोड़ना है।''?संगठन के नियमानुसार, यह मनोनयन 14 फरवरी 2026 तक के कार्यों की समीक्षा के आधार पर स्थायी किया जाएगा। उनकी इस नियुक्ति पर स्थानीय हिंदू समाज और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# बैरागी बाबा परिसर में सात दिवसीय श्री सतचण्डी महायज्ञ प्रारंभनैमिषारण्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जनपद के सुप्रसिद्ध पौराणिक क्षेत्र नैमिषारण्य के अंतर्गत ग्राम ततरोई स्थित बैरागी बाबा परिसर में 'सप्तम श्री सतचण्डी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। आध्यात्मिक चेतना को समर्पित यह अनुष्ठान 19 जनवरी (सोमवार) से प्रारंभ होकर 25 जनवरी (रविवार) तक चलेगा।भक्ति और शक्ति का संगमआयोजक और ततरोई के ग्राम प्रधान रंजीत रावत ने बताया कि क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना के साथ प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है। सात दिवसीय इस महायज्ञ में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन और देवी आराधना की जाएगी। महायज्ञ के साथ-साथ आयोजित होने वाले विराट संत सम्मेलन में देश के विभिन्न अंचलों से सिद्ध संत-महात्मा शिरकत करेंगे।संत देंगे धर्म का



संदेशसम्मेलन के दौरान पधारे हुए संत अपने ज्ञानवर्धक प्रवचनों के माध्यम से सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और मानवता के कल्याण का संदेश देंगे। आयोजक मंडल ने बताया कि हुई इस पावन अवसर पर समूचे जनपद व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं से अपीलग्रामवासियों एवं आयोजन समिति ने सभी भक्तों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महायज्ञ की पूर्णाहुति में सम्मिलित हों और संतों के दर्शन व प्रवचनों का पुण्य लाभ अर्जित करें। परिसर में सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत ई-रिक्शा के खिलाफ चलाया अभियान



शाहजहांपुर। सड़क सुरक्षा माह के मंगलवार को बरेली मोड़ पर अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान बरेली मोड़ पर ई-रिक्शा चालकों को एकत्रित कर उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई और नियमानुसार ही वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा विभिन्न स्कली वाहनों की भी जांच की गई। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन हरिओम ने बताया कि अभियान के तहत विभिन्न अभियोगों में 46 वाहनों का चालान किया गया और 04 वाहन विभिन्न थानों में निरूद्ध किए गए। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रर्वतन) हरिओम, यात्री/माल कर अधिकारी आरपी गौतम सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# नो मैपिंग वाले मतदाताओं के लिए 170 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त, दिया प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर । जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सुपरवाइजर्स को गहन प्रशिक्षण अटल बिहारी बाजपेयी ऑडिटोरियम में दिया गया।

डीएम ने कहा कि विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत उन मतदाताओं, जिनकी वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग नहीं हो सकी है, को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन्स के अनुरूप निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं। इन नो-मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई के लिए जनपद की समस्त 06 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 170 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है तथा 81 सुनवाई स्थल निर्धारित किए गए हैं। जारी नोटिसों की सुनवाई संबंधी कार्यों की



विधिवत जानकारी प्रदान किए जाने के उद्देश्य से आज प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण एसडीएम जलालाबाद द्वारा पीपीटी के माध्यम से दिया गया। एसडीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की अवधारणा, उद्देश्य एवं प्रक्रियाओं को स्पष्ट करते हुए बताया कि इसके अंतर्गत मतदाता सूची में दर्ज सभी मतदाताओं की अर्हता की जांच एवं त्रुटियों का शुद्धिकरण किया जाना है। नो-मैपिंग का अर्थ ऐसे मतदाता से है, जो न तो वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज थे और न ही वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं की संतान हैं। वर्ष 2003 की मतदाता सूची अंतिम विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का आधार होने के कारण उस सूची में दर्ज मतदाता एवं उनकी संतानों को प्रमाणिक मतदाता माना गया है, इसलिए उनकी पुनः जांच की आवश्यकता नहीं है और इसी कारण उनकी मैपिंग की गई है। बताया कि मतदाता द्वारा स्व-प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएंगे। डीएम ने बताया कि दस्तावेजों की संख्या मतदाता की जन्म तिथि के अनुसार निर्धारित की गई है। जिसमें माता-पिता दोनों के दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। नोटिस की सुनवाई के समय मतदाता का स्वयं उपस्थित होना जरूरी है। इस अवसर पर नगर आयुक्त, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, नगर मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी की बड़ी बैठक, नो मैन्स लैंड व जीरो लाइन से अवैध कब्जा हटाने का एलान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। भारत-नेपाल सीमा से सटे लखीमपुर खीरी जनपद के संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नो मैन्स लैंड, जीरो लाइन तथा भारत की ओर 15 किलोमीटर के दायरे में फैले अतिक्रमण को हटाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और ठोस रणनीति तैयार की गई।

बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों ने बताया कि कई स्थानों पर अवैध खेती, अस्थायी निर्माण और अन्य प्रकार के अतिक्रमण सामने आए हैं, जो न केवल कानून व्यवस्था बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी गंभीर विषय हैं। इस पर डीएमऽएसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार्य नहीं होगा और सभी कार्रवाई पूरी तरह




नियमानुसार की जाएगी।निर्णय लिया गया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) और जिला प्रशासन की संयुक्त टीमों द्वारा की जाएगी। संयुक्त टीमें पहले चरण में चिन्हित क्षेत्रों का मौके पर जाकर निरीक्षण करेंगी, संबंधित अभिलेखों व दस्तावेजों का सत्यापन करेंगी और उसके बाद अवैध पाए जाने पर अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कार्रवाई के दौरान पारदर्शिता बनाए रखने और किसी निर्दोष व्यक्ति को अनावश्यक रूप से परेशान न करने के निर्देश भी दिए गए।डीएमऽएसपी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि सीमावर्ती इलाकों में नियमित गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही स्थानीय स्तर पर जागरूकता बढ़ाकर लोगों को नियमों की जानकारी दी जाए।बैठक में यह भी कहा गया कि अतिक्रमण करने वालों को नियमानुसार स्वयं अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया जाएगा, लेकिन तय समयसीमा के बाद सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसडीएम, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, एसएसबी के अधिकारी और राजस्व विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहे।प्रशासन की इस सख्त पहल से सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के साथ-साथ अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण की उम्मीद जताई जा रही है।

# निघासनऽबेलराया मार्ग पर पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, किशोर घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। सिंगाही थाना क्षेत्र में निघासनऽबेलराया मार्ग पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सिद्ध बाबा सिंगहा कला के पास आदर्श तालाब के नजदीक एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित



होकर सड़क किनारे खाई में जा पलटी। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार एक नाबालिग किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि चालक सुरक्षित बाहर निकल आया।

बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली सामने आ रहे एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में संतुलन खो बैठी, जिसके चलते यह दुर्घटना हुई। ट्रैक्टर पलटते ही मौके पर हड़कंप मच गया और राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक संजय, निवासी खैरिगढ़ (थाना सिंगाही), को कोई चोट नहीं आई। हालांकि उनके साथ बैठे 15 वर्षीय भतीजे शोभित को गंभीर चोटें आईं। जांच में सामने आया कि शोभित का दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया है।सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायल किशोर को निघासन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार संजय अपने भतीजे के साथ बेलराया चीनी मिल से गन्ना देकर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। पुलिस द्वारा मामले से संबंधित आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## इंडिगो एयरलाइन के विमान से न्यायाधीश के बेटे का बैग गायब

**सीतापुर।** इंडिगो एयर लाइंस की उड़ानों के गंतव्य तक पहुंचने के बाद भी यात्रियों के सामान नहीं आने का मामला नहीं थमता नजर नहीं आ रहा है। यह कोई नया मामला नहीं है पूर्व में भी इस तरह की घटाएं लगातार होती रही रही हैं। अभी हाल ही की घटना है जब इंडिगो एयरलाइन की उड़ान से केरल से लखनऊ पहुंचे न्यायमूर्ति का सूटकेस गायब होने की खबर चर्चा में आई थी। अभी ताजा वाकिया यह है कि सीतापुर में तैनात विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक मिश्र के बेटे वैभव मिश्र 4 जनवरी 2026 को लखनऊ से मैसूर एन डी ए का एस एस बी एक देने जा रहे थे। मैसूर में वैभव के उतरने पर उनका बैग जिसमें जरूरी कागजातों सहित अन्य उपयोगी सामान भी था नहीं मिला। काफी खोज बीन के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो वैभव मिश्रा के द्वारा अपने पिता को इसकी जानकारी दी गई, पिता आलोक मिश्र के द्वारा तमाम कोशिशों के बाद सामान का पता नहीं चल सका है। विमान में लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं से इंडिगो एयर लाइंस की सुरक्षा पर तो प्रश्नचिन्ह लगता ही है साथ ही यात्रियों का भरोसा भी टूट रहा है। अब देखना होगा कि इंडिगो एयर लाइंस प्रशासन इस दिशा में सुधार के लिए क्या कदम उठाता है।

## सीडीओ ने 26 जनवरी की तैयारियों को लेकर की बैठक

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत थीम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर जनपद में कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में विकास भवन में बैठक आयोजित हुई। सीडीओ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर



24 जनवरी को अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के गौरवशाली इतिहास तथा जनपद के समग्र विकास को प्रदर्शित करने के लिए डिस्ट्रिक्ट गैलरी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विकास कार्यों, उपलब्धियों और नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित विभाग आयोजन में प्रतिभाग करते हुए स्टाल लगाना सुनिश्चित करें। कहा कि स्टैंडी, बैनर एवं अन्य प्रचार सामग्री में जनपद के विकास को दर्शाने वाले उच्च गुणवत्ता के चित्रों का प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाए। जिससे आमजन में सकारात्मक संदेश पहुंचे। 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती, 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस व मतदाता जागरूकता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन भव्यता के साथ किया जाएगा। इस दौरान संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## आईजीआरएस रैंकिंग में शाहजहांपुर को मिला प्रथम स्थान, एसपी ग्रामीण सम्मानित

**शाहजहांपुर।** आईजीआरएस राज्य स्तरीय रैंकिंग में शाहजहांपुर को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर एसपी राजेश द्विवेदी ने एसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा को प्रशस्ति सम्मानित किया। एसपी ने बताया कि एसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरुण आईजीआरएस और मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी के रूप में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। उनके



प्रभावी नेतृत्व, सतत मॉनिटरिंग, समयबद्ध समीक्षा एवं दक्ष मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप जनपद शाहजहांपुर ने उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। जिसके चलते माह दिसम्बर 2025 की आईजीआरएस राज्य स्तरीय रैंकिंग में शाहजहांपुर को समग्र रूप से राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही जनपद के सभी थाना क्षेत्रों को भी राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जो टीमवर्क, त्वरित निस्तारण, पारदर्शिता एवं संवेदनशील प्रशासन का उत्कृष्ट उदाहरण है। कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सहायता, परामर्श, विधिक जानकारी, जागरूकता कार्यक्रम, विद्यालय-अभियान, थाने स्तर पर संवेदनशीलता कार्यक्रम आदि के माध्यम से किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को भी व्यापक सराहना मिली है। इन केंद्रों की कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित, प्रभावी एवं जनसुलभ बनाने में एसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरुण की विशेष भूमिका रही है। इसी के चलते उन्हें सम्मान चिह्न दिया गया। एसपी ने उनके योगदान को जनपद की प्रशासनिक गुणवत्ता और महिला सुरक्षा अभियानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार की कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ जनपद को निरंतर नई उपलब्धियों की ओर अग्रसर किया जाएगा।

# कच्ची दीवार ढहने से युवक की मौत शादी से पहले उजड़ा घर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले के भीरा थाना क्षेत्र के पकरिया सल्लिहा गांव में मंगलवार को एक हृदय विदारक घटना सामने आई। सुबह करीब 11 बजे एक पुराने मकान की कच्ची दीवार अचानक गिर गई, जिसकी चपेट में आने से 23 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी सरजीत अपनी मां मीना देवी (55) के साथ घर के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान कमजोर और जर्जर मिट्टी की दीवार भरभराकर गिर पड़ी। दीवार के मलबे में दोनों दब गए, जिससे गांव में हड़कंप मच गया।घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला। घायल अवस्था में उन्हें बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सरजीत को मृत घोषित कर दिया, जबकि मां मीना देवी का इलाज जारी है।बताया जा रहा



है कि सरजीत की शादी आगामी 26 फरवरी को तय थी और घर में विवाह की तैयारियां चल रही थीं। इस हादसे ने परिवार की सारी खुशियां छीन लीं और गांव में शोक का माहौल बन गया।घटना की सूचना पर भीरा थानाध्यक्ष रोहित दुबे और बिजुआ चौकी प्रभारी रमेश सिंह सेंगर अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं लेखपाल अजय गुप्ता ने घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रशासन को रिपोर्ट सौंपी।इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे गांव में शोक की लहर है।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर हुई समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देशन और एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन में सड़क सुरक्षा एवं सड़क दुर्घटना नियंत्रण से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद को शून्य मृत्यु दर वाले के रूप में विकसित करने में हो रहे प्रयासों, समस्त थानों के कार्यों तथा क्रिटिकल कोरिडोर टीम की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया और 01 जनवरी से 18 जनवरी 2026 के मध्य जनपद में घटित सभी सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा प्रस्तुत की गई।

जिसमें दुर्घटनाओं के कारण, समय, स्थान, दुर्घटना-जनित मृतकों एवं घायलों की स्थिति तथा मौके पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से संबंधित समस्त विवरण शामिल थे। साथ ही जनपद में चिंहित ब्लैक स्पॉट्स, क्रिटिकल कोरिडोर, संवेदनशील मार्गों की स्थिति तथा दुर्घटनाओं की



रोकथाम हेतु लागू किए जाने वाले अल्पकालिक व दीर्घकालिक उपायों पर चर्चा की गई। एसपी सिटी ने सभी थाना प्रभारियों एवं सीसीटी टीम के सदस्यों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा के प्रति चल रहे प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। विशेष रूप से जनपद के महत्वपूर्ण मार्गों पर दृश्यमान पुलिसिंग, निरंतर गश्त, प्वाइंट-ड्यूटी का सख्ती से पालन तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। प्रत्येक थाना क्षेत्र में स्थित ब्लैक स्पॉट्स पर चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर, प्रकाश व्यवस्था, गति-नियंत्रण उपायों तथा अन्य सुधारात्मक प्रबंधों को जल्द पूर्ण किया जाए। ताकि सड़क दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। स्कूल-कॉलेजों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जाए। जागरूकता के सोशल मीडिया, जनसम्पर्क माध्यमों और सामुदायिक संवाद कार्यक्रमों के जरिए प्रेरणादायक संदेशों का प्रसार किया जाए। गोल्डन आवर के सिद्धांत को प्राथमिकता दी जाए। जिससे गंभीर रूप से घायलों को समय पर चिकित्सीय सहायता मिल सके। कहा कि जनपद को सड़क दुर्घटनाओं से मुक्त बनाने की दिशा में पुलिस विभाग पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहेगा।

## सांसद विकास निधि के कार्यों का शिलान्यास कर रहे महानगर अध्यक्ष, विधायकों को नहीं मिल रहा मौका

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में सांसद विकास निधि के कार्यों का ज्यादातर शिलान्यास भाजपा के महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि कर रहे हैं, जबकि विधायकों को शिलान्यास करने का मौका नहीं मिल पा रहा है। मंगलवार को भी ऐसा ही देखने को मिला, जब महानगर अध्यक्ष ने शहर उत्तरी विधानसभा और दक्षिणी विधानसभा में सांसद विकास निधि के दो कार्यों का शिलान्यास किया। सांसद विकास निधि से होने वाले कार्यों का शिलान्यास महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने भूमि पूजन कर नारियल फोड़कर किया। ये दोनों कार्यों में पहला कार्य दानियालपुर वार्ड में कन्हैया राजभर के मकान से तुरुलहोदा के मकान तक इण्टरलॉकिंग कार्य (लागत 6.77 लाख) और दूसरा कार्य चेतगंज वार्ड में बन्द गली में इण्टरलॉकिंग (लागत 3.60 लाख) का है। भाजपा के कार्यकर्ताओं की मानें तो सांसद विकास निधि के कार्यों का शिलान्यास यह बता रहा है कि हमारे सांसद प्रधानमंत्री मोदी को भाजपा के एक एक कार्यकर्ता की चिंता है। शिलान्यास के अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिलीप चौहान, डब्बू सिंह राजू, पूर्व पार्षद शंकर साहू, मनीष गुप्ता, लल्लू कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा, अनिल गुप्ता रोहित सोनकर, श्रवण गुप्ता, विनोद राजभर,पिंकी श्रीवास्तव, विश्वास जायसवाल, शशि श्रीवास्तव, अभिषेक केसरी, विनोद चौरसिया, अनिल उपाध्याय, प्रमील पाण्डेय, योगेश वर्मा, शशांक अग्रवाल, अनुपम पाण्डेय, पिंटू जायसवाल, कौशिक उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# यातायात पुलिस ने स्कूली छात्राओं को पढ़ाया जागरुकता का पाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के बीसवें दिन यातायात पुलिस द्वारा महाराजा अग्रसेन बालिका इण्टर कालेज अमेठी में छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियम सिखाये गये।राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश व क्षेत्राधिकारी यातायात दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उक्त जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सोमवार को यातायात पुलिस टीम अमेठी द्वारा महाराजा अग्रसेन बालिका इण्टर कालेज अमेठी में छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियम सिखाये गये। कार्यक्रम में छात्राओं को बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन न चलाने, रांग साइड, उलटी दिशा में वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन न चलाने, मोड़ पर ओवरटेक न करने, व यातायात सम्बंधी अन्य नियमों रात्रि में डिपर का प्रयोग करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय ब्लूटूथ,ईअरफोन का प्रयोग न करने, पैदल यात्रियों को जेब्रा क्रॉसिंग पर ही सावधानीपूर्वक सड़क पार करने व वाहन चालकों को जेब्रा क्रॉसिंग पर वाहनों की गति धीमा रखने व ट्रैफिक साइन बोर्ड, यातायात संकेतकों के माध्यम से दिये गये निर्देशों का पालन करने आदि के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

## बैठक का आयोजन

सम्भल ( बहजोई) कैनविज टाइम्स संवाददाता। आज कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण एवं जिला वृक्षारोपण तथा जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अंतर्गत प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव द्वारा जनपद के बबैना के रहने वाले स्नेक कैचर जाबुल के विषय में बताया कि उनके द्वारा जनपद में सांप पकड़ने का कार्य बहुत ही अच्छे तरीके से किया जा रहा है तथा कोई भी सांप पकड़ने से संबंधित समस्या हो तो इनका सहयोग लिया जा सकता है। जाबुल द्वारा बैठक के अंतर्गत बताया गया कि उनके द्वारा बहुत से स्थानों से सांप पकड़ने का कार्य किया गया है तथा उनको सुरक्षित तरीके से जंगलों में छोड़ा गया है और वह जानवरों को बचाने का कार्य भी करते हैं उन्होंने सांप से संबंधित प्रजातियों के विषय में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगर कहीं सांप निकलता है तो उनके मोबाईल नंबर 7906864509 पर कॉल कर उनसे सम्पर्क किया जा सकता है,वह सांप पकड़ने का कार्य करेंगे तथा सांप को सुरक्षित स्थान पर भी छोड़ेंगे।स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि बहजोई सीएचसी में सांप काटने का उचित इलाज किया जाता है। एंटी वेनम को लेकर भी उन्होंने जानकारी दी। बैठक के अंतर्गत वृक्षारोपण के जियो टैगिंग को लेकर भी चर्चा की गई तथा प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा जनपद में कराई जा रही ग्रीन चौपाल के विषय में भी जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । बैठक के अंतर्गत जिला गंगा समिति के प्रमुख एजेंडा बिंदुओं पर भी चर्चा की गई एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव ,अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ,अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आज विकास भवन सभागार में आयोजित होगा किसान दिवस

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से माह के तृतीय बुधवार यानि आज किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम विकास भवन सभागार में दोपहर 12:00 बजे से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न होगा। उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि किसान दिवस में कृषि, सिंचाई, विद्युत, राजस्व, पशुपालन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान किसान अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे, जिनका मौके पर निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा।उन्होंने बताया कि किसान दिवस का उद्देश्य किसानों को एक ही मंच पर अपनी शिकायतें और समस्याएं रखने का अवसर देना है, ताकि समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इसमें फसल बीमा, बीज व खाद की उपलब्धता, सिंचाई, विद्युत आपूर्ति, भूमि से जुड़े मामलों समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उप कृषि निदेशक ने जनपद के सभी किसानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में किसान दिवस में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं दर्ज कराएं और शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

## मीरजापुर में बंद मकान का ताला तोड़कर 25 लाख की चोरी

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जनपद में अदलहाट थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बंद मकान से नकदी समेत 25 लाख की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मंगलवार को घटना की जानकारी पर पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वाराणसीऽमीरजापुर मुख्य मार्ग के सर्विस रोड स्थित के ग्राम बहादुरपुर निवासी किसान सूर्यजीत सिंह बरनाला ने अपनी तहरीर में बताया कि वह किसी कार्य से दुद्धी (सोनभद्र) गए थे। घर पर कोई मौजूद नहीं था। मंगलवार सुबह जब घर लौटे तो देखा कि बाउंड्रीवाल का मुख्य गेट बंद था, लेकिन अंदर चैनल गेट टूटे थे। कमरे में जाकर देखा तो दो अलमारियों और सेफ में रखे जेवर और पांच हजार रुपये की नकदी गायब थी। उन्होंने पुलिस को सूचित किया।सूचना पाकर अदलहाट थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल की जांच पड़ताल की। किसान ने बताया कि उसकी पत्नी किरन कुमारी दुद्धी में स्टाफ नर्स हैं। पुत्री डॉ. आरुषि सिंह सोनभद्र मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक और बेटा हंसराज सिंह लखनऊ में बीएससी नर्सिंग का छात्र है। घर पर वह अकेला रहकर ?खेती किसानी करता हैं। चोरों ने सूना मकान पाकर नकदी समेत 25 लाख रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। थाना प्रभारी अजय सेठ ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## गुप्त नवरात्र के दूसरे दिन मां विंध्यवासिनी के दरबार में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

मीरजापुर। माघ शुक्ल पक्ष की गुप्त नवरात्र के दूसरे दिन मंगलवार को मां विंध्यवासिनी के धाम में श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही थी। सुबह मंगला आरती के साथ ही दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक निर्बाध चलता रहा। दूर-दराज से आए भक्तों और साधकों ने मां के चरणों में मत्था टेककर सुख-समृद्धि की कामना की।

श्रद्धालु प्रातः गंगा घाटों पर स्नान के बाद नारियल, चुनरी, फूल-माला और प्रसाद लेकर मंदिर पहुंचे और कतारबद्ध होकर दर्शन किए। गुप्त नवरात्र के अवसर पर कई साधकों ने मंदिर परिसर में यज्ञ व विशेष अनुष्ठान भी कराए। दोपहर में राजश्री आरती, शाम को संध्या आरती और रात्रि में बड़ी आरती के बाद भी दर्शन-पूजन जारी रहा। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया।

## नितिन नबीन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं में होगा नई ऊर्ज़ा का संचार : राजीव कुमार गुप्ता

### बदायूँ राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के निर्वाचित होने पर भाजपाईयों में उत्साह, भाजपा कार्यालय में जश्न का माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। भाजपा कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन के निर्वाचित होने पर जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की और इसे संगठन के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना उनके संगठनात्मक कौशल, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उनके नेतृत्व में भाजपा संगठन और जनसेवा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगी तथा अंत्योदय, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और अधिक सशक्त रूप से आगे बढ़ाएगी। आगे कहा उनके नेतृत्व में पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में और अधिक मजबूती से आगे बढ़ेगी। इस अवसर पर डीसीएफ चैयरमैन रविन्द्र पाल सिंह, भाजपा नेता हीरालाल कश्यप, डीसीबी चैयरमैन जे.के सक्सेना, दुर्गेश वार्ष्णेय, बीएस मौर्य, जोगेंद्र सिंह, अजय पराशरी, पंकज सिंह चौहान, रामवीर सिंह, शिवम राम सिंह, सन्नू पाल, पंकज राणा, रचित साहू, अनुभव उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।

# बीएसए के निर्देश के बावजूद नही हो सकी स्कूलों की रंगाई पुताई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । शासन द्वारा परिषदीय विद्यालयों की रंगाई पुताई के लिये धनराशि तो करीब तीन माह पूर्व ही खातों में भेज दी गयी है लेकिन जनपद के अधिकांश विद्यालय आज भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं जब कि बीएसए द्वारा आगामी छब्बीस जनवरी तक विद्यालयों की रंगाई पुताई किये जाने के निर्देश मातहतों को दिये गये हैं लेकिन उनके आदेश का भी यहां कोई खास असर पड़ता नजर नही आया।शासन द्वारा प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की रंगाई पुताई व साज सज्जा के लिये प्रतिवर्ष धनराशि जारी की जाती है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने भी यह आदेश जारी किया है कि आगामी छब्बीस जनवरी तक विद्यालयों की रंगाई पुताई का कार्य पूर्ण करा लिया जाय लेकिन जनपद के अधिकांश विकास क्षेत्रों में संचालित विद्यालय उनके आदेश की धज्जियां उड़ाते नजर आये और आज तक स्कूलों की रंगाई पुताई नही करवाई गई।विकास खण्ड सिंहपुर के एक सौ चार प्राथमिक व उनतीस पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में मात्र बीस फीसदी स्कूलों की ही रंगाई पुताई करायी गयी जब कि इस मद की धनराशि का उपयोग लगभग लोग कर चुके हैं यहां पर कुछ विद्यालय ऐसे भी देखने को मिलेंगे जिनकी अनवरत कई वर्षो से रंगाई पुताई नही करायी गयी और पैसा प्रत्येक वर्ष खारिज किया गया यह विद्यालय के अभिलेख बयां कर रहे हैं। सोमवार को विकास क्षेत्र शुकुल बाजार, बहादुरपुर और तिलोई के कई प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की हकीकत से रुबरु होने का मौका मिला कमोबेश यहां की स्थिति भी मिलती जुलती ही नजर आई।अब देखना यह है कि जनपद के आला अधिकारियों के निर्देशों को रददी की टोकरी में डालने वाले लोगों के खिलाफ महकमा कड़े कदम उठाता है या फिर मेहरबान रहता है यह भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है। इस सम्बंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि छब्बीस जनवरी के बाद ब्लाक स्तरीय एक टीम गठित कर विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण कर वाया जायेगा उस जांच टीम की रिपोर्ट के बाद कार्यवाही की जायेगी।

## हड़ताल का 36वां दिन पूरा, सरकार के खिलाफ अनशन का ऐलान

बदायूँ। आशा कर्मियों की हड़ताल के 36वें दिन भी मालवीय मैदान में धरना जारी रहा। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि 36 दिन पूरे हो जाने के बावजूद प्रदेश सरकार ने अब तक बातचीत कर समस्याओं के समाधान का कोई प्रयास नहीं किया है। उन्होंने कहा कि सरकार आशा कर्मियों के धैर्य की परीक्षा न ले। यह आंदोलन सरकार की साख पर सवाल खड़ा करता है। जौली वैश्य ने ऐलान किया कि सरकार के रवैये के विरोध में आशा कर्मी कल से अनशन पर बैठेंगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश की सरकार 36 दिनों में हमारी तकलीफें नहीं समझ पाई, वह सरकार जनता की नहीं हो सकती। यदि आशा कर्मियों ने फाइलेरिया, पोलियो, टीबी और कोरोना जैसी बीमारियों को हराया है, तो वे जनविरोधी सरकार को भी पराजित कर सकती हैं। जिलाध्यक्ष ने सभी आशा कर्मियों से हड़ताल में मजबूती से डटे रहने तथा 20 जनवरी को होने वाली जन अदालत और विशाल रैली को सफल बनाने की अपील की। आज के धरने को इंदुवती, सरोज पाठक, अलका, मनीषा, सीता, मंजू, गीता, राजवती, धनवर्ती और सुमन ने भी संबोधित किया।

## आलू किसानों पर संकट, पशुओं के चारे से भी सस्ता बिक रहा सब्जी का राजा आलू

बदायूँ। जिले में आलू की बंपर पैदावार किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। हालात यह हैं कि मंडियों में आलू पशुओं के चारे से भी सस्ते दाम पर बिक रहा है। जहां भूसा 800 से 900 रुपये प्रति क्विंटल बिक रहा है, वहीं आलू 400 से 500 रुपये प्रति क्विंटल में खरीदा जा रहा है। जिले के अधिकांश किसान आलू की खेती करते हैं। फसल की खुदाई शुरू होते ही किसान मंडियों में अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन अधिक आवक के चलते व्यापारियों द्वारा बेहद कम कीमत दी जा रही है। किसानों का कहना है कि रिकॉर्ड पैदावार के कारण आलू के दाम गिर गए हैं। मंडी में आलू बेचने आए किसान तेजेन्द्र ने बताया कि उनका आलू 450 रुपये प्रति क्विंटल बिका, जबकि यही आलू फुटकर बाजार में 700 रुपये प्रति क्विंटल तक बिक रहा है। किसानों का कहना है कि इतनी कम कीमत में लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। खाद, बीज, सिंचाई और मजदूरी की बढ़ती लागत ने हालात और खराब कर दिए हैं। किसानों ने सरकार से आलू का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने या बाजार में हस्तक्षेप कर दाम स्थिर करने की मांग की है। फिलहाल किसान मजबूरी में औने–पौने दामों पर आलू बेच रहे हैं और आने वाले दिनों में बाजार सुधरने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## उझानी में अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाईक सवार भाई बहन गम्भीर रूप से घायल

बदायूँ। थाना कादरचौक क्षेत्र के डल्लू नगला निवासी 22 वर्षीया खुशबू पत्नी विष्णु अपने भाई संजय पुत्र पन्ना लाल के साथ बाईक से उझानी दवा लेने आ रही थी जैसे ही वह कोतवाली उझानी क्षेत्र के स्टेशन रोड पर पहुंची तो एक अनियंत्रित ट्रक ने उसकी बाईक को टक्कर मार दी जिससे वह दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया।

## बिसौली में लेखपाल को रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों पकड़ा

बदायूँ। बदायूँ जिले की बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव जखौरा में एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी लेखपाल की पहचान सतीश शर्मा के रूप में हुई है। टीम आरोपी को हिरासत में लेकर सिविल लाइंस थाने पहुंची, जहां उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है।जानकारी के अनुसार, गांव जखौरा के कई ग्रामीण नेपाल में रहकर रोज़गार करते हैं। वोट बनवाने के लिए एसआईआर (विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण) के तहत सत्यापन के नाम पर लेखपाल सतीश शर्मा द्वारा ग्रामीणों से रुपये की मांग की जा रही थी। इससे परेशान ग्रामीणों ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की।शिकायत के बाद एंटी करप्शन टीम ने गांव में पहले से ही डेरा डाल लिया और जैसे ही लेखपाल ने रिश्वत ली, टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। फिलहाल एंटी करप्शन टीम पूरे मामले की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## भागवत कथा के समापन पर हुआ भंडारे का आयोजन, सांसद प्रतिनिधि ने ग्रहण किया प्रसाद

बदायूँ। ग्राम सिमरिया में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम में सांसद नीरज मौर्य के प्रतिनिधि भी विशेष रूप से पहुंचे और उन्होंने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भागवत कथा जैसे धार्मिक आयोजन समाज में सद्भाव और संस्कारों को मजबूत करते हैं। भंडारे के दौरान ग्रामवासियों एवं आसपास के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। आयोजन को सफल बनाने में ग्राम प्रधान सहित स्थानीय लोगों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और श्रद्धाभाव के साथ संपन्न हुआ।

## विद्यालय में दी गयी सड़क सुरक्षा की जानकारी

बदायूँ। बिसौली–सिद्व बाबा इंटर कॉलेज शरह बरौलिया में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत छात्र–छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। कालेज के प्रधानाचार्य ने छात्र– छात्राओं को यातायात नियमों को पालन करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। कालेज के सड़क सुरक्षा नोडल नोडल अधिकारी रामौतार मौर्य ने बताया कि रैली का उद्देश्य सड़क पर चलते समय हेलमेट का प्रयोग करने व यातायात के सभी नियमों का पालन करने पर जोर देना । इस अवसर पर नीरज चौहान,विपलव भारती,डा प्रमोद शर्मा,प्रवीण मिश्रा अनमोल शर्मा,विपुल प्रताप सिंह,यश पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## गहरे तालाब में डूबने से घर का बुझा चिराग

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में मौदहा कस्बा के मीरा तालाब में मंगलवार को एक युवक की डूबने से मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया है।मौदहा कस्बा के मोहल्ला ब्लॉक नई बस्ती निवासी युवक तौसीब (22) पुत्र तौकीर की मीरा तालाब में डूबकर मौत हो गई है। इस घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक अपने पिता का इकलौता पुत्र था। कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच कराई जा रही है।

## एक यमुना तो दूसरा नहर में मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

फिरोजाबाद। जनपद में मंगलवार को अलग–अलग थाना क्षेत्र अन्तर्गत दो युवकों के शव मिले हैं। एक शव यमुना घाट तो दूसरा शव नहर मिला है। पुलिस मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाई है और घटनाओं की जांच में जुट गई है। थाना नगला सिंघी क्षेत्र अन्तर्गत गदलपुरा यमुना घोड़ी घाट पर मंगलवार को एक युवक का शव मिला है। शव मिलने की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मृतक की पहचान आगरा के कृष्णा विहार कॉलोनी, देवरी रोड निवासी राहुल वर्मा (20) पुत्र मुन्ना लाल के रूप में हुई है। सुचना पर परिजन भी आ गए। परिजनों के अनुसार राहुल 14 जनवरी की सुबह करीब 9 बजे अपने पड़ोसी जगवीर के साथ घर से निकला था। इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा तलाश शुरू करने पर जगवीर ने बताया कि रहनकला यमुना एक्सप्रेस–वे पर सेल्फी लेते समय राहुल यमुना नदी में गिर गया था। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और तलाश शुरू कराई, लेकिन कई दिनों तक राहुल का कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने बताया कि घटना के सातवें दिन राहुल का शव नगला सिंघी क्षेत्र के गदलपुरा घोड़ी घाट पर पानी में उतराता मिला है।

वहीं दूसरी घटना में शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में भोगनीपुर ब्रांच लोअर गंग नहर में एक युवक का शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान स्वामी नगर निवासी रवि पुत्र महिपाल के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि रवि सोमवार को किसी बात पर नाराज होकर घर से चला गया था, जिसके बाद उसकी तलाश शुरू कर दी थी लेकिन उसका शव मिला है। परिजनों ने थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस का कहना है कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## श्रीनिवास मणि त्रिपाठी बने जिला भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष

देवरिया। उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया के कठिनइयां स्थित ब्लाक सभागार में आज जिला भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन और निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान देवरिया से श्रीनिवास मणि त्रिपाठी , रुद्रपुर से उदयभान सिंह, सलेमपुर से सुमेश्वर नाथ त्रिपाठी बबुआ जी ने भी बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अपना अपना नामांकन दाखिल किया। गहमागहमी के बीच निर्वाचन अधिकारियों ने सभी औपचारिकताएं पूरी कर निर्वाचित घोषित कर दिया। भाजपा के सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने तीनों नवनिर्वाचित अध्यक्षों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, नीरज शाही, ब्लाक प्रमुख पिंटू जायसवाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

# वाराणसी : महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में अकादमिक–इंडस्ट्री सहयोग को नई दिशा

एजेंसी




वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी स्थित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में अकादमिक संस्थानों और उद्योगों के बीच सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। विद्यापीठ के अर्थशास्त्र विभाग एवं रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास से चार प्रमुख एमएसएमई इकाइयों के साथ कुल पाँच समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौते विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी के मार्गदर्शन में संपन्न हुए, जिनका उद्देश्य छात्रों को उद्योगों से जोड़कर उन्हें व्यावहारिक ज्ञान, कौशल विकास और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करना है। इन एमओयू के अंतर्गत छात्रों को इंटर्नशिप, शैक्षिक भ्रमण, परामर्श सेवाएँ (कंसलटेंसी), संयुक्त फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) तथा एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम (ईडीपी) जैसे अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। जिन चार एमएसएमई संस्थानों के साथ यह समझौते किए गए, उनमें अन्नपूर्णा गैसेज़ प्राइवेट लिमिटेड, सिद्धि विनायक पॉलीटेक्स इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड, एडीएच इंक प्राइवेट लिमिटेड तथा अन्नपूर्णा इंडस्ट्रीज़ शामिल हैं। इस अवसर पर उद्योग जगत से क्रमशः डी. एस. मिश्रा, सुनील कुमार अग्रवाल, अंजनी अग्रवाल एवं सुरेन्द्र सोनी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय की ओर से वित्त अधिकारी प्रो. सुधीर कुमार शुक्ल, कुलसचिव डॉ. सुनीता पांडेय तथा आउटरीच डीन प्रो. संजय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं शिक्षक मौजूद रहे।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह नीति अकादमिक संस्थानों और उद्योगों के बीच मजबूत साझेदारी को शिक्षा की गुणवत्ता, कौशल विकास और नवाचार का आधार मानती है। उन्होंने कहा कि एनईपी बहुविषयक शिक्षा, कौशल-आधारित प्रशिक्षण और अनुभवजन्य अधिगम (एक्सपीरिएंशियल लर्निंग) को प्रोत्साहित करती है। उद्योगों के साथ ऐसे सहयोग छात्रों को वास्तविक कार्य अनुभव, समस्या-समाधान क्षमता और उद्यमशीलता की समझ विकसित करने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि इन एमओयू के माध्यम से छात्र इंटर्नशिप, प्रोजेक्ट कार्य, लाइव केस स्टडी और उद्योग संवाद जैसे अवसरों का लाभ उठा सकेंगे, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों के अनुरूप हैं। साथ ही, यह पहल क्षेत्रीय एमएसएमई को सशक्त बनाने, स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के शिक्षक प्रो. राजीव कुमार, डॉ. उर्जस्विता सिंह, प्रो. पारस नाथ मौर्य, डॉ. पारिजात सौरभ एवं डॉ. गंगाधर उपस्थित रहे।

## कल्याण नगर की नई बस्ती गली नंबर 7 के लोग नगर पालिका की उपेक्षा से परेशान

बदायूं। शहर की कल्याण नगर नई बस्ती गली नंबर 7 के निवासियों ने नगर पालिका पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र के बावजूद यह बस्ती नगर पालिका की सूची में नहीं आती, जबकि यहां के लोग नियमित रूप से मतदान करते रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बस्ती में न तो सफाई कर्मचारी मौजूद हैं और न ही खंभों पर स्ट्रीट लाइट लगी है। इस वजह से रात के समय दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। साथ ही, नालों की सफाई न होने के कारण खाली पड़े प्लाटों में जलभराव की समस्या बढ़ गई है। निवासियों का कहना है कि इस जलभराव में मच्छर पनप रहे हैं और बच्चे साइकिल चलाते समय गिरने जैसी घटनाओं का सामना कर चुके हैं। कई बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद नगर पालिका ने अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।स्थानीय लोग यह भी आरोप लगा रहे हैं कि पालिका केवल नगर के ्लचहेतेङ्क इलाकों पर ध्यान दे रही है, जबकि हिंदू इलाकों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है।

# 50 हजार के इनामिया गैंगस्टर कप्तान सिंह ने कोर्ट में किया सरेंडर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



20 के करीब मुक़दमों में वांछित चल रहे 50 हजार के इनामिया गैंगस्टर भूपेंद्र सिंह उर्फ़ कप्तान ने किया कोर्ट में सरेंडर

गोण्डा । जिले में बीते दो माह से फरार चल रहे पचास हजार रुपए के इनामिया गैंगस्टर भूपेंद्र सिंह उर्फ कप्तान सिंह ने पुलिस को चकमा देते हुए न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया, गोंडा की एसओजी टीम, नगर कोतवाली पुलिस और यूपी एसटीएफ उसकी तलाश कर रही थी न्या यालय ने आरोपी भूपेंद्र सिंह उर्फ कप्तान सिंह को वर्ष 2023 में नगर कोतवाली क्षेत्र में हुए मारपीट के एक मामले में न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।आरोपी कप्तान सिंह पर पहले गोंडा के कौड़िया बाजार थाने से पचीस हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।जब उस की गिरफ्तारी नहीं हो पाई तो देवीपाटन रेंज के डीआईजी अमित पाठक ने बीते दस नवंबर को उस पर पचास हजार रुपए का इनाम घोषित किया।पचास हजार रुपए का इनाम घोषित होने के बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए यूपी एसटीएफ को बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए यूपी एसटीएफ को भी लगाया गया था।गोंडा की एसओजी टीम और नगर कोतवाली पुलिस भी लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। भूपें द्र सिंह उर्फ कप्तान सिंह नगर कोतवाली और खरगूपुर थाने में दर्ज कई अन्य मुकदमों में भी फरार चल रहा था।उसके खिलाफ गोंडा जिले के विभिन्न थानों में लगभग बीस मुकदमे दर्ज हैं,जिनमें लूट, डकैती, मारपीट और गोली मारने जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।उसे गोंडा का ए क कुख्यात बदमाश माना जाता है,जो जेल से छूटने के बाद लगातार आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता रहा है।फिलहाल गोंडा पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है। वहीं सीओ सिटी आनंद राय ने बताया कि आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर किया है जहां न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वर्ष 2023 में नगर कोतवाली में दर्ज एक मुक दमे में उसने सरेंडर किया है।फिलहाल गोंडा के नगर कोतवाली पुलिस और खरगूपुर थाने की पुलिस भी फरार चल रहे मुकदमा में पूरे मामले को लेकर के जांच कर रही है।

# जिलाधिकारी ने किया इंडियन बैंक आवास विकास शाखा का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । देश के प्रमुख राष्ट्रीयकृत एवं जिले के अग्रणी बैंक इंडियन बैंक की आवास विकास शाखा, के नव सुसज्जित परिसर का लोकार्पण मंगलवार को जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में इंडियन बैंक गोण्डा के अंचल प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक राजेश बडोरिया,उप अंचल प्रमुख संदीप कुमार सिन्हा, अग्रणी जिला प्रबंधक विनोद कुमार तिवारी सहित विशिष्ट ग्राहक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।अंचल प्रमुख राजेश बडोरिया ने जिलाधिकारी का स्वागत करते हुए कहा कि जिले का अग्रणी बैंक होने के नाते इंडियन बैंक का दायित्व है कि ग्राहकों को बेहतर सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने बताया कि सभी शाखाओं में तकनीकी आधारित सेवाओं के विस्तार एवं साज-सज्जा को और अधिक बेहतर करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि इंडियन बैंक ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है और आवास विकास शाखा का यह नया परिसर इसका उदाहरण है। उन्होंने ग्राहक संतुष्टि, सामाजिक दायित्वों की पूर्ति तथा वित्तीय और साइबर जागरूकता के प्रसार पर विशेष जोर दिया।इस दौरान सहायक महाप्रबंधक राजेश बडोरिया ने बताया कि शाखा में ग्राहकों की सुविधा के लिए आधुनिक ग्राहक लॉबी का भी निर्माण किया गया है, जिसका उद्घाटन इसी अवसर पर किया गया।

अंत में शाखा प्रबंधक अमन श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अरुण कुमार, अमर सिंह मौर्य, आलोक कुमार, आशीष कुमार सिंह सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग तेज, 27 जनवरी को देशव्यापी बैंक हड़ताल

मीरजापुर। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (यूएफबीयू) के आह्वान पर पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू कराने की मांग को लेकर बैंक कर्मियों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को मीरजापुर जनपद की सार्वजनिक क्षेत्र की सभी बैंक शाखाओं के अधिकारी व कर्मचारियों ने बैज धारण कर विरोध दर्ज कराते हुए कार्य किया और 27 जनवरी को देशव्यापी बैंक हड़ताल में शामिल होने की घोषणा की। जिला संयोजक सुरेश पाण्डेय ने बताया कि दो वर्ष पूर्व यूएफबीयू और इंडियन बैंक एसोसिएशन के बीच पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह को लेकर लिखित समझौता हो चुका है। इसके तहत सोमवार से शुक्रवार तक प्रतिदिन 40 मिनट अतिरिक्त कार्य कर कुल कार्यघंटों को यथावत रखने पर सहमति बनी थी, लेकिन यह प्रस्ताव अभी तक केंद्र सरकार के वित्त मंत्री के स्तर पर लंबित है। आरोप लगाया कि सरकार बैंक कर्मियों की मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी को 24 घंटे की देशव्यापी बैंक हड़ताल का निर्णय लिया गया है। 24, 25 और 26 जनवरी को अवकाश रहने के कारण हड़ताल के चलते चार दिन तक बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहेंगी।

# लड़कियों को बचाने के चक्कर में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में देर शाम सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है यह घटना करनैलगंज-हुजूरपुर मार्ग पर बैकुंठ नाथ महाविद्यालय के पास हुई। बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल सवार युवक सड़क पार कर रही लड़कियों को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गए।मृत कों की पहचान 22 वर्षीय फरमान और 24 वर्षीय आलम के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों युवकों को करनैलगंज सामुदा यिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।दोनों युवक करनैल गंज बाजार से अपने घर बरबटपुर जा रहे थे इस हादसे में सड़क पार कर रही 18 वर्षीय मुस्कान और 17 वर्षीय हर्षवी भी घायल हो गईं।उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज में भर्ती कराया गया है जहां डॉक्टर ने एक बालिका को जिला अस्प ताल गोंडा रेफर कर दिया है।सूचना मिलने पर करनैलगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं।करनैलगंज कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार थे। सड़क पार कर रही दो लड़कियों को बचाने के चक्कर में उनकी बाइकअनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उनकी मौत हो गई।घायल लड़कि यों की हालत सामान्य बताई जा रही है मौके पर पुलिस बल को तैनात किया गया है आगे की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# झिलाही रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म निर्माण में अनियमितता का आरोप

❒ ठेकेदार के द्वारा जमकर की जा रही मनमानी स्थानीय लोगों ने उठाई कार्यवाही की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । गोरखपुरऽगोंडा रेलवे प्रखंड पर स्थित झिलाही रेलवे स्टेशन पर नए सिरे से हो रहे प्लेटफार्म निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है निर्माण में प्रयुक्त होने वाले मैटेरियल मिश्रण अनुपात सहित अन्य सामग्रियों में जमकर खेल किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में पीले ईंटों तथा मानक विहीन निर्माण सामग्रियों का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार प्लेटफार्म निर्माण में प्रयुक्त सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। निर्माण में हो रही मनमानी को लेकर जब संबंधित संस्था द्वारा लगाए गए मौके पर कार्य कर रहे लोगों से संपर्क करके ठेकेदार का संपर्क नम्बर लिया गया तो मिले नंबर पर लगातार कई बार घंटी बजाई गई लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। ऐसे में ठेकेदार का पक्ष नहीं जाना जा सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है, तथा भविष्य में जिला ही से ही कट कर अयोध्या जाने के लिए एक क्रॉस लाइन की भी व्यवस्था होने जा रही है उसके बावजूद भी मानक की अनदेखी से संकट खड़ा हो सकता है। तथा घटिया सामग्री से किया गया निर्माण भविष्य में हादसे का कारण भी बन सकता है।लोगों ने रेलवे प्रशास न से मामले की जांच कराकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित कराने की मांग की है।

## मां विंध्यवासिनी के गर्भगृह में रील की होड़, आस्था पर भारी पड़ रहा मोबाइल कल्चर

मीरजापुर। मां विंध्यवासिनी मंदिर के गर्भगृह में इन दिनों श्रद्धा से ज्यादा ‘रील’ का बोलबाला नजर आ रहा है। लाइक और कमेंट की होड़ में मंदिर की मर्यादा तार-तार होती दिख रही है। हालात यह है कि गर्भगृह में मौजूद कुछ पुरोहितों से लेकर श्रद्धालुओं तक, मोबाइल हाथ में लिए फिल्मी गानों पर रील बनाते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि कई लोग देवी मां के दर्शन के दौरान वीडियो कॉलिंग और रील रिकॉर्डिंग में इतने व्यस्त रहते हैं कि दूर-दराज से आए श्रद्धालु झांकी के एक दर्शन के लिए तरस जाते हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि मोबाइल लेकर खड़े लोग रास्ता घेर लेते हैं, जिससे दर्शन में बाधा उत्पन्न होती है। इसी को लेकर आए दिन विवाद की स्थिति भी बन जाती है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पंडा समाज ने कड़ा रुख अपनाया है। पंडा समाज के अध्यक्ष ने कहा कि गर्भगृह में मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से मंदिर की गरिमा प्रभावित हो रही है। जल्द ही गर्भगृह में मोबाइल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया जा सकता है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। पंडा समाज के मंत्री भानु पाठक ने प्रशासन से मांग की है कि गर्भगृह में मोबाइल पूरी तरह बंद किया जाए, ताकि दर्शन व्यवस्था सुचारु हो और मंदिर की पवित्रता बनी रहे।

## जमीन कब्जा दिलाने के नाम पर रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार

बरेली। उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत एंटी करप्शन टीम ने बदायूं जिले में बड़ी कार्रवाई की है। तहसील बिसौली में तैनात राजस्व लेखपाल सतीश चंद्र शर्मा को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से तहसील और राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है।
एंटी करप्शन बरेली यूनिट के इंस्पेक्टर इश्तियाक वारसी ने मंगलवार को बताया कि शिकायतकर्ता ग्राम जखोरा जौहरपुर निवासी ओमप्रकाश ने अपनी शिकायत में बताया कि वर्ष 2005 में उसे आबादी का प्लॉट आवंटित हुआ था। प्लॉट पर कब्जा दिलाने के नाम पर लेखपाल लगातार टालमटोल करते हुए 5 हजार रुपये की मांग कर रहा था।

# नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर में पशुओं का किया गया उपचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कैलाश चंद रमोला कमांडेंट 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, नानपारा के निर्देशानुसार डॉ. जय प्रकाश पशुचिकित्सा अधिकारी, मिहींपुरवा के सहयोग से, 59वी वाहिनी के कार्यक्षेत्र में स्थित गाँवऽगोपिया में एक विशेष निःशुल्क पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य सीमावर्ती गांवों के पशुपालकों को उनके पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना था । इस शिविर में न केवल पशुओं का उपचार किया गया, बल्कि पशुपालकों को स्वास्थ्य, पोषण और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी भी दी गई । शिविर में डॉ. जय प्रकाश, पशुचिकित्सा अधिकारी, मिहींपुरवा के नेतृत्व में और 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के अनुभवी पशु चिकित्सकों की टीम ने भाग लिया । इस कार्यक्रम पर कुल 35 ग्रामीणों के 236 पशुओं का इलाज किया गया । पशुओं को प्राथमिक उपचार के साथ-साथ टीकाकरण, परजीवी नाशक दवाओं का वितरण और पोषण संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया । 59 वाहिनीं सशस्त्र सीमा बल, नानपारा, अपने समर्पण और जिम्मेदारी का पालन करते हुए, भविष्य में भी इस तरह के चिकित्सा शिविरों का आयोजन करता रहेगा ।

## जिला उद्योग बन्धु की बैठक 24 जनवरी को

बहराइच। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच ने बताया कि 24 जनवरी 2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं एम.ओ.यू. से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों से अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

## प्रमुख सचिव राजीव रंजन ने शिक्षा स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया

बागपत। उत्तर प्रदेश के आयुष विभाग के प्रमुख सचिव एवं शासन से नामित नोडल अधिकारी रंजन कुमार ने मंगलवार को जनपद में भ्रमण के दूसरे दिन विकास कार्यों, स्वास्थ्य सेवाओं और शैक्षिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं और सेवाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए। नोडल अधिकारी ने सबसे पहले खेकड़ा विकासखंड के सांकरौद गांव स्थित 50 बैड वाला आयुष चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, वार्ड ओपीडी और औषधि वितरण कक्ष के साथ उपचार कक्ष की व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान उन्होंने आयुष चिकित्सालय के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण और कस्बा क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग आयुर्वेद यूनानी और होम्योपैथी की उपयोगिता से अनभिज्ञ है। विभागीय स्तर पर इसका प्रचार प्रसार होना चाहिए। इसके बाद नोडल अधिकारी पिलाना विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय हिसावदा का निरीक्षण करने पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों से संवाद किया। उनकी पढ़ाई का स्तर जाना, विद्यालय में 224 विद्यार्थी पंजीकृत पाए गए जिसमें 189 छात्र छात्राएं उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से सर्दी को देखते हुए जूते, मौजे, यूनिफॉर्म और पुस्तकों के बारे में जानकारी ली, उन्होंने स्वयं कक्षा में चॉक उठाकर बच्चों को पढ़ना शुरू किया और उनसे खेल खेलकूद और पढ़ाई के बारे में बातचीत की। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र सरूरपुर का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने ओपीडी दवा वितरण, साफ-सफाई, स्टाफ आदि की उपस्थिति देखी और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के बाद नोडल अधिकारी ने शासन की योजनाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और लाभार्थियों से फीडबैक लेने के लिए भी कहा।

# सनातन की रक्षा के लिए सारे भेदभाव त्यागें: महामंडलेश्वर श्री रवि गिरी

❒ संपूर्ण हिंदू समाज को एक स्वर में संगठित होना चाहिए : विष्णु देवाचार्य

❒ 100 वर्षों से हिंदू समाज को जोड़ने का कार्य कर रहा है संघ : अशोक केडिया

❒ संतों ने एकजुट होने की भरी हुंकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । महसी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आज दिनांक 20 जनवरी दिन मंगलवार को महसी खंड के जोत चंदपरा मंडल के ग्राम पंचायत औराही स्थित शंकर भगवान के मंदिर प्रांगण में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भारत माता के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर हुई कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय सामाजिक सद्भाव प्रमुख अशोक कीजिए जी रहे वह मुख्य अतिथि श्री सिद्धनाथ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री रवि गिरी महाराज एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूजा संत विष्णु देवाचार्य जी महाराज रहे मुख्य वक्ता अशोक केडिया ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा की 100 वर्षों से हिंदू समाज को जोड़ने का कार्य संघ कर रहा है तथा आगामी वर्षों में हम पांच प्राण सामाजिक समरसता कुटुंब प्रबोधन पर्यावरण संरक्षण स्वा का बोध एवं नागरिक कर्तव्य को लेकर आम जनमानस को जगाने का कार्य करेंगे। इसी क्रम में हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर रवि गिरी जी महाराज ने कहा हिंदू समाज तभी सुरक्षित रहेगा जब हम जात-पात की भावना से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण का कार्य करेंगे एवं सनातन की रक्षा के लिए सारे भेदभाव भूलकर धर्म की ध्वजा को लेकर आगे बढ़ाएंगे इस अवसर पर जिले के ख्याति प्राप्त संत स्वामी विष्णु देवाचार्य ने कहा कि भारत सैकड़ों सालों से गुलामी की मानसिकता में रहा है यह जागरण का समय है इसमें संपूर्ण हिंदू समाज को एक स्वर में संगठित होकर धर्मउत्थान के कार्य में लगना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री हरिद्वार प्रसाद जी ने एवं संचालन खंड कार्यवाह टीकाराम ने किया ।

# अवैध अतिक्रमण पर एसडीएम नानपारा के नेतृत्व में गरजी जेसीबी

❒ सरकारी भूमि पर बने पक्के निर्माण हुए ज़मीनदोज़

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । नानपारा तहसील क्षेत्रान्तर्गत ग्राम इमामनगर गड़रहवा स्थित गाटा संख्या-280 रकबा 0.1900 है. जोकि राजस्व अभिलेखों में खलिहान के नाम दर्ज है तथा गाटा संख्या 68 जो कि राजस्व अभिलेखों में तालाब के नाम दर्ज है। जिस पर ग्राम के ही कुल 16 व्यक्तियों के द्वारा लंबे समय से उपरोक्त सरकारी भूमि पर पक्का निर्माण करके अवैध कब्जा कर रखा था। सरकारी भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय पांडेय, राजस्व निरीक्षक सनाउल्लाह व क्षेत्रीय लेखपाल ने जे.सी.बी के माध्यम से ध्वस्त करवा दिया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान दौरान एसएसबी व पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

तहसील प्रशासन की सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश क्षेत्र में गया है कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम नानपारा द्वारा लगातार सरकारी भूमि पर से अवैध अतिक्रमण हटवाए जाने पर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमणकारियो में भय का माहौल है वही यह भी स्पष्ट हो गया है कि अब प्रशासन अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण पर कड़ी कार्यवाही कर रहा है। तहसील प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सरकारी भूमि, तालाब, चकरोड एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर किए गए सभी अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध आगे भी अभियान जारी रहेगा। सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# नकली कफ सिरप के अवैध व्यापार का खुलासा बनाने और तस्करी करने वाला एक युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। थाना घुंघचाई मे कफ सिरप बनाने और तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ घुंघचाई पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स नकली कफ सिरप बनाने की फैक्टरी पकड़ी घुंघचाई पुलिस ने सुरेश कुमार पुत्र कामता प्रसाद निवासी लाह को उसके घर से गिरफ्तार किया उसके कब्जे से 340 अदद ट्ठधध्द्ब क्ध्द्यद एवं 35 अदद एधभधन्द्ब-ट्ठ कफ सिरप की शीशियाँ तथा कफ सिरप बनाने से सम्बन्धित सामग्री, जिसमें 05 पैकेटों में 488 नई खाली शीशियाँ (बिना ढक्कन), 110 रैपर, 1939 ढक्कन, 03 स्प्रिट से भरी शीशियाँ, एक छोटा गैस सिलेंडर एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। बरामदी के आधार पर मु0अ0सं0 07/2026 धारा 318(4)/338/336(3)/340(2)/276/277/278 बीएनएस व 103/104 ट्रेड मार्क एक्ट थाना घुंघचाई में अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह वर्ष 2003 में सिटी अस्पताल पीलीभीत में कम्पाउंडरी का कार्य करता था तथा लगभग 3 वर्ष कार्य करने के बाद अपने गाँव आकर लोगों को जुकाम, बुखार व खाँसी की दवाइयाँ देने के लिए छोटा क्लीनिक खोल लिया इसके अतिरिक्त वह थाना खुटार क्षेत्र, जनपद शाहजहाँपुर के मझगंवा गाँव में भी क्लीनिक चलाने लगा अभियुक्त ने लगभग 2 वर्ष पूर्व यूट्यूब से नकली कफ सिरप बनाने की जानकारी प्राप्त कर घर पर ही नकली कफ सिरप बनाना शुरू कर दिया कोरेक्स कफ सिरप की बिक्री बंद होने के कारण उसने ट्ठधध्द्ब क्ध्द्यद व एधभधन्द्ब-ट्ठ के रैपर जैसी छपाई कराई और स्प्रिट, ऑरेंज फ्लेवर नम्बर-1, कद्दू सिरप के घोल व चीनी के शीरे से नकली कफ सिरप तैयार करने लगा उसने जनपद बरेली से खाली शीशियाँ व ढक्कन मंगवाए तथा छोटे गैस सिलेंडर की सहायता से 20 शीशियों की लेमिनेशन युक्त पैकिंग कर उन्हें असली जैसा रूप देता था अभियुक्त ने बताया कि वह उक्त कफ सिरप की पेटियाँ साई मेडिकल स्टोर पूरनपुर, गिरिराज मेडिकल स्टोर पूरनपुर एवं उमापति मंडल को देता था तथा गाँव-कस्बों में नशेड़ियों को 80 से 100 रुपये प्रति शीशी के हिसाब से बिक्री करता था उसे 10 शीशियाँ बनाने में 75-80 रुपये का खर्च आता था, जबकि वही 600-800 रुपये में बिक जाती थीं जिससे उसका लालच बढ़ता गया वह एक बार में लगभग 350 शीशियाँ तैयार करता था तथा बिक्री पूर्ण होने के बाद ही नई खेप बनाता था नकली कफ सिरप में कुछ मात्रा में असली सिरप व स्प्रिट मिलाने से उसका स्वाद असली जैसा हो जाता था, जिससे नशेड़ियों में उसकी मांग अधिक रहती थी बरामदगी एवं गिरफ्तारी से अवैध नकली दवाओं की बिक्री पर नियंत्रण लगेगा आमजन से अपील है कि दवा लेते समय बारकोड व विश्वसनीयता की जाँच करें तथा मेडिकल स्टोर संचालक बिना बिल के दवाइयाँ न खरीदें अभियुक्त द्वारा बताए गए मेडिकल स्टोरों एवं नशेड़ियों के सम्बन्ध में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में मीटिंग संपन्न उपस्थित रहे कई दर्जन क्षेत्र पंचायत सदस्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। विकासखंड मरौरी में ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा की अध्यक्षता में मीटिंग संपन्न हुई। सर्वप्रथम नेपाली बाबू जेई लघु सिंचाई द्वारा क्षेत्र पंचायत की पिछली बैठक की कार्रवाई पढ़कर सुनाई गई। उसके बाद उपस्थित विभागों के अधिकारियों ने विस्तार पूर्वक सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी है।बैठक में मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी लियाकत अली,नेपाली बाबू जेई लघु सिंचाई,साहिसपाल एमओआईसी न्यूरिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे बैठक समाप्ति के बाद खंड विकास अधिकारी लियाकत अली ने विकासखंड स्तर से होने वाली समस्त योजनाओं के विषय में जानकारी दी है।बैठक में 64 ग्राम प्रधान एवं 77 क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे साथ ही बैठक में 83 कार्यों के प्रस्ताव के पास हुए। और अंत में ब्लॉक प्रमुख



सभ्यता वर्मा के द्वारा बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

## गौरीगंज तहसील में आज किसान दिवस मनाया जायेगा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद अमेठी में माह जनवरी के तृतीय बुधवार इक्कीस जनवरी को किसान दिवस का आयोजन तहसील सभागार गौरीगंज में अपरान्ह बारह बजे से दो बजे तक किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने जनपद के विभागीय अधिकारियों को सूचित किया कि किसान दिवस से सम्बन्धित संचालित कार्यक्रमों की सूचना सहित बैठक में समय से स्वयं प्रतिभाग करें।

## अमेठी में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर ब्लैक आउट माक ड्रिल का होगा आयोजन

अमेठी । अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रमुख सचिव, नागरिक सुरक्षा अनुभाग के निर्देश पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा ब्लैक आउट माक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है।यह माक ड्रिल डीएम एवं नियंत्रक महोदय की अध्यक्षता में दिनांक तेइस जनवरी को सायं छह बजे आयोजित होगी।यह अभ्यास नवनिर्मित रिजर्व पुलिस लाइन गौरीगंज प्रस्तावित है।माक ड्रिल का उद्देश्य नागरिकों को किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए जागरूक एवं तैयार करना है। अपर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि ब्लैक आउट सायरन बजने के दौरान घबराएं नहीं। जो व्यक्ति जहां हैं वहीं किसी सुरक्षित स्थान पर शरण लें। यदि आसपास सुरक्षित स्थान उपलब्ध न हो तो जमीन पर लेटकर दोनों कानों को जोर से दबाकर रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलाएं। ब्लैक आउट की अवधि में सार्वजनिक विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से काट दी जायेगी जिससे अंधेरा रहेगा। इस दौरान इनवर्टर एवं जनरेटर का प्रयोग न करने की अपील की गई है, ताकि माक ड्रिल का उद्देश्य प्रभावी रूप से पूरा हो सके। उन्होंने सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि इस जागरूकता अभियान में सहयोग करते हुये प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पूर्णतः पालन करें।

## नवविवाहिता ने ससुरालीजनों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

तिलोई अमेठी । थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव पूरे पंडित मजरे कूरा की एक नवविवाहिता ने अपने पति समेत पांच ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ससुरालीजनों द्वारा दहेज में चौपहिया वाहन की मांग की जा रही थी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।थाना गौरीगंज क्षेत्र के गांव ऐंधी की एक युवती की शादी लगभग एक साल पूर्व मे हिन्दू रीति रिवाज के साथ अशोक कुमार पाण्डेय पुत्र संतोष पाण्डेय निवासी ग्राम पण्डित का पुरवा मजरे कूरा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी के साथ हुई थी। नवविवाहिता ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि शादी से कुछ दिन तक मेरे पति मुझे ठीक ठाक से रखा उसके बाद से मेरे पति मुझसे कहा की अपने माता से कहो की मुझे चार पहिया गाड़ी दे तो हमने कहा हमारी बेवा मां है। कहां से चार पहिया गाडी दे पायेगी उसी बात को लेकर मेरे पति समेत अन्य ससुराली जनों द्वारा आये दिन प्रताड़ित करते रहते है और हमें तलाक देकर दूसरी शादी रचाना चाहते हैं। नवविवाहिता ने बताया कि ससुरालियों द्वारा जेवरात भी छीन लिया गया है। नवविवाहिता ने स्थानीय पुलिस को आपबीती सुनाई तो पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये नवविवाहिता की तहरीर पर पति अशोक कुमार पाण्डेय समेत पांच नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

## दो बाइकों की भिड़ंत दो लोग घायल

पूरनपुर।घुंघचिहाई क्षेत्र में दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार घुंघचिहाई निवासी राकेश (60 वर्ष) अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे, तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर मोहल्ला गनेशगंज निवासी कासिद सवार था, जो इस दुर्घटना में घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## शहीदी दिवस पर भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर में शहीदी दिवस के अवसर पर भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार दोपहर एक बजे गांव पहुंचकर शहीद पार्क में स्थित शहीद स्तम्भ पर फूल चढ़ाकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पार्टी जिला प्रभारी अफरोज आलम ने कहा कि शहीदों की कुर्बानी देश और समाज के लिए प्रेरणास्रोत है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि आज के समय में शहीदों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है। कार्यक्रम में सईद खां, ब्लाक सचिव देवीदयाल, ब्लाक कमेटी सदस्य रामपाल, अजमतुल्ला खां, विश्राम, गहलुईया ब्रांच सचिव नासर खां, पडरिया के यदुवीर सिंह यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया और एकजुटता का संदेश दिया।

## अधिवक्ता के घर पर कब्जा

पूरनपुर। अधिवक्ता आरती ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने मोहल्ला कायस्थान में राधा देवी पत्नी हरिओम से एक मकान खरीदा था, जिसकी पूरी धनराशि अदा कर दी गई है। मकान खरीदने के बाद अधिवक्ता अपने खरीदे हुए घर में मरम्मत का कार्य करा रही थीं। आरोप है कि मकान बिक्री के बाद भी संबंधित लोगों ने दोबारा घर पर कब्जा कर लिया और अधिवक्ता को मकान वापस करने की धमकी दी।अधिवक्ता का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उक्त लोग लड़ाई-झगड़े पर आमादा हो गए और जान से मारने की धमकी देने लगे। इस पर अधिवक्ता आरती देवी ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी और बाद में कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत भी की। बावजूद इसके आरोपी घर खाली नहीं कर रहे हैं। इसी को लेकर पीड़िता अधिवक्ता अपने साथियों के साथ कोतवाली पहुंची और मकान खाली कराए जाने की मांग की। मांग पूरी न होने पर अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है।

## एटा हत्याकांड का खुलासा : बेटा निकला माता-पिता, पत्नी और बेटी का हत्यारा

एटा। उत्तर प्रदेश में जनपद एटा के शहर कोतवाली क्षेत्र में हुई वृद्ध दपंति और उनकी बहू और पौत्री की हत्या का खुलासा मंगलवार को पुलिस ने कर दिया। चार लोगों की हत्या में कोई और नहीं बल्कि बेटा ही निकला। अलीगढ़ रेंज के पुलिस उप?महानिरीक्षक प्रभाकर चौधरी ने बताया कि गांव नगला प्रेमी में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या सोमवार को कर दी गई थी। मृतकों में वृद्ध दंपति गंगा सिंह शाक्य (70) व श्यामा देवी (65), पुत्रवधू रत्ना देवी (48) और पौत्री ज्योति (22) शामिल हैं। हत्यारे ने घर में घुसने के बाद ईंट से सभी के सिर व चेहरे पर वार कर वारदात अंजाम दी। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपित मृतक दंपति के बेटे कमल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।
जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में घटनाक्रम स्पष्ट हुआ, जिसमें आरोपित कमल सिंह की संदिग्ध गतिविधियां कैद मिलीं। फुटेज में घर के अंदर-बाहर आने-जाने का पूरा टाइमलाइन सामने आया। इसके बाद पुलिस ने कमल को गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ शुरू की। उसने स्वीकारा कि उनकी बेटी की शादी तय हुई थी, जिसके लिए पैसों का इंतजाम उन्हें करना था। कुछ पैसों के इंतजाम हो गया था, लेकिन दो दिन डिले हो गये। सोमवार को जब वे खाना खाने के लिए गये तो पत्नी ने पैसे के बारे में पूछा। इस बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई तो पत्नी ने ऐसी भाषा का उपयोग किया जो उन्हें अच्छी नहीं लगी और झगड़ा शुरू हो गया। झगड़े के बाद वह छत पर चला गया और वहां से ईंट लाकर पत्नी और बेटी पर प्रहार कर मार दिया। चीख सुनकर मां श्यामा जब कमरे में पहुंची तो उसने उन्हें भी ईंट मारकर गिरा दिया। बाद में साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से कैंसर पीड़ित पिता कमल की भी हत्या कर दी। घटना के बाद बाइक से निकलकर मेडिकल दुकान पहुंचा और वहां से पैसे लेकर पेट्रोल डलवाने के लिए पंप की ओर चला गया। थोड़ी देर में बेटा देवांश घर पहुंचा तो घटना के बारे में

# मानसिक विक्षिप्त युवती से दुष्कर्म का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। रिश्तेदार के घर को सुरक्षित समझकर मानसिक विक्षिप्त पुत्री को छोड़कर भाई की दवा लेने गई महिला की गैरमौजूदगी में युवती के साथ दुष्कर्म किए जाने का गंभीर आरोप सामने आया है। पीड़िता की मां द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, घटना के समय आरोपित ने अमानवीय कृत्य को अंजाम दिया, जिसे उसकी पत्नी ने देर रात रंगे हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर आरोपित ने पत्नी को जान से मारने की धमकी देकर चुप करा दिया। पूरनपुर नगर के एक मोहल्ले की रहने वाली महिला ने बताया कि 16 सितंबर 2025 को वह अपने भाई की दवा लेने पीलीभीत गई थी। घर में पुत्री को अकेला छोड़ना असंभव होने के कारण उसे रिश्तेदार के घर छोड़ा गया। पीड़िता मानसिक विक्षिप्त है और अपने निजी कार्य स्वयं नहीं कर पाती। आरोप है कि इसी दौरान रिश्तेदार ने मौका पाकर युवती को निर्वस्त्र कर उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत के अनुसार रात में घर के भीतर आहट होने पर आरोपित की पत्नी और बच्चों की नींद खुल गई। पत्नी ने कमरे में जाकर देखा तो युवती निर्वस्त्र अवस्था में थी। पत्नी ने तत्काल युवती को कपड़े पहनाए और पति की इस हरकत पर कड़ा विरोध जताया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपित ने पत्नी को जान से मारने की धमकी दी, जिससे वह डर गई और तत्काल किसी को सूचना नहीं दे सकी। बताया गया कि 15 जनवरी को आरोपित की पत्नी ने पति की करतूतों का खुलासा किया और घटना की जानकारी पीड़िता की मां को दी। इसके बाद पीड़िता की मां ने आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी।

# शंकराचार्य महाराज के साथ अमानवीय व्यवहार को लेकर सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के साथ प्रयागराज में हुई पुलिसिया उत्पीड़न और अमानवीय व्यवहार के खिलाफ सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन की अगुवाई करते हुए संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि जिस सनातन धर्म ने पूरी दुनिया को 'मर्यादा' और 'सम्मान' सिखाया, आज उसी धर्म के सर्वोच्च पद 'शंकराचार्य' के साथ अभद्र व्यवहार होते देखना हृदयविदारक है।

?स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि आदि गुरु शंकराचार्य की उस महान परंपरा के ध्वजवाहक हैं, जिसने भारत को एक सूत्र में पिरोया है। कटका क्लब के मीडिया प्रभारी मोनू यादव ने



बताया कि पूज्य गुरु जी के साथ अमानवीय व्यवहार करने वाले पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया जाएगा। सार्वजनिक रूप से पूज्य महाराज से माफी मांगी जाए।कटका क्लब के आईटी सेल प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा ने बताया कि जो जुल्म आज संतों और शंकराचार्य पर हो रहा है इससे पूर्व अंग्रेजों के दौर में भी नहीं हुआ करते थे। जिस संस्था बर्दाश्त नहीं करेगी जल्द उग्र आंदोलन करेगी। इससे पूर्व शंकराचार्य ने संस्था को समर्थन दे चुके हैं।ज्ञापन के दौरान आदर्श जायसवाल, रामराज पांडेय, प्रज्वल मिश्र, सुशांत पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

## नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में बोर्ड की मीटिंग हुई संपन्न

पूरनपुर।नगर पालिका बोर्ड बैठक अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शैलेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 26-01-2026 में श्री रामलीला मैदान पूरनपुर में नगर पालिका परिषद पूरनपुर द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह को धूम धाम से मनाये जाने हेतु कार्य योजना बनाई गई। साथ ही सर्व सहमति से होली पर नगर के होली स्थलों पर लकड़ी का प्रबंध नगर पालिका द्वारा किया जाना सुनिश्चित हुआ। बैठक में अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद, लेखाकार दिनेश भारती, सभासद उर्मिला देवी, सूरज बाथम, उदित सिंह, राजो देवी, दिनेश कुमार, विकास गुप्ता, विनीता देवी, मो.शरीफ, सौरभ सक्सेना 'रासू', शाहजहां बेग़म, राजेश कुमार, सुबेजहाँ बेग़म, गौरव जायसवाल, नेहा, नुसरत परवीन, मुन्नी बेगम, डॉ. रोहित मिश्रा, मो. आसिम रज़ा, नादिर रज़ा, सुशील कुमार गुप्ता, शराफत अली, अनुज कुमार गुप्ता, मो. मियां, दुर्वेश प्रजापति, सफाई नायक बालकराम, नरेश कुमार, अखिलेश कुमार व अन्य समस्त नगर पालिका कर्मचारीगण उपस्थित रहे है।

# आध्यात्मिक मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक : सुनील आंबेकर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। मंगलवार को स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि सुनील आम्बेकर ने मंगलवार को स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत जब आर्थिक और सामाजिक रूप से प्रगति कर रहा है, तब आध्यात्मिक मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारा देश जब आर्थिक स्थिति में आगे बढ़ रहा है और



जीवन के हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है, तब उसे आध्यात्मिकता की भी उतनी ही जरूरत है। हर व्यक्ति को देश के बारे में सोचने की उतनी ही जरूरत है। विवेकानंद जी के जीवन का यह संदेश प्रसारित करने की दृष्टि से आज इस प्रतिमा का अनावरण हुआ है।

कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने इस बात पर भी जोर दिया कि स्वामी विवेकानंद का जीवन संघर्षों से भरा रहा और उनके आदर्श आज भी युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। प्रतिमा के अनावरण के साथ ही पूरे परिसर में उत्साह का माहौल देखा गया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद के 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' के संदेश को आत्मसात करने के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, भाजपा नेता आलोक कुमार आर्या और डॉ. एके सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## 18 घण्टे में गौकशी की घटना का खुलासा पुलिस मुठभेड मे तीनों तस्कर पुलिस गिरफ्त में

पूरनपुर।कोतवाली प्रभारी पवन पाण्डेय के कुशल नेतृत्व मे पूरनपुर पुलिस ने 18 घंटे मे रघुनाथपुर मे हुई गौकशी की घटना का खुलासा करते हुऐ अवैध तमंचा सहित पशु वध की फिराक में घूम रहे तीन गोमांस तस्करों को पुलिस की मुठभेड़ मे घेराबंदी करते हुऐ गिरफ्तार कर लिया तस्करों ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरु कर दी पुलिस की जवाबी फायरिंग मे तीनों अपराधियों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए घायल अपराधियों को पूरनपुर सीएचसी से उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया रविवार देर रात गोमांस तस्करों ने कोतवाली क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर में आबादी से सटे आम के बाग में गोवंशीय पशु का वध किया था मकरंदपुर गौटिया निवासी भूरा पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया था सूचना पर पहुंचे हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने रोष व्यक्त कर हंगामा किया था पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर तस्करों की तलाश में जुट गई सोमवार देर शाम प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पांडेय ने टीम के साथ धनाराघाट रोड पर चेकिंग कर रहे थे पुलिस ने धनाराघाट की तरफ जा रहे बाइक सवार तीन युवकों को रोकने का प्रयास किया आरोपितो ने पुलिस को देखते ही फायरिंग कर बाइक हरीपुर माइनर की पटरी पर दौड़ा दी जबाबी कार्रवाई में पुलिस ने चार राउंड फायर किए पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तीनों तस्करी के पैर में गोली लगने से गिर गए पुलिस ने उनको दबोच लिया पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम अशोक कुमार, प्रवीन निवासी गांव रघुनाथपुर और भूरा पुत्र सलीम निवासी गांव मकरंदपुर गौटिया बताया तस्करों के कब्जे से तीन अवैध तमंचा कारतूस, एक बाइक व पशु वध के उपकरण बरामद किए हैं।

## ट्रेलर ने बाइक सवारों को रौंदा, एक की मौत, दो गंभीर

सुल्तानपुर। अयोध्याऽप्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर देहात कोतवाली क्षेत्र के पकड़ी के पास मंगलवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे भीषण हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मारते हुए रौंद दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन करीब आधे घंटे तक एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। इस लापरवाही से आक्रोशित ग्रामीणों ने घायल युवकों को मालवाहक ई-रिक्शा में लादकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां दो की हालत नाजुक बनी हुई है।

# पत्रकार के साथ अभद्रता व गाली-गलौज के विरोध में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा

## तहसील के पत्रकारो ने कहा नही हुई कार्रवाई तो होगा आन्दोलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। लखनऊ के गोमतीनगर स्थित इकाना हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में खबर कवरेज के दौरान पत्रकार रमन मिश्रा के साथ अभद्र व्यवहार एवं गाली-गलौज किए जाने के मामले को लेकर बल्दीराय क्षेत्र के पत्रकारों में आक्रोश व्याप्त है।

इसी क्रम में सोमवार को बल्दीराय के पत्रकारों ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी बल्दीराय को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

इस संबंध में उपजिलाधिकारी बल्दीराय ने बताया कि प्राप्त ज्ञापन को आवश्यक कार्रवाई हेतु शासन को प्रेषित किया जाएगा।



ज्ञापन सौंपने के दौरान पत्रकारों में भोला मिश्रा, रंजीत सिंह,इम्तियाज़ खान,पवन दुबे, मोहम्मद नकी,कर्म राज शर्मा,सोहैल आलम, मोहम्मद तफसीर, तनवीर आलम,लौलाक खान सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# बेरोजगारी का दंश

केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है, जिसमें गत दिसंबर में बेरोजगारी दर बढ़कर 4.8 फीसदी होने की बात कही गई है। भारत दुनिया में युवाओं के देश के रूप में जाना जाता है। लेकिन हम इस युवा शक्ति का भरपूर उपयोग राष्ट्र विकास में नहीं कर पा रहे हैं। चिंता की बात यह भी है कि देश के शहरी क्षेत्र में पंद्रह वर्ष से अधिक आयुवर्ग के युवाओं में बेरोजगारी की दर गांवों के मुकाबले ज्यादा है। जहां शहरों में यह प्रतिशत बढ़कर 6.7 फीसदी हुआ है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में यह 3.9 फीसदी स्थिर है। हाल ही के वर्षों में बेरोजगारी देश में बड़ा मुद्दा रहा है, जो भारत जैसे विकासशील देश के हित में नहीं है। किसी भी अर्थव्यवस्था में विकास दर तभी सार्थक होगी, जब रोजगार के नये मौके उपलब्ध हो रहे हों। नीति-नियंताओं को आत्ममंथन करना होगा कि दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था में रोजगार के नये अवसर क्यों नहीं बन रहे हैं। सरकारें सुनिश्चित करें कि युवाओं को देश की तरक्की में योगदान देने का अवसर मिले। यदि बेरोजगारी की दर बढ़ रही है तो इसके मायने हैं कि संगठित और असंगठित क्षेत्र में नौकरी के मौके बढ़ नहीं रहे हैं। कहा जा रहा है कि औद्योगिक क्षेत्रों में एआई और डिजिटलीकरण के चलते भी नौकरियां घटी हैं। तो क्या हम इस चुनौती के लिये अपने युवाओं को तैयार कर रहे हैं?निश्चित रूप से देश के नीति-नियंताओं को मंथन करना चाहिए कि 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्किल इंडिया' जैसे अभियानों के जमीनी परिणाम उत्साहवर्धक क्यों नहीं हैं? युवाओं की कौशल विकास कार्यक्रमों में भागीदारी के बावजूद रोजगार के मौके क्यों नहीं बढ़ रहे हैं? क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था समय के साथ कदमताल नहीं कर पा रही है? विडंबना यह भी है कि बढ़ती आबादी के बावजूद सरकारी क्षेत्र की नौकरियां कम हो रही हैं। युवाओं की शिकायत होती है कि सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया में तमाम तरह की विसंगतियां व्याप्त हैं। वे परीक्षा प्रणाली पर भी सवाल उठाते रहे हैं। निस्संदेह, बढ़ती बेरोजगारी हमारे विकास के मापदंडों पर भी सवाल खड़ी करती है। निश्चित रूप से संतुलित आर्थिक विकास की सार्थकता के लिए जरूरी है कि देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़े तथा आर्थिक असमानता भी दूर हो। तेज विकास दर के साथ लोगों के जीवन में खुशहाली भी आनी चाहिए। रोजगार के अवसर बढ़ने से ही समाज में खुशहाली आ सकती है। जब देश में रोजगार के मौके बढ़ेंगे तो समाज में वास्तविक समृद्धि आ सकती है। रोजगार के अवसर बढ़ने से उत्पादकता बढ़ेगी और महंगाई पर नियंत्रण पाने में भी मदद मिलेगी। निस्संदेह, बढ़ती क्रय शक्ति भी अर्थव्यवस्था को गति देती है। निर्विवाद रूप से बेरोजगारी कम किए बिना हम देश के सौ साल पूरे होने तक विकसित भारत का लक्ष्य मुश्किल से हासिल कर पाएंगे। हमें एआई व डिजिटल चुनौती के मुकाबले के लिए युवाओं का कौशल विकास तेज करना चाहिए।

भारत दुनिया में युवाओं के देश के रूप में जाना जाता है। लेकिन हम इस युवा शक्ति का भरपूर उपयोग राष्ट्र विकास में नहीं कर पा रहे हैं। चिंता की बात यह भी है कि देश के शहरी क्षेत्र में पंद्रह वर्ष से अधिक आयुवर्ग के युवाओं में बेरोजगारी की दर गांवों के मुकाबले ज्यादा है। जहां शहरों में यह प्रतिशत बढ़कर 6.7 फीसदी हुआ है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में यह 3.9 फीसदी स्थिर है। हाल ही के वर्षों में बेरोजगारी देश में बड़ा मुद्दा रहा है, जो भारत जैसे विकासशील देश के हित में नहीं है।

# बंगाल में लोकतंत्र, विकास और अस्मिता की निर्णायक परीक्षा-घड़ी

पश्चिम बंगाल की राजनीति इस समय एक ऐसे संक्रमण काल से गुजर रही है, जहां सत्ता, संघर्ष, कानून और जनभावना-चारों धाराएं एक-दूसरे से टकराती हुई दिखाई देती हैं। यह टकराव केवल भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई भर नहीं है, बल्कि यह उस शासन शैली, लोकतांत्रिक मर्यादा और विकास दृष्टि की भी परीक्षा है, जिसके आधार पर बंगाल अपनी आने वाली राजनीतिक दिशा तय करेगा। लंबे समय तक 'खेला होगा' के नारे के सहारे भाजपा को रोकने में सफल रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सामने इस बार परिस्थितियां अपेक्षाकृत अधिक जटिल, चुनौतीपूर्ण और बहुआयामी नजर आ रही हैं। आज समूचे देश की नजरे पश्चिम बंगाल पर टिकी है। वहां आगामी विधानसभा काफी रोमांचक एवं निर्णायक होगा, जिसमें पश्चिम बंगाल का नया भविष्य बुनने की दिशाएं उद्घाटित होगी। एक ओर केंद्र और राज्य के बीच टकराव अपने चरम पर है, तो दूसरी ओर केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई, अदालती टिप्पणियां और कानूनी बहसें राजनीतिक विमर्श को नियंत्रित कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणियों ने केवल एक कानूनी प्रश्न ही नहीं उठाया, बल्कि यह संकेत भी दिया कि राज्य सरकारों द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसियों के कामकाज में हस्तक्षेप की सीमाएं कहां तक हो सकती हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने ममता बनर्जी की उस राजनीतिक छवि को आंशिक रूप से प्रभावित किया है, जो अब तक स्वयं को केंद्र के कथित दमन के विरुद्ध संघीय ढांचे की रक्षक के रूप में प्रस्तुत करती रही हैं। अदालतों में लंबी चलने वाली कानूनी लड़ाइयों का राजनीतिक प्रभाव तुरंत और गहरा होता है, विशेषकर तब, जब चुनाव नजदीक हों और जनता का ध्यान प्रशासनिक उपलब्धियों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप पर केंद्रित होने लगे। बंगाल की राजनीति की एक विशिष्ट विशेषता यह रही है कि यहां विचारधारा और भावनाएं अत्यंत तीव्र रूप से अभिव्यक्त होती हैं। वाम मोर्चे के लंबे शासन के बाद ममता बनर्जी का उदय एक जनांदोलन के रूप में हुआ था। उन्होंने न केवल वामपंथी वर्चस्व को तोड़ा, बल्कि खुद को गरीब, हाशिए के वर्ग और क्षेत्रीय अस्मिता की आवाज के रूप में स्थापित किया। शुरुआती वर्षों में उनकी सरकार ने कुछ कल्याणकारी योजनाओं और सशक्त राजनीतिक संप्रेषण के माध्यम से जनता का विश्वास भी अर्जित किया। किंतु समय के साथ सत्ता का केंद्रीकरण, संगठन पर अत्यधिक नियंत्रण और विरोध के प्रति असहिष्णुता जैसे आरोप भी समानांतर रूप से उभरते गए। भाजपा ने इन्हीं कमजोरियों को अपना राजनीतिक आधार बनाने की कोशिश की है। 2019 के लोकसभा चुनावों से लेकर अब तक भाजपा ने बंगाल में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया है और हिंदुत्व, राष्ट्रवाद तथा भ्रष्टाचार विरोधी विमर्श को आक्रामक रूप से आगे बढ़ाया है। हालांकि विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने भारी बहुमत से वापसी की, लेकिन यह भी सच है कि भाजपा बंगाल की राजनीति में एक स्थायी और निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित हो चुकी है। मत प्रतिशत में अंतर और सीटों का आंकड़ा भाजपा के लिए भले ही निराशाजनक रहा हो, पर संगठनात्मक विस्तार और सामाजिक आधार का विस्तार उसके लिए भविष्य की संभावनाओं के द्वार खोलता है। हाल के वर्षों में बंगाल में विकास का प्रश्न अपेक्षाकृत पीछे छूटता दिखाई दिया है। उद्योग, निवेश और रोजगार के मुद्दे राजनीतिक शोर में दब गए हैं। आम जनता की एक बड़ी चिंता यह भी है कि राज्य की राजनीति निरंतर टकराव और हिंसा के आरोपों से क्यों घिरी रहती है। चुनावी हिंसा, राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर हमले और प्रशासन की निष्पक्षता पर उठते सवाल राज्य की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं। पड़ोसी देशों से अवैध घुसपैठ, सीमावर्ती इलाकों में जनसांख्यिकीय बदलाव और कानून-व्यवस्था की चुनौतियां भी राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन चुकी हैं। इन मुद्दों पर ममता सरकार का रुख अक्सर रक्षात्मक दिखाई देता है, जबकि भाजपा इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक पहचान से जोड़कर व्यापक समर्थन जुटाने का प्रयास करती है। महाराष्ट्र के शहरी निकाय चुनावों और बिहार में भाजपा को मिली हालिया सफलता ने पार्टी के आत्मविश्वास को निश्चित रूप से बढ़ाया है। भाजपा का यह विश्वास कि बंगाल अब भी राजनीतिक परिवर्तन के लिए तैयार है, केवल चुनावी आंकड़ों पर आधारित नहीं है, बल्कि वह इसे एक लंबी रणनीति का हिस्सा मानती है। किंतु बंगाल कोई साधारण राजनीतिक मैदान नहीं है। यहां की सामाजिक संरचना, सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक स्मृति किसी भी दल के लिए आसान नहीं रही है। ममता बनर्जी की सबसे बड़ी ताकत आज भी उनकी जमीनी पकड़ और भावनात्मक अपील है, जो उन्हें भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से अलग, एक क्षेत्रीय और स्थानीय नेता के रूप में स्थापित करती है। आने वाले विधानसभा चुनाव वास्तव में इस बात की कसौटी होंगे कि जनता विकास, स्थिरता और कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता देती है या फिर भावनात्मक और पहचान आधारित राजनीति को? क्या ममता बनर्जी लगातार चौथी बार सत्ता में लौटकर यह सिद्ध कर पाएंगी कि केंद्र से टकराव ही उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी है, या भाजपा जनता को यह विश्वास दिलाने में सफल होगी कि परिवर्तन ही स्थायित्व और विकास का रास्ता है, यह प्रश्न अभी खुला हुआ है। अदालती प्रक्रियाएं, राजनीतिक बयानबाजी और चुनावी रणनीतियां अपनी जगह हैं, लेकिन अंतिम निर्णय बंगाल की जनता के हाथ में है। पश्चिम बंगाल की राजनीति आज संकीर्णता और सांप्रदायिक ध्रूवीकरण के ऐसे दौर से गुजर रही है, जिसने विकास की गति को गंभीर रूप से अवरुद्ध किया है। कभी देश की आर्थिक, औद्योगिक और बौद्धिक राजधानी कहलाने वाला बंगाल-विशेषकर कोलकाता, आज निवेश, उद्योग और रोजगार के मोर्चे पर पिछड़ता हुआ दिखाई देता है। ममता बनर्जी के लंबे शासनकाल में औद्योगिक विश्वास का क्षरण, पूंजी पलायन, बंद होती इकाइयाँ और युवाओं का अन्य राज्यों की ओर पलायन इस गिरावट के स्पष्ट संकेत हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर उठते प्रश्न, विपक्षी आवाज़ों का दमन और चुनावी हिंसा की घटनाएँ राज्य के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य पर गहरी चोट करती हैं। इसके साथ ही, राज्य में सामाजिक ताने-बाने को लेकर बढ़ती आशंकाएँ भी कम चिंताजनक नहीं हैं। अनेक क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था, धार्मिक स्वतंत्रता और अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक संबंधों को लेकर शिकायतें सामने आती रही हैं; विशेषकर हिंदू समाज के एक हिस्से में असुरक्षा की भावना ने जनमन को आहत किया है। इन घटनाओं और धारणाओं ने जनता के भरोसे को कमजोर किया है और शासन के प्रति निराशा को बढ़ाया है। राजनीति जब पहचान और विभाजन के इर्द-गिर्द सिमटती है, तो विकास, समावेशन और सामाजिक सौहार्द पीछे छूट जाते हैं, यही आज के बंगाल की त्रासदी बनती दिख रही है। ऐसे समय में बंगाल की जनता के लिए अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति सजग होना अनिवार्य है। यह राज्य केवल भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि उसकी अस्मिता उसकी बौद्धिक परंपरा, भावनात्मक संवेदनशीलता, धार्मिक सहअस्तित्व, आध्यात्मिक खोज और समृद्ध साहित्यिक विरासत से निर्मित है-रवींद्रनाथ से विवेकानंद तक की धरोहर इसे दिशा देती रही है। दंगों, हिंसा और भय के साए में इस अस्मिता पर जो दाग लगे हैं, उन्हें मिटाने का मार्ग शांतिपूर्ण, जागरूक और निर्भीक लोकतांत्रिक सहभागिता से ही निकलेगा। आगामी चुनाव जनता के लिए आत्ममंथन और आत्मनिर्णय का अवसर हैं-जहाँ मत केवल सत्ता नहीं, बल्कि बंगाल के भविष्य, उसकी संस्कृति और उसके लोकतांत्रिक आत्मसम्मान की रक्षा का माध्यम बनना चाहिए। बंगाल की बनती नई तस्वीर अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। यह तस्वीर संघर्ष और संभावनाओं, आशंकाओं और उम्मीदों से बनी है। एक ओर सत्ता का अनुभव और जनाधार है, तो दूसरी ओर आक्रामक विपक्ष और राष्ट्रीय राजनीति की ताकत। लोकतंत्र की यही खूबी है कि वह अंतिम शब्द जनता को देता है। बंगाल के मतदाता ही तय करेंगे कि शह-मात की इस राजनीति में अगली चाल किसकी होगी और कौन-सा पक्ष अंततः बाजी मारेगा। **–ललित गर्ग**

भाजपा ने इन्हीं कमजोरियों को अपना राजनीतिक आधार बनाने की कोशिश की है। 2019 के लोकसभा चुनावों से लेकर अब तक भाजपा ने बंगाल में अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया है और हिंदुत्व, राष्ट्रवाद तथा भ्रष्टाचार विरोधी विमर्श को आक्रामक रूप से आगे बढ़ाया है। हालांकि विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने भारी बहुमत से वापसी की, लेकिन यह भी सच है कि भाजपा बंगाल की राजनीति में एक स्थायी और निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित हो चुकी है। मत प्रतिशत में अंतर और सीटों का आंकड़ा भाजपा के लिए भले ही निराशाजनक रहा हो, पर संगठनात्मक विस्तार और सामाजिक आधार का विस्तार उसके लिए भविष्य की संभावनाओं के द्वार खोलता है। हाल के वर्षों में बंगाल में विकास का प्रश्न अपेक्षाकृत पीछे छूटता दिखाई दिया है। उद्योग, निवेश और रोजगार के मुद्दे राजनीतिक शोर में दब गए हैं। आम जनता की एक बड़ी चिंता यह भी है कि राज्य की राजनीति निरंतर टकराव और हिंसा के आरोपों से क्यों घिरी रहती है। चुनावी हिंसा, राजनीतिक कार्यकर्ताओं पर हमले और प्रशासन की निष्पक्षता पर उठते सवाल राज्य की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं। पड़ोसी देशों से अवैध घुसपैठ, सीमावर्ती इलाकों में जनसांख्यिकीय बदलाव और कानून-व्यवस्था की चुनौतियां भी राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बन चुकी हैं। इन मुद्दों पर ममता सरकार का रुख अक्सर रक्षात्मक दिखाई देता है, जबकि भाजपा इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक पहचान से जोड़कर व्यापक समर्थन जुटाने का प्रयास करती है। महाराष्ट्र के शहरी निकाय चुनावों और बिहार में भाजपा को मिली हालिया सफलता ने पार्टी के आत्मविश्वास को निश्चित रूप से बढ़ाया है। भाजपा का यह विश्वास कि बंगाल अब भी राजनीतिक परिवर्तन के लिए तैयार है, केवल चुनावी आंकड़ों पर आधारित नहीं है, बल्कि वह इसे एक लंबी रणनीति का हिस्सा मानती है। किंतु बंगाल कोई साधारण राजनीतिक मैदान नहीं है।

# जलवायु परिवर्तनः मानव के लिए भविष्य की सबसे बड़ी परीक्षा



डॉ. सतीश चंद्र
असिस्टेंट प्रोफ़ेसर,
सी. बी. सिंह लॉ कॉलेज

जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की आशंका नहीं, बल्कि वर्तमान की कठोर सच्चाई बन चुका है। बीते कुछ वर्षों में जिस तेजी से तापमान बढ़ा है, मौसम चक्र बदले हैं और प्राकृतिक आपदाएँ बढ़ी हैं, उसने मानव सभ्यता को गंभीर आत्ममंथन के लिए विवश कर दिया है। यह संकट केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और नैतिक स्तर पर भी मानवता की परीक्षा ले रहा है।

विकास की अंधी दौड़ में मानव ने प्रकृति को केवल संसाधन के रूप में देखा। वनों की कटाई, प्रदूषण, औद्योगिक उत्सर्जन और अनियंत्रित उपभोग ने पृथ्वी की सहनशीलता को कमजोर कर दिया। परिणामस्वरूप सूखा, बाढ़, चक्रवात, हीट वेव और जल संकट जैसी समस्याएँ आम होती जा रही हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि इनका सबसे अधिक प्रभाव उन वर्गों पर पड़ रहा है, जिनका इन संकटों को जन्म देने में सबसे कम योगदान रहा है। कृषि और खाद्य सुरक्षा पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव विशेष रूप से गंभीर है। असमय वर्षा और तापमान में अस्थिरता ने किसानों की मेहनत को अनिश्चित बना दिया है। इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि देश की खाद्य व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। शहरी क्षेत्रों में भी प्रदूषण, जल की कमी और स्वास्थ्य समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं। यह सच है कि जलवायु परिवर्तन मानव की बनाई हुई समस्या है, लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि इसका समाधान भी मानव के विवेक और इच्छाशक्ति में निहित है। नीतियों में पर्यावरण को प्राथमिकता देना, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना, सतत विकास को अपनाना और व्यक्तिगत स्तर पर जिम्मेदार व्यवहार आज समय की मांग है। केवल सरकारों पर जिम्मेदारी डालना पर्याप्त नहीं; समाज और प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी।

जलवायु परिवर्तन हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि विकास का अर्थ क्या है—क्या केवल आर्थिक प्रगति या फिर ऐसा संतुलित भविष्य, जिसमें मानव और प्रकृति साथ-साथ आगे बढ़ें। यदि हमने आज सही निर्णय नहीं लिए, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें क्षमा नहीं करेंगी। अतः जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि मानव चेतना की परीक्षा के रूप में देखा जाना चाहिए। यही वह मोड़ है जहाँ से भविष्य की दिशा तय होगी।

जलवायु परिवर्तन हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि विकास का अर्थ क्या है—क्या केवल आर्थिक प्रगति या फिर ऐसा संतुलित भविष्य, जिसमें मानव और प्रकृति साथ–साथ आगे बढ़ें। यदि हमने आज सही निर्णय नहीं लिए, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें क्षमा नहीं करेंगी।

## सेहत मंत्र

# धरती की संजीवनी है गेहूं के जवारे

इस बात से तो हम सभी वाकिफ है कि सेहतमंद शरीर के लिए अनेक तरह के पौष्टिक फल, फूल और अन्य आहारों का सेवन करना काफी जरूरी है। चिकित्सकों के अनुसार गेहूं के जवारे शरीर के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। इसे पृथ्वी की संजीवनी भी कहा जाता है, जो व्यक्ति को एक तरह का नया जीवनदान दे सकते हैं। इसके उपयोग से आंतों की सूजन, रक्त की कमी, अल्सर, उच्च रक्तचाप, दांत संबंधी समस्या, सर्दी, चर्म रोग, अस्थमा,पाचन संबंधी रोग, किडनी, कैंसर समेत कई अन्य समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। गेहूं के जवारे का वनस्पतिक नाम ट्रिटकम वेस्टिकम है। इसे गेहूं का जवारा या घास कहना सही नहीं है, क्योंकि ये असल में अंकुरित गेंहू होते हैं। जब गेहूं के बीजों को अच्छी उपजाऊ वाली जमीन या मीटी के बर्तन में खाद मिली हुई मिट्टी में बोया जाता है तो कुछ ही दिनों में ये अंकुरित होकर बढ़ने लगते हैं। ऐसे में इनमें पत्तियां निकली शुरू हो जाती हैं। इस दौरान जब ये अंकुर 5 से 6 पत्तों के हो जाते हैं तो अंकुरित बीज का वो भाग जवारा कलाता है। गेहूं के जवारे का रस का सेवन करने से शरीर को कई तरह से लाभ होते हैं। इसमें क्लोरोफिल मौजूद होता है, जो कई रोगों से लड़ने में मददगार साबित होता है। इसके अलावा इसमें अमाइनो एसिड्स, वसा, विटामिन, शर्करा, एंजाइम्स और खनिज मौजूद होते हैं। गेहूं के जवारे को काटने के बाद अच्छे से पहले धो लें। इसके बाद इसमें 1 गिलास के करीब पानी मिलाकर मिक्सी में पीस लें। आप चाहें तो स्वाद के लिए इसमें नमक, नींबू, शहद या अदरक का रस भी मिलाकर पी सकते हैं। आपको रोजाना इसी तरह इसका ताजा जूस बनाकर पीना है। ऐसा इसलिए क्योंकि तीन घंटे के अंदर इस जूस के पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं। आप दिन में कभी भी जवारे के जूस का सेवनकर सकते हैं। हालांकि, अगर आप खाली पेट इसका सेवन करेंगे तो आपको ज्यादा लाभ हो सकता है। वहीं, अगर आप दिन में इसे कभी भी पीने का सोच रहे हैं तो इसे पीने से आधे घंटे पहले और बाद कुछ भी न खाए-पिए।

## धर्म मंत्र

# जब एक तपस्वी से हार गए थे महाबली हनुमान

एक बार एक बड़े तपस्वी थे जिनका नाम मच्छिंद्रनाथ था। एक बार वो रामेश्वरम आए। यहां राम जी द्वारा बनाया गया सेतु था जिसे देख वो भावविभोर हो उठे। यह देख वे प्रभु की भक्ति में लीन हो गए और समुद्र में स्नान करने लगे। वहां पर हनुमान जी वानर वेश में मौजूद थे। तभी उनकी नजर मच्छिंद्रनाथ पर पड़ी। उन्होंने सोचा कि क्यों न इनकी परीक्षा ली जाए। हनुमान जी की लीला से वहां जोरों की बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए हनुमान जी एक एक पहाड़ पर वार कर गुफा बनाने लगे। यह करने का उनका उद्देश्य यह भी था कि मच्छिंद्रनाथ का ध्यान टूटे और उन पर नजर पड़े। जैसा हनुमान जी ने सोचा था वही हुआ। मच्छिंद्रनाथ का ध्यान उनकी तरफ गया और हनुमान जी के वानर रूप से कहा कि तुम क्यों ऐसी मूर्खता कर रहे हो। प्यास लगने पर कुआं नहीं खोदा जाता। क्या पहले तुम अपने घर का इंतजाम नहीं कर पाए थे। यह सुन हनुमान जी ने कहा कि आप कौन हैं। मच्छिंद्रनाथ ने कहा कि वो एक सिद्ध योगी हैं और उन्हें मंत्र शक्ति प्राप्त है। हनुमान जी ने कहा कि प्रभु श्रीराम और महाबली हनुमान से श्रेष्ठ योद्धा संसार में और कोई नहीं। मैंने भी उनकी सेवा कि है तो उन्होंने प्रसन्न होकर अपनी शक्ति का एक प्रतिशत हिस्सा मुझे दे दिया है। अगर आप सिद्ध योगी हैं तो मुझे हराकर दिखाएं। अगर आपने ऐसा कर दिया तो ही मैं आपके तपोबल को सार्थक मानूंगा। यह सुन मच्छिंद्रनाथ ने वानर की चुनौती स्वीकार कर ली।

## पर्यटन



# ऊर्ज़ा और शक्ति का स्रोत सूर्य देश में हैं अनेक सूर्य मंदिर

सूर्य को ऊर्ज़ा एवं शक्ति का स्त्रोत माना गया है। रविवार के दिन सूर्य देव की पूजा-अर्चना का विधान है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्य देव प्रत्यक्ष रूप से दर्शन देने वाले देवता हैं। पौराणिक वेदों में सूर्य  का उल्लेख विश्व की आत्मा और ईश्वर के नेत्र के तौर पर किया गया है। सूर्य की पूजा से जीवनशक्ति, मानसिक शांति, ऊर्ज़ा और जीवन में सफलता की प्राप्ति होती है। यही वजह है कि लोग उगते हुए सूर्य को देखना शुभ मानते हैं और सूर्य को अर्घ्य देते हैं। मान्यता यह भी है कि रविवार के दिन सूर्य देव का व्रत रखने से सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। वैदिक काल से ही भारत में सूर्योपासना का प्रचलन रहा है। पहले यह सूर्योपासना मंत्रों से होती थी। भविष्य पुराण में ब्रह्मा विष्णु के मध्य एक संवाद में सूर्य पूजा एवं मन्दिर निर्माण का महत्व समझाया गया है। अनेक पुराणों में यह आख्यान भी मिलता है, कि ऋषि दुर्वासा के शाप से कुष्ठ रोग ग्रस्त श्री कृष्ण पुत्र साम्ब ने सूर्य की आराधना कर इस भयंकर रोग से मुक्ति पायी थी। रामायण में भी इस बात का जिक्र है कि भगवान राम ने लंका के लिए सेतु निर्माण से पहले सूर्य देव की आराधना की थी। भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र सांब भी सूर्य की उपासना करके ही कुष्ठ रोग से मुक्ति पाई थी। वैदिक साहित्य के साथ-साथ आयुर्वेद, ज्योतिष, हस्तरेखा शास्त्रों में सूर्य का महत्व प्रतिपादित किया गया है। आज तो सूर्य बिजली उत्पादन करने के विशाल श्रोत के रूप में देखा जा रहा है। जब मूर्ति पूजा का प्रचलन हुआ तो सूर्य की मूर्ति के रूप में पूजा प्रचलित हुई। इसी कारण भारत में सूर्य देव के कई प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिर पाये जाते हैं। भारत के सूर्य मन्दिरों में उलार्क सूर्य मंदिर, कोणार्क सूर्य मंदिर, मोढ़ेरा सूर्य मंदिर, कटारमल सूर्य मन्दिर, रणकपुर सूर्य मंदिर, सूर्य पहर मंदिर, सूर्य मंदिर, प्रतापगढ़, दक्षिणार्क सूर्य मंदिर, औंगारी सूर्य मंदिर, बेलार्क सूर्य मंदिर, सूर्य मंदिर, हंडिया, सूर्य मंदिर, गया, सूर्य मंदिर, महोबा, रहली का सूर्य मंदिर, सूर्य मंदिर, झालरापाटन, सूर्य मंदिर, रांची, सूर्य मंदिर, जम्मू, मार्तंड मंदिर, कश्मीर एवं सूर्य मंदिर, कंदाहा आदि शामिल हैं।

# स्वर्ग द्वार बना लखनऊ महमूदाबाद मार्ग का कुर्सी बड्डूपुर अंचल, छुट्टा मवेशी विचरण से आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। लखनऊ महमूदाबाद मुख्य मार्ग इन दिनों आवागमन का रास्ता नहीं, बल्कि दुर्घटनाओं का खुला निमंत्रण बनता जा रहा है। कस्बा कुर्सी, टिकैतगंज, निंदूरा और बड्डूपुर क्षेत्र सहित कई स्थानों पर छुट्टा मवेशियों का बेकाबू जमावड़ा आम लोगों की जान पर भारी पड़ रहा है। सड़क के बीचों-बीच घूमते और आपस में लड़ते भिड़ते मवेशी कभी भी किसी बड़े हादसे को अंजाम दे सकते हैं, लेकिन जिम्मेदारों की चुप्पी हालात को और भयावह बना रही है।

ताजा मामला मंगलवार का है, जब निंदूरा चौराहे के पास लखनऊ महमूदाबाद मार्ग पर दो भारी भरकम छुट्टा मवेशी आपस में भिड़ गए। करीब आधे घंटे तक चले इस 'युद्ध' ने पूरे मार्ग को जाम जैसी स्थिति में बदल दिया। अफरा-तफरी के बीच वाहन चालकों और राहगीरों को जान बचाकर निकलना पड़ा। गनीमत रही कि कोई जानलेवा हादसा नहीं हुआ, लेकिन यह घटना आने वाले खतरे की साफ चेतावनी थी।

चिंताजनक यह है कि बार-बार की शिकायतों और घटनाओं के बावजूद जिम्मेदार विभाग और प्रशासन पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं। दिन हो या रात, यह मार्ग हर समय खतरे की जद में है। तेज रफ्तार वाहनों के सामने अचानक आ जाने वाले मवेशी कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।

किसान भी इस समस्या से सबसे अधिक पीड़ित हैं। छुट्टा मवेशी खेतों में घुसकर गेहूं और सरसों की तैयार फसल को पूरी तरह नष्ट कर रहे हैं। भारी आर्थिक नुकसान झेल रहे किसान रात-रात भर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं।

इससे पहले भी बिसई ग्राम पंचायत के कुंडुआ चौराहे पर छुट्टा मवेशियों के आपसी संघर्ष में दो वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ था। आखिर कब तक लोग अपनी जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से गुजरेंगे और कब तक किसान यूं ही अपनी बर्बादी देखते रहेंगे? प्रशासन को शायद बड़े आंदोलन का इंतजार है।

# अधूरी मैपिंग, नोटिस देकर मंगाए अभिलेख : बालेन्दु



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील सभागार में मंगलवार दोपहर में आयोजित विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने की। जिसमें बीएलओ को उन मतदाताओं को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए जिनकी मैपिंग नहीं हो पाई है।तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने बीएलओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन मतदाताओं की मैपिंग अधूरी है, उन्हें नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेज मांगे जाएं। निर्वाचक को अपनी पहचान और निवास के अभिलेख उपलब्ध कराना होंगा।दस्तावेजों को प्राप्त कर उन्हें मतदाता सूची में अपलोड किया जाए ताकि मैपिंग प्रक्रिया पूरी हो सके।बैठक में नायब तहसीलदार अन्नू सिंह, दिनेश कुमार पाण्डेय ,लेखपाल सुभेन्द्र अवस्थी, आशुतोष मिश्रा, प्रदीप कुमार, बृजेश शुक्ला और अन्य विभागों के अधिकारी व समस्त बीएलओ मौजूद रहे।

# तहसील टीम ने मुक्त कराया बेश कीमती सरकारी जमीन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। उप जिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह के निर्देश पर गठित राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने बड्डूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खिझना,परगना कुर्सी में बड़ी कार्रवाई करते हुए नवीन परती भूमि गाटा संख्या 2565 0.260 हेक्टेयर भूमि अवैध कब्जे से मुक्तकराया। हटाने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई ग्रामवासियों की उपस्थिति में तथा ग्राम प्रधान के सामने पूरी प्रक्रिया के साथ संपन्न हुई। राजस्व व पुलिस टीम ने मौके पर खेत की पैमाइश कर भूमि को जोतते हुए कब्जेदार विनोद कुमार पुत्र छोटेलाल से भूमि को कब्जा मुक्त कराया। प्रशासन की इस कार्रवाई से ग्रामीणों में संतोष देखा गया और सरकारी भूमि की सुरक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश गया। इस मौके पर हल्का लेखपाल मयंक कुमार,कानूनगो कैलाश बहादुर एवं नायब तहसीलदार भी उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध कब्जों के विरुद्ध आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# स्नेह मिलन समारोह विधायक के हाथों सम्मानित हुए पत्रकार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी।नगर के बाबा मैरिज लॉन मे विधायक साकेंद्र वर्मा द्वारा आयोजित पत्रकार 'स्नेह मिलन समारोह' का आयोजन में पत्रकारों का समाज के प्रति समर्पण की प्रशंसा की। और पत्रकारों को भगवान श्रीराम व डा.अब्दुल कलाम आजाद के स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।समारोह में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया से जुड़े फतेहपुर सूरतगंज, निन्दूरा, बेलहरा और विशुनपुर के पत्रकार सम्मिलित रहे। अपने संबोधन में विधायक साकेंद्रवर्मा ने पत्रकारों को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताया। उन्होंने समाज को जागरूक करने में पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्ण बतायी।विधायक ने जोर दियाकि पत्रकार निष्पक्ष, निर्भीक और सच्ची खबरों के जरिए आम जनता की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाते हैं, इसलिए उनका सम्मान करना सभी का दायित्व है।

पत्रकार राजेश जायसवाल, विजय राम जायसवाल, नीरज शर्मा, फहीम खान, आदि ने आजाद इं.कालेज शिक्षक अंशुमान मिश्रा के संचालन में ऐसे आयोजनों को आपसी समन्वय और सहयोग की भावना मजबूत करने वाला बताया। इस अवसर पर गनमैन निवास जन सामान्य की उपस्थित सराहनीय कही गई।

## ग्राम विवाद में युवक व परिजनों पर हमले का आरोप, मुकदमा दर्ज

### हिंदू संगठनों ने जताया आक्रोश

रामसनेही घाट, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के असंद्रा थाना अंतर्गत एक गांव में आपसी विवाद के दौरान एक युवक और उसके परिजनों पर सामूहिक रूप से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ लोगों ने युवक को घेर लिया और मारपीट की, जिसमें युवक सहित उसे बचाने आए उसके चाचा समेत अन्य परिजन घायल हो गए।घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस दौरान कुछ हिंदू संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और घटना की निंदा करते हुए आरोपियों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई की मांग की। संगठनों का कहना है कि ऐसी घटनाएं सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करती हैं और प्रशासन को सख्ती से कानून व्यवस्था बनाए रखनी चाहिए। प्रशासन की ओर से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है।

## अप्राकृतिक दुष्कर्म मामले में 20 साल कठोर कारावास

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विशेष अपर सत्र न्यायाधीश,पोक्सो अधिनियम,कोर्ट संख्या 45, सुभाष चन्द्र तिवारी ने थाना फतेहपुर से सम्बन्धित नाबालिग युवक से अप्राकृतिक दुष्कर्म मामले में सुनवाई के बाद आरोपित को दोषी करार देकर उसे 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है साथ ही उस पर 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया । विशेष लोक अभियोजक लव त्रिपाठी ने बताया कि थाना फतेहपुर के एक गांव के निवासी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि 12 फरवरी 2024 की रात लगभग 11:00 बजे उसका नाबालिग पुत्र/पीड़ित दूसरे गांव निमंत्रण में गया था वहां से वापस आते समय रात अधिक हो जाने के कारण ऑटो नहीं मिली तो गाँव के ही गुड्डू रावत उर्फ शिव कुमार के साथ पीड़ित अपने घर वापस आ रहा था,तभी गुड्डू रावत ने रास्ते में गांव के पश्चिम में लगी सागौन बाग में पीड़ित को ले जाकर जबरन अप्राकृतिक दुष्कर्म किया और धमकी दिया कि अगर घर में बताया तो उसे जान से मार डालेगा। लेकिन पीड़ित ने घर आकर घटना की जानकारी अपने पिता को दिया था। पुलिस ने अप्राकृतिक दुष्कर्म मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करते हुए पोक्सो एक्ट और आईपीसी की धाराओं में धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था। कोर्ट में पीड़ित समेत अन्य गवाहों के बयान और दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद जज सुबाष चंद्र तिवारी ने आरोपित गुड्डू रावत उर्फ शिवकुमार को नाबालिग के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने का दोषी पाते हुए उसे दंडित किया, और जुर्माना भी लगाया ।

## सहकारी बैंक चुनाव ओम का इकलौता नामांकन

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक शाखासिरौलीगौसपुर के बैंक प्रतिनिधि चुनाव में केवल एक नामांकन पत्र दाखिल हुआ है। इस कारण मौलाबाद निवासी ओम प्रकाश वर्मा का निर्विरोध निर्वाचन सुनिश्चित है। पूर्व ब्लाक प्रमुख स्वर्गीय रामकिशोर वर्मा के पुत्र ओम प्रकाश वर्मा ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने यह पत्र निर्वाचन अधिकारी (आरओ) तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा के समक्ष प्रस्तुत किया। ओम प्रकाश वर्मा दोपहर में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे।नामंकन प्रक्रिया में शाखा प्रबंधक प्रदीप कांत भी उपस्थित थे।निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन पत्रों की जांच (परिनिरीक्षण) 21 जनवरी 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक की जाएगी। वैध नामांकन पत्रों की सूची उसी दिन शाम 3 बजे से 5 बजे तक प्रदर्शित की जाएगी।

## विकास कार्यों में प्रशासनिक रोड़ा विरोध प्रदर्शन

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने सभी सभासदों के साथ तहसील पहुंचकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में नगर पंचायत में जनहित से जुड़े रुके विकास कार्यों को शीघ्र शुरू कराने की मांग की गई।साथ ही 15वें वित्त आयोग की टाइड व अनटाइड ग्रांट से कराए जा रहे कार्यों के निरीक्षण प्रधानमंत्री आवास शहरी 2.0 योजना की जांच आख्या जिलाधिकारी को भेजने तथा नगर पंचायत की सरकारी भूमि पर दोबारा हो रहे अतिक्रमण को रोकने की मांग प्रमुख रही।इसके साथ ही एक गाटा की शेष सरकारी भूमि को नगर सौन्दर्याकरण में उपयोग करने की अनुमति भी मांगी गई।

## रघुनाथ जी के दर्शनार्थ साइकिल यात्रा

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बजरंग दल के संयोजक अंशु शुक्ला व राज दीक्षित ने अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर के दर्शन हेतु आज से साइकिल यात्रा प्रारम्भ की है।मंगलवार सुबह 8 बजे प्रारंभ हुई यह साइकिल यात्रा 105 किलोमीटर लंबी है।यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों ने माल्यार्पण कर जयश्रीराम के नारों के साथ स्वागत किया। संयोजक अंशू ने बताया कि यह यात्रा धार्मिक आस्था के साथ साथ स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है।जोकि युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने का प्रयास है।

## किशोरी ने की आत्महत्या

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय कोतवाली के गांव बन पुरवा में 17 वर्षीय नेहा, पुत्री उदय नारायण ने दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या की। सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने नेहा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## हिंदू युवा बलवान, कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

फतेहपुर–बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। हिंदू युवा बलवान कार्यक्रम के तहत विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल द्वारा ग्रामीण स्टेडियम बैसुआ के मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देवा, निंदूरा और फतेहपुर क्षेत्र के युवाओं ने उत्साह और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सोमवार को देवां क्षेत्र के बैसुआ मैदान में आयोजित इस कबड्डी प्रतियोगिता में कुल छह टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद देवा की टीम विजेता बनी, जबकि फतेहपुर की टीम उपविजेता रही। खेल के समापन अवसर पर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर बजरंग दल के जिला कॉलेज विद्यार्थी प्रमुख अखिलेश राजपूत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रमुख तुलसीराम चौहान ने निर्णायक की भूमिका निभाई। आयोजन के दौरान विद्यार्थी कॉलेज प्रमुख पीतांबर सिंह चौहान, रोहन राजपूत, अमन सिंह, कृष्णा राजपूत, आजाद रावत, पृथ्वी सिंह चौहान, विजय आनंद, रवि राजपूत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय दर्शक उपस्थित रहे।

## पुलिस चौकी बूथ के पास चोरों ने काटी गदर, 50 हजार नगदी लाखों जेवरात ले उड़े

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत चौकी हथौंधा से 100 मीटर दूरी पर सोहिलपुर में एक घर में सेंध मारी कर नगदी और जेवरात उड़ा ले गए। पीड़ित रामदीन पुत्र गंगा राम ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है। बताते हैं कि चोरों ने घर की अलमारी का ताला तोड़कर चांदी की हाफपेटी, पायजेब,तीन माला, हार, झुमकी, तीन पायल,बिछीया,दो चांदी के सिक्के, एक चांदी और एक सोने की चैन और 50,000 रुपये नगद चोरो ने चोरी कर लिया।

## ई–रिक्शा पलटा, दो मासूम बच्चों सहित छह घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कला में मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे एक ई–रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दो मासूम बच्चों सहित छह लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शेरपुर कला निवासी निशा पत्नी फुरकान (28), शाहना पत्नी जुबेर (26), शकीला बेगम पत्नी यामीन (55), अंजुम पत्नी रिहान (29), मोहम्मद जयान पुत्र जुबेर (चार माह) और जारा पुत्री फुरकान (चार वर्ष) ई–रिक्शा से गांव के पास ही एक दावत में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही ई–रिक्शा पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ई–रिक्शा पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई।

# योगेंद्र होंगे निर्विरोध डिलीगेट, तय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। भूमि विकास बैंक रामनगर के डेलिकेट पद पर योगेंद्र कुमार सिंह पिंटू निर्विरोध निर्वाचित का रास्ता साफ हुआ।ब्लॉक सभागार में हुई नामांकन प्रक्रिया में उनके अतिरिक्त किसी अन्य प्रत्याशी ने पर्चा दाखिल नहीं किया।तहसीलदार विपुल सिंह की देखरेख में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई।योगेंद्र सिंह के निर्विरोध चुने जाने पर भाजपा नेता शेखर हयारण व एमएलसी प्रतिनिधि कुलदीप सिंह सहित अन्य क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं दीं।निर्वाचन के बाद पिंटू सिंह ने किसानों और बैंक के हित में ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया।

# स्वदेशी संकल्प दौड़ स्वच्छता के प्रति जागरूकता




कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी।स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों ने 'स्वदेशी संकल्प दौड़-युवा शक्ति से राष्ट्रनिर्माण का संकल्प' कार्यक्रम के तहत रैली निकालकर जनमानस को स्वच्छता, अनुशासन और राष्ट्रनिर्माण के प्रति जागरूक किया

रैली में छात्र-छात्राएं अनुशासित पंक्तियों में चल रहे थे। उनके हाथों में स्वच्छता और सामाजिक चेतना से जुड़े संदेश लिखी तख्तियां थीं। रैली के आगे चल रहे बैनर पर स्वामी विवेकानंद और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र अंकित थे। जो युवाओं को राष्ट्रसेवा और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा दे रहे थे।बैनर पर 12 जनवरी से 23 जनवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम का भी उल्लेख था, जो राष्ट्रीय युवा दिवस और नेताजी जयंती से रैली नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जहां स्थानीय नागरिकों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की। नागरिकों ने विद्यालय के इस प्रयास को प्रेरणादायी पहल बताया।

# तहसील क्षेत्र में बिना विभागीय पंजीकरण संचालित हो रहे कई अस्पताल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जनपद सुलतानपुर की तहसील बल्दीराय क्षेत्र के पारा बाजार वलीपुर देहली सहित कई अन्य बाजारों में बिना विधिवत विभागीय पंजीकरण के कई अस्पतालों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। आरोप है कि इन अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग का मौन संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते अब तक किसी प्रभावी कार्रवाई की पहल नहीं की गई। सूत्रों के अनुसार विभाग द्वारा कई बार जांच किए जाने का दावा तो किया गया, लेकिन रसूखदार और तथाकथित ल्र्हाई क्लासङ्क अस्पतालों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग द्वारा छोटे मेडिकल स्टोर संचालकों के खिलाफ सख्ती दिखाई जाती रही है, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

मामले को और गंभीर बनाता है यह तथ्य कि जब अस्पतालों के सभी दस्तावेज और पंजीकरण सही बताए जा रहे हैं, तो फिर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) सुलतानपुर ने आवेदक द्वारा मांगी गई जनसूचना का उत्तर समयसीमा के भीतर क्यों नहीं दिया । आवेदक ने बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की स्पष्ट अवहेलना करते हुए कई माह बीत जाने के बाद भी सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। सूत्रों का यह भी दावा है कि क्षेत्र में संचालित कुछ अस्पतालों में डिग्री तो और किसी की है जबकि मौके पर एलोपैथिक उपचार किया जा रहा है, जो गंभीर अनियमितता की ओर इशारा करता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बल्दीराय तहसील क्षेत्र में संचालित ऐसे अस्पतालों की निष्पक्ष और जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जांच कराई जाए, तो कई अस्पतालों की काली करतूतें सामने आ सकती हैं। जनसूचना के तहत आवेदन करने वाले आवेदक ने बताया कि सीएमओ सुलतानपुर द्वारा अब तक कोई जवाब नहीं दिया गया है, जिससे मजबूर होकर अब वह सूचना आयोग में द्वितीय अपील की तैयारी कर रहा है।

# वनडे का हिसाब चुकता करने उतरेगा भारत सूर्यकुमार के प्रदर्शन पर होगी नजर

एजेंसी



नागपुर, 20 जनवरी (भाषा) पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से फॉर्म में वापसी करने के लिए बेताब होंगे जिसमें भारत की नजर वनडे श्रृंखला में मिली हार का बदला चुकता करके अगले महीने घरेलू धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता अंजाम देने पर होगी। सूर्यकुमार ने 2024 में टी20 टीम की कप्तानी संभाली थी जिसके बाद भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसकी जीत का प्रतिशत 72 प्रतिशत से अधिक रहा है। इससे कप्तान के बल्लेबाजी में निराशाजनक प्रदर्शन पर ज्यादा गौर नहीं किया गया लेकिन अब ऐसा नहीं है। पिछले दो वर्षों में भारतीय टी20 टीम स्वचालित मोड पर रही है, जिसमें उसे इक्का-दुक्का हार का ही सामना करना पड़ा। आईपीएल के कारण उसके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से जानते हैं। भारतीय टीम पर हालांकि विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने और घरेलू धरती पर खेलने का दबाव होगा और सूर्यकुमार न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से पहले इन बातों पर जरूर गौर कर रहे होंगे। न्यूजीलैंड की टीम काफी मजबूत है और उसने पिछले एक साल में कई उपलब्धियां हासिल की है जिसमें भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में क्लीन स्वीप करना और वनडे श्रृंखला जीतना भी शामिल है। भारतीय धरती पर पहली बार द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला जीतने से निश्चित तौर पर उसके खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा। लेकिन जब टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की बात आती है तो सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत एक अलग ही टीम साबित हुई है, जिसने पिछले 25 में से 18 मैच जीते हैं। इसका श्रेय काफी हद तक अभिषेक शर्मा की तूफानी शुरुआत और वरुण चक्रवर्ती की बीच के ओवरों में शानदार गेंदबाजी को जाता है। न्यूजीलैंड ने 2024 टी20 विश्व कप के बाद खेले गए 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 13 में जीत हासिल की है। आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे, कप्तान मिचेल सैंटनर, तेज गेंदबाज जैकब डफी, बेहतरीन फॉर्म में चल रहे डैरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की मौजूदगी में न्यूजीलैंड मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम साबित हो सकती है। इसका यह भी मतलब है कि मौजूदा चैंपियन भारत को विश्व कप की तैयारी के लिए बेहतरीन समय मिलेगा। इस पृष्ठभूमि में केवल सूर्यकुमार ही ऐसे हैं, जिनकी खराब फॉर्म मजबूत टीम की कमजोर कड़ी साबित हुआ है। उन्होंने पिछले 19 मैचों में एक भी अर्धशतक लगाए बिना केवल 218 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 123 से अधिक रहा है। तिलक वर्मा को खेलने का अधिक समय देने के लिए उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में खुद को तीसरे नंबर के बजाय चौथे नंबर पर खिसका दिया। सूर्यकुमार अच्छी तरह से जानते हैं कि उनके खराब प्रदर्शन का ड्रेसिंग रूम में असर पड़ सकता है और उन्हें अब हर हाल में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# सैंटनर चाहते हैं टी20 में भी वनडे जैसा प्रदर्शन करें मिचेल

एजेंसी



नागपुर। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने मंगलवार को यहां कहा कि उन्हें उम्मीद है कि डैरिल मिचेल वनडे की अपनी शानदार फार्म को भारत के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैच की टी20 श्रृंखला में भी बरकरार रखेंगे। मिचेल ने भारत के खिलाफ खेले गए तीन वनडे मैचों में 84, नाबाद 131 और 137 रन बनाकर न्यूजीलैंड की श्रृंखला में 2-1 से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सैंटनर ने पहले टी20 मैच की पूर्व संध्या पर अपने सीनियर बल्लेबाज के बारे में कहा, ''डैरिल को शुरू में स्पिन के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा। लेकिन उसने अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की और अब आप उसकी मेहनत का परिणाम देख सकते हैं। बाएं हाथ के स्पिनर सैंटनर ने कहा, ''वह स्पिन अच्छी तरह खेल रहा है। वनडे में वह बीच के ओवरों में खेल को नियंत्रित कर सकता है। उम्मीद है कि वह टी20 मैचों में भी कुछ ऐसा ही प्रदर्शन करेगा। सैंटनर ने टी20 विश्व कप से पहले भारत में खेलने के महत्व पर भी जोर दिया और इस दौरे को अपनी टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण करार दिया। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाला विश्व कप सात फरवरी से शुरू होगा। उन्होंने कहा, ''हमें यहां खेलना बहुत पसंद है। हमारे लिए यह बेहद मायने रखता है कि हमें टी20 विश्व कप से पहले भारतीय परिस्थितियों में एक मजबूत टीम का सामना करने का मौका मिल रहा है। भारत के खिलाफ मिचेल का हालिया वनडे रिकॉर्ड सैंटनर की उम्मीदों को स्पष्ट करता है। मिचेल ने पिछले कुछ वर्षों में भारत के खिलाफ लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और विभिन्न परिस्थितियों में बड़ी पारियां खेली हैं। स्पिन को अच्छी तरह से खेलने और बीच के ओवरों में खेल पर नियंत्रण बनाए रखने के कारण वह न्यूजीलैंड के सबसे महत्वपूर्ण बल्लेबाज बन गए हैं। टी20 विश्व कप के करीब होने के कारण सैंटनर को उम्मीद है कि मिचेल टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में भी उसी स्पष्टता और संयम को बनाए रखेंगे, जिसमें भारत का स्पिन-प्रधान आक्रमण कीवी बल्लेबाजों के लिए कड़ी चुनौती पेश कर सकता है।

# संक्षिप्त समाचार

## यूपी डोमिनेटर्स ने नाटकीय वापसी करते हुए दिल्ली दंगल वॉरियर्स को हराया

**नोएडा।** यूपी डोमिनेटर्स ने मंगलवार को यहां प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) के एक मुकाबले में शानदार वापसी का बेहतरीन नजारा पेश करते हुए दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 5-4 से हरा दिया। पुरुषों के 86 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के वफाइपुर हादी बख्तियार ने मिखाइलोव वासिल को 7-4 से हराया। इसके बाद महिलाओं के 76 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली की अनास्तासिया अल्पीवा ने ओजो डामोला हन्ना पर 11-2 से जीत हासिल की। पुरुष वर्ग के 74 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले में भी दिल्ली का पलड़ा भारी रहा। अजरबैजान के तुरान बायरामोव ने अभिमन्यु मांडवाल को 3-0 से हराकर दिल्ली को 3-0 की बढ़त दिला दी। यूपी को आखिरकार तपस्या गहलावत ने महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में कार्ला गोंजालेज पर 8-2 से हराकर वापसी दिलाई। दिल्ली के कप्तान और अंडर-23 विश्व चैंपियन सुजीत कलकल ने हालांकि 65 किलोग्राम पुरुष वर्ग में विशाल कालीरमन को हराकर अपनी टीम की बढ़त को 4-1 तक पहुंचा दिया। निर्णायक मोड़ 57 किलोग्राम वर्ग के पुरुषों के मुकाबले में आया। राहुल देसवाल ने शुभम कौशिक को 8-5 से हराकर यूपी को मुकाबले में बनाए रखा। इसके बाद हैवीवेट मुकाबले में यूपी के जसपूरन सिंह ने रोनक को 3-1 से हराया। यूपी की कप्तान निशा दहिया ने महिलाओं के 62 किलोग्राम वर्ग में अंजली के खिलाफ 9-5 से जीत हासिल करके मुकाबला 4-4 से बराबर कर दिया। ओलंपियन अंतिम पंघाल ने निर्णायक मुकाबले में महिलाओं के 53 किलोग्राम वर्ग में सारिका को पराजित करके यूपी की जीत सुनिश्चित की।

## भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला विश्व कप की तैयारी के लिए शानदार मौका: फर्ग्यूसन

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन ने कहा कि भारत के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उनकी टीम को तैयारी के लिए उचित मंच प्रदान करेगी। भारत के खिलाफ हाल ही में 2-1 से वनडे श्रृंखला जीतने से उत्साहित न्यूजीलैंड की टीम नागपुर में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में विश्व कप के सह-मेजबान भारत से भिड़ेगी। भारत में कीवी टीम के साथ जुड़ने वाले फर्ग्यूसन ने रवाना होने से पहले पत्रकारों से कहा, ''यह सचमुच बहुत अच्छी तैयारी होगी। मैं जानता हूं कि यह वह मैदान नहीं होंगे जहां हम विश्व कप में खेलेंगे लेकिन वहां खेलने का अनुभव, उसका प्रभाव और मैदानों की स्थिति का आकलन विश्व कप से पहले शानदार तैयारी होगी। उन्होंने कहा, ''भारत दुनिया की शीर्ष टीमों में से एक है और घरेलू परिस्थितियों में उसका कोई सानी नहीं है। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी वनडे श्रृंखला की तरह ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आईपीएल 2026 के लिए पंजाब किंग्स की टीम में शामिल फर्ग्यूसन ने कहा कि वह यूएई में इस महीने की शुरुआत में आईएलटी20 मैच के दौरान पिंडली में चोट से उबर गए हैं और पिछले एक सप्ताह से पूरी ताकत से गेंदबाजी कर रहे हैं। न्यूजीलैंड ने हालांकि पहले मैच के लिए जो टीम घोषित की है उसमें फर्ग्यूसन का नाम नहीं है। वह टी20 विश्व कप के दौरान कुछ दिनों के लिए पितृत्व अवकाश भी ले सकते हैं क्योंकि उनके बच्चे का जन्म 20 फरवरी को होने की उम्मीद है। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि उनका फिलहाल संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा, ''मैं अब भी फिट महसूस करता हूं। मुझे अब भी लगता है कि मैं टीम में योगदान दे सकता हूं। अगर कभी ऐसा दिन आए जब मैं सुबह उठूं और देखूं कि मैं जीत में योगदान नहीं दे रहा हूं या मुझे लगे कि मैं टीम के लिए खेलने के लायक नहीं हूं तो मैं संन्यास ले लूंगा। भारत के खिलाफ 2023 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में अपना आखिरी वनडे मैच खेलने वाले इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह अब भी 50 ओवर का क्रिकेट खेलने के लिए प्रयासरत हैं। फर्ग्यूसन ने कहा, ''मुझे 50 ओवर का क्रिकेट बहुत पसंद है। टी20 की तुलना में इसी से मुझे थोड़ी ज़्यादा पहचान मिली।

## मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज की संघर्षपूर्ण जीत, शेल्टन भी आगे बढ़े

**मेलबर्न।** मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज ने शुरुआत में संघर्ष करने के बाद शानदार वापसी करके मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि पुरुष वर्ग में बेन शेल्टन भी आगे बढ़ने में सफल रहे। नौवीं वरीयता प्राप्त कीज ने पहले दौर में ओलेक्सांद्रा ओलिन्यकोवा को 7-6 (6), 6-1 से हराया। अपने 50वें ग्रैंड स्लैम मैच में खेल रही कीज ने पहले सेट में 4-0 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करके यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबला टाईब्रेकर तक पहुंचाया। पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में खेल रही ओलिन्यकोवा ने टाईब्रेकर में भी 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन वह दो सेट प्वाइंट के मौकों को भुनाने में असफल रही। कीज ने कहा, ''मैच की शुरुआत में थोड़ी नर्वस हो गई थी। मैं जितनी नर्वस थी उसे देखते हुए वापसी करना और जीत हासिल करना शानदार रहा। कीज़ ने ओलिन्यकोवा की प्रशंसा की जिन्होंने मैच के बाद ऑटोग्राफ दिए और कोर्ट पर यूक्रेन का ध्वज लहराया। इस बीच महिला वर्ग में सुबह के सत्र में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशिया की जेनिस टजेन ने कनाडा की 22वीं वरीयता प्राप्त लेयला फर्नांडीज को 6-2, 7-6 (1) से और चेक गणराज्य की टेरेजा वैलेंटोवा ने ऑस्ट्रेलिया की 30वीं वरीयता प्राप्त माया जॉइंट को 6-4, 6-4 से हराया। पूर्व अमेरकी ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस भी पहले दौर में कैरोलिना प्लिस्कोवा से 7-6 (7), 6-2 से हार गई। वर्ष 2017 में अमेरिकी ओपन जीतने वाली स्टीफंस ने इस साल क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी। बाएं हाथ से खेलने वाले खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने फ्रांस के यूगो हंबर्ट को 6-3, 7-6 (2), 7-6 (5) से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त शेल्टन पिछले साल में टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे। पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी बेल्जियम के राफ़ेल कोलिग्नन के चौथे सेट में रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में पहुंच गए। बेल्जियम के खिलाड़ी ने कथित तौर पर ऐंठन और चक्कर आने के कारण मैच बीच में ही छोड़ दिया। उस समय मुसेट्टी 4-6, 7-6 (3), 7-5, 3-2 से आगे चल रहे थे।

## पूनाचा-इसारो की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में बाहर

**मेलबर्न।** भारत के निकी पूनाचा और थाईलैंड के उनके जोड़ीदार प्रुच्य इसारो मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के पहले दौर में बाहर हो गए। पूनाचा और इसारो की वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली जोड़ी ने पेड्रो मार्टिनेज और जौमे मुनार की स्पेनिश जोड़ी के सामने अच्छी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें एक घंटे और 51 मिनट में 6-7(3) 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों जोड़ियों के बीच ज्यादा अंतर नहीं था, लेकिन पूनाचा और इसारो तीन में से केवल एक ब्रेक प्वाइंट के मौके को ही भुना पाए और मैच में दो बार अपनी सर्विस गंवा बैठे।

# टी20 विश्व कप में भारत में न खेलने के अपने रूख पर बांग्लादेश बरकरार

एजेंसी



ढाका। बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नज़रुल ने मंगलवार को साफ किया कि आईसीसी टी20 विश्व कप भारत में खेलने को लेकर बांग्लादेश अपने रुख में कोई बदलाव नहीं करेगा। उन्होंने यह भी खारिज किया कि अगर बांग्लादेश टूर्नामेंट से हटता है तो उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया जाएगा।

आसिफ नज़रुल ने कहा कि बांग्लादेश ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत में खेलने से इनकार किया है और आईसीसी से अनुरोध किया है कि उसके मैच सह-मेज़बान श्रीलंका में कराए जाएं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर सरकार का रुख स्पष्ट और अडिग है। पिछले सप्ताहांत बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और आईसीसी अधिकारियों के बीच ढाका में बातचीत हुई थी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। यह गतिरोध उस समय और गहरा गया जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल फ्रेंचाइज़ी कोलकाता नाइट राइडर्स को मौजूदा राजनीतिक तनाव के बीच मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज़ करने का निर्देश दिया। सूत्रों के अनुसार, आईसीसी ने इस मामले के समाधान के लिए 21 जनवरी की समयसीमा तय की है। यदि बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को शामिल करना पड़ा, तो उन्हें तैयारी के लिए कम से कम 15 दिन का समय देना होगा, क्योंकि स्कॉटलैंड विश्व कप के लिए क्वालिफाई न कर पाने वाली सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम है। बांग्लादेश ने अपने ग्रुप को बदलने का भी प्रस्ताव रखा था, लेकिन आयरलैंड ने इस पर सहमति देने से इनकार कर दिया। आसिफ नज़रुल ने पत्रकारों से कहा, मुझे इस बात की जानकारी नहीं है कि आईसीसी टी20 विश्व कप में हमारी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया जाएगा। अगर आईसीसी भारतीय क्रिकेट बोर्ड के दबाव में आकर हम पर अनुचित शर्तें थोपने की कोशिश करता है, तो हम उन्हें स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने आगे कहा, अतीत में ऐसे उदाहरण हैं जब पाकिस्तान ने भारत की यात्रा से इनकार किया और आईसीसी ने टूर्नामेंट का वेन्यू बदला। हमने भी तार्किक आधार पर वेन्यू बदलने की मांग की है और किसी भी तरह के अव्यावहारिक दबाव में आकर भारत में खेलने को मजबूर नहीं किया जा सकता।

## चोटिल कमलिनी की जगह वैष्णवी शर्मा मुंबई की टीम में शामिल

वडोदरा। भारतीय स्पिनर वैष्णवी शर्मा को मंगलवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शेष मैचों के लिए चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमलिनी की जगह मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल किया गया। सत्रह वर्षीय कमलिनी ने डब्ल्यूपीएल के इस सत्र में पांच मैचों में से चार में पारी की शुरुआत की जिसमें उन्होंने 97.40 के स्ट्राइक रेट से केवल 75 रन बनाए। डब्ल्यूपीएल ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''वैष्णवी शर्मा 30 लाख रुपये में मुंबई इंडियंस में शामिल होंगी। वैष्णवी 2025 में भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम की सदस्य थीं। उन्होंने पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया, जिसे भारत ने 5-0 से जीता था। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी से अच्छा प्रभाव डाला और पांच विकेट लिए।

# खान मंत्रालय के सचिव बुधवार को केंद्रीय भूवैज्ञानिक प्रोग्रामिंग बोर्ड की बैठक को करेंगे संबोधित

एजेंसी

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF MINES

नई दिल्ली। खान मंत्रालय के सचिव पीयूष गोयल 21 जनवरी, बुधवार को यहां होने वाली 65वीं केंद्रीय भूवैज्ञानिक प्रोग्रामिंग बोर्ड (सीजीपीबी) की बैठक को संबोधित करेंगे। खान मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) 21 जनवरी 2026 को एपी शिंदे संगोष्ठी हॉल, आईसीएआर, पूसा, नई दिल्ली में 65वीं केंद्रीय भूवैज्ञानिक कार्यक्रम बोर्ड की बैठक की मेजबानी करने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों, उद्योग, शिक्षा जगत और खनन क्षेत्रों के प्रमुख हितधारक भूवैज्ञानिक- प्रगति, खनिज अन्वेषण रणनीतियों और स्वच्छ ऊर्जा, भू-खतरों एवं सतत विकास सहित चुनौतियों के समाधान पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ एक मंच पर होंगे। मंत्रालय के मुताबिक सीजीपीबी खान मंत्रालय के तहत भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) का एक महत्वपूर्ण मंच है। इसके तहत जीएसआई के वार्षिक क्षेत्र सत्र कार्यक्रम (एफएसपी) पर चर्चा की जाती है और कार्यों के दोहराव से बचा जाता है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्राथमिकताओं और सदस्यों एवं हितधारकों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के महत्व और तात्कालिकता के आधार पर, आगामी वित्तीय वर्ष के लिए सर्वेक्षण एवं मानचित्रण, अन्वेषण, अनुसंधान एवं विकास, सामाजिक परियोजनाओं के लिए बहुविषयक कार्य तथा प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के लिए जीएसआई के वार्षिक कार्यक्रम को सीजीपीबी की शीर्ष स्तरीय बैठकों में उचित चर्चा और विचार-विमर्श के बाद अंतिम रूप दिया जाता है। खान मंत्रालय के सचिव पीयूष गोयल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जीएसआई के महानिदेशक असित साहा और खान मंत्रालय के अपर सचिव संजय लोहिया के साथ-साथ खान मंत्रालय, जीएसआई, राज्य भूवैज्ञानिक विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी अन्वेषण/खनन कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। बैठक में होने वाली चर्चा देश के खनिज क्षेत्र के सामने आने वाली समस्याओं पर केंद्रित होगी, जिनमें निम्नलिखित विषय शामिल हैं:-लिथियम, आरईई, ग्रेफाइट, पीजीई, वैनेडियम, स्कैंडियम, सीजियम आदि जैसे महत्वपूर्ण खनिजों का अन्वेषण, ऊर्जा पारेषण और आत्मनिर्भर भारत पर राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप किया जाना। सीजीपीबी की बैठक राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक प्राथमिकताओं को वैश्विक स्थिरता लक्ष्यों के अनुरूप बनाने के लिए एक सहयोगात्मक और समन्वय मंच के रूप में कार्य करेगी।

# एडवांटा इंटरप्राइजेज पब्लिक इश्यू लाएगी सेबी के पास डीआरएचपी जमा कराया

एजेंसी

नई दिल्ली। केमिकल कंपनी यूपीएल की हाइब्रिड सीड्स सब्सिडियरी कंपनी एडवांटा एंटरप्राइजेज ने भी आईपीओ लॉन्च करने की दिशा में अपने कदम बढ़ा दिए हैं। एडवांटा एंटरप्राइजेज ने मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के पास अपने आईपीओ के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा करा दिया है। आईपीओ के ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार ये इश्यू पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) का होगा। यूपीएल की सब्सिडियरी कंपनी एडवांटा एंटरप्राइजेज के आईपीओ के जरिये मौजूदा शेयरहोल्डर्स 3.61 करोड़ शेयरों की बिक्री करेंगे। इनमें यूपीएल अपने हिस्से के 2,81,07,578 शेयर ओएफएस के जरिये बेचेगी, जबकि बाकी शेयर कंपनी के दूसरे प्रोमोटर्स द्वारा ओएफएस के जरिये बेचे जाएंगे। इस आईपीओ के लिए जेएम फाइनेंशियल, एक्सिस कैपिटल, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया, गोल्डमैन सैक्स (इंडिया) सिक्योरिटीज और मॉर्गन स्टेनले इंडिया कंपनी मर्चेंट बैंकर्स हैं। एडवांटा एंटरप्राइजेज एक वैश्विक एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस कंपनी है, जो हाइब्रिड बीज समेत फसलों से जुडे अन्य प्रोडक्ट्स के बिजनेस में है। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी सितंबर 2025 तक के विवरणों के अनुसार इसके पोर्टफोलियो में 21 ब्रीडिंग क्रॉप्स और 19 कमर्शियल क्रॉप्स में 900 से अधिक हाइब्रिड बीजों की वेरायटीज हैं। इसके प्रोडक्ट्स की बिक्री भारत के साथ ही दुनिया भर के करीब 74 देशों में होती है। कंपनी के वित्तीय सेहत की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 5,119 करोड़ रुपये का राजस्व और 800 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हासिल हुआ था। इसके अगले साव वित्त वर्ष 2024-25 में इसका राजस्व बढ़कर 5,685 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 921 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

# एपीडा ने नॉर्थ ईस्ट ऑर्गेनिक कॉन्क्लेव कम बायर-सेलर मीट का आयोजन किया

एजेंसी

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने असम से कृषि निर्यात को मजबूत करने के लिए ऑर्गेनिक कॉन्क्लेव-कम-बायर सेलर मीट का आयोजन किया। एपीडा बायर सेलर मीट में 30 से ज्यादा एक्सपोर्टर्स, 9 इंपोर्टर्स और 50 किसान उत्पादक कंपनियों (एफपीसी) ने हिस्सा लिया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि एपीडा ने सोमवार को असम सरकार के सहयोग से गुवाहाटी में एक ऑर्गेनिक कॉन्क्लेव-कम-बायर सेलर मीट का आयोजन किया। असम सरकार के कृषि, बागवानी और उत्पाद शुल्क मंत्री, अतुल बोरा ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का मकसद कृषि निर्यात संबंधों को मज़बूत करना और असम के कृषि और प्रोसेस्ड खाद्य उत्पादों के लिए बाज़ार तक पहुंच को बेहतर बनाना था। इस कॉन्क्लेव में असम के 30 से ज्यादा एक्सपोर्टर्स, 9 इंपोर्टर्स और लगभग 50 किसान उत्पादक कंपनियां (एफपीसी) ने हिस्सा लिया। बायर सेलर मीट ने बिजनेस-टू-बिजनेस बातचीत के लिए एक स्ट्रक्चर्ड प्लेटफॉर्म दिया, जिससे स्टेकहोल्डर्स को ट्रेड के मौके तलाशने और घरेलू और इंटरनेशनल खरीदारों के साथ लंबे समय की पार्टनरशिप बनाने में मदद मिली। असम, अपनी समृद्ध कृषि-जलवायु विविधता के साथ, कई तरह की एक्सपोर्ट-पोटेंशियल वाली चीज़ें पैदा करता है।

मंत्रालय के मुताबिक असम जोहा चावल और अलग-अलग नॉन-बासमती स्पेशल चावल की किस्मों के अलावा, केला, अनानास, मैंडरिन संतरा, असम नींबू, ऑर्गेनिक अदरक, हल्दी, काली मिर्च जैसे फल और सब्जियां, साथ ही बागवानी और अन्य ऑर्गेनिक उत्पादों की एक बड़ी रेंज, राज्य को ग्लोबल एग्रीकल्चर मार्केट में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के मज़बूत मौके देती है।

# सर्राफा बाजार जबरदस्त तेजी नए शिखर पर सोना और चांदी

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज जबरदस्त तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 2,270 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,480 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी ने भी आज 10,200 रुपये प्रति किलोग्राम की बड़ी छलांग है। कीमत में आई तेजी के कारण सोना और चांदी ने आज एक बार फिर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड कायम कर लिया है। सर्राफा बाजार में तेजी का रुख बनने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,46,250 रुपये से लेकर 1,46,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,34,060 रुपये से लेकर 1,34,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी की कीमत में भी तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज ये चमकीली धातु तीन लाख रुपये का स्तर पार कर 3,05,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,46,400 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,210 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,46,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,46,250 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,34,060 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,46,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,34,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,46,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,34,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,34,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# ज्ञान सामाजिक परिवर्तन का सबसे स्थायी साधन : राधाकृष्णन

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को यहां ऐतिहासिक गांधी आश्रम में महादेव देसाई पुस्तकालय के विस्तार का उद्घाटन किया और कहा कि यह इस विश्वास की पुष्टि है कि ज्ञान सामाजिक परिवर्तन का सबसे स्थायी साधन है।

श्री राधाकृष्णन ने आश्रम परिसर में स्थित कस्तूरबा संग्रहालय का भी भ्रमण किया जहां महात्मा गांधी और कस्तूरबा गांधी 1930 और 1940 के दशकों में दिल्ली प्रवास के दौरान ठहरे थे। इस यात्रा को अत्यंत भावुक बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि आश्रम में भ्रमण, विशेष रूप से कस्तूरबा बा द्वारा उपयोग किए गए सादे घर और रसोई को देखना उनके सादगीपूर्ण, त्यागपूर्ण और अडिग संकल्प से परिपूर्ण जीवन की सशक्त याद दिलाता है।



समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि महादेव देसाई पुस्तकालय के विस्तार का उद्घाटन केवल एक भौतिक संरचना का विस्तार नहीं है, बल्कि यह इस विश्वास की पुष्टि है कि ज्ञान सामाजिक परिवर्तन का सबसे स्थायी साधन है। महात्मा गांधी के जीवन में आये बदलाव का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने याद किया कि राष्ट्रपिता ने पश्चिमी परिधान त्यागने का निर्णय भारतीय किसानों की गरीबी से उनके साक्षात्कार से प्रभावित था। उन्होंने मदुरै रेलवे स्टेशन का उल्लेख किया जहां बापू ने केवल लंगोट या धोती पहनने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि यह बदलाव जनता के साथ जुड़ने और उनके उत्थान के लिए आजीवन कार्य करने की राष्ट्रपिता की प्रतिबद्धता का प्रतीक था। उन्होंने स्वदेशी के पक्ष में बापू के विचारों का भी उल्लेख किया और बताया कि कैसे उन्होंने भारत के कपास को मैनचेस्टर में प्रसंस्करण कर पुनः भारत में बेचने का विरोध किया और स्वदेशी को बढ़ावा दिया।

हरिजन सेवक संघ का दौरा करने के बाद उन्होंने कहा कि यह महात्मा गांधी द्वारा रोपा गया बीज है और इस संगठन के कार्यों ने शिक्षा, जागरूकता और सेवा के माध्यम से अस्पृश्यता जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में स्थायी योगदान दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी व्यक्ति का अच्छा या बुरा होना उसके जन्म से नहीं बल्कि उसके चरित्र से निर्धारित होता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति के. आर. नारायणन के जीवन को स्मरण करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हरिजन सेवक संघ ने उनकी शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनके जीवन की दिशा तय करने में सहायता की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संघ भविष्य में भी ऐसे अनेक आदर्श व्यक्तित्वों को गढ़ता रहेगा और कहा कि समाज के प्रति निःस्वार्थ सेवा चरित्रवान और विवेकशील व्यक्तियों का निर्माण करती है। व्यक्ति और समाज के पारस्परिक संबंध पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यद्यपि व्यक्ति अक्सर जीवन निर्माण में समाज की भूमिका को नज़रअंदाज़ कर देता है, फिर भी प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह समाज को कुछ लौटाए।

# श्रेणी दो और श्रेणी तीन शहर अब मांग, उद्यमिता और दीर्घकालिक आर्थिक गति को दे रहे हैं बढ़ावा: रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की उपभोग-आधारित आर्थिक वृद्धि अब एक नए और निर्णायक चरण में प्रवेश कर रही है जो अब केवल बड़े महानगरों तथा शहरों तक सीमित नहीं है बल्कि श्रेणी दो और श्रेणी तीन शहर अब मांग, उद्यमिता और दीर्घकालिक आर्थिक गति को आगे बढ़ा रहे हैं।

कंज़्यूमर ब्रांड्स में निवेश करने वाली वेंचर कैपिटल फर्म रुकम कैपिटल ने अपनी नई रिसर्च रिपोर्ट ''बियॉन्ड मेट्रोसः द रियल स्टोरी ऑफ़ भारत नेक्स्ट 500 मिलियन'' में यह जानकारी दी गयी है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में सामने आई है जब भारत की आर्थिक गतिविधियों का केंद्र स्पष्ट रूप से मेट्रो शहरों से आगे बढ़ रहा है। देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी अब श्रेणी दो और श्रेणी तीन शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। जीएसटी के जरिए औपचारिकरण, कीमतों में सुधार से बढ़ती वहनीयता और थ्री तथा फोर जी नेटवर्क से लेकर यूपीआई जैसे डिजिटल पब्लिक आधारभूत ढांचे के तेज विस्तार ने भारत को उपभोग वृद्धि का अगला बड़ा इंजन बना दिया है। यह उपभोक्ता रिपोर्ट मेट्रो-केंद्रित धारणाओं से हटकर यह दिखाती है कि भारत में उपभोग का व्यवहार अलग सोच और तर्क पर आधारित है। रिपोर्ट बताती है कि आज का भारत उपभोक्ता न तो जल्दबाज़ी में खरीदारी करता है और न ही केवल विज्ञापनों से प्रभावित होता है, बल्कि वह जानकारी-आधारित, रिसर्च-ड्रिवन और भरोसे पर आधारित फैसले लेता है। अर्चना जहागीरदार, फाउंडर और मैनेजिंग पार्टनर, रुकम कैपिटल ने इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा, ''लंबे समय तक भारत को मेट्रो शहरों के नजरिए से देखा गया, जिससे उपभोक्ताओं की सही समझ नहीं बन पाई। इस अध्ययन में हमें एक आत्मविश्वासी और सोच-समझकर निर्णय लेने वाला उपभोक्ता दिखा, जो गहराई से विचार करता है, समुदाय की राय पर भरोसा करता है और दिखावे से ज्यादा निरंतरता को महत्व देता है। भारत में ब्रांड्स के लिए असली अवसर भरोसा जल्दी बनाने, वास्तविक जरूरतों के अनुसार प्रोडक्ट डिज़ाइन करने और स्थानीय संदर्भ से जुड़े रहने में है।''

रिपोर्ट में कहा गया है कि 37 प्रतिशत उपभोक्ता यूट्यूब रिव्यू देखते हैं, 32 प्रतिशत सोशल मीडिया से नए उत्पाद खोजते हैं और 35 प्रतिशत श्रेणी दो और श्रेणी शहरों में उपभोक्ता ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को रिसर्च के लिए इस्तेमाल करते हैं। इसमें कहा गया है कि व्हाट्सऐप भारत का डिजिटल आधार बन चुका है, जिसकी पहुंच लगभग 90 प्रतिशत लोगों तक है। यह संचार, खोज और कॉमर्स तीनों के लिए इस्तेमाल हो रहा है। लोग अब उपयोगिता-आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म की ओर बढ़ रहे हैं। यह सर्वे यूगोव के सहयोग से किया गया, जिसमें 18 राज्यों के 5000 से अधिक शहरी और अर्ध-शहरी उत्तरदाताओं को शामिल किया गया।

# सीएक्यूएम ने दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार को देखते हुए ग्रैप-4 हटाया

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार दिखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान-4 (ग्रैप-4) को तत्काल प्रभाव से हटा लिया। हालांकि ग्रैप चरणों के तहत कड़े प्रदूषण-नियंत्रण उपाय जारी रहेंगे।

एक आधिकारिक आदेश में सीएक्यूएम की ग्रैप उप-समिति ने दिल्ली में एक्यूआई में लगातार सुधार को देखते हुए और आईआईटी दिल्ली तथा मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), आईआईटीएम सहयोग के पूर्वानुमानों का हवाला देते हुए आज ग्रैप-4 के प्रतिबंधों की वापस लेने की घोषणा की। सीएक्यूएम ने अपने आदेश में कहा कि सोमवार शाम से तेज हवाओं और अनुकूल मौसम की वजह से वायु गुणवत्ता में सुधार देखा गया है और दिल्ली का एक्यूआई आज 'बहुत खराब' श्रेणी से गिरकर 378 तक पहुंच गया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सूचकांक इसी स्तर पर रहने का अनुमान है। आईएमडी और आईआईटीएम के पूर्वानुमानों के अनुसार, सुधार के रुझानों को देखते हुए दिल्ली का औसत एक्यूआई आने वाले दिनों में 'बहुत खराब' श्रेणी में भी रह सकता है। इसी के मद्देनजर सीएक्यूएम ने ग्रैप-4 को हटा लिया है। गत शनिवार को एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी के करीब पहुंच गया था जिसके मद्देनजर ग्रैप-4 के उपाय लागू किए गए थे और इसके एक दिन पहले राजधानी और उसके आसपास के क्षेत्र में ग्रैप-3 प्रतिबंध लागू किए गए थे। एजेंसी ने हालांकि कहा कि ग्रैप-एक, दो और तीन के तहत इससे संबंधित कार्रवाई जारी रहेगी। एजेंसी ने कहा कि ग्रैप-तीन के प्रतिबंधों में गैर-जरूरी निर्माण पर रोक, पत्थर क्रशर और ईंट भट्टों को बंद करना, डीजल जनरेटर के उपयोग पर सीमाएं, और अन्य आपातकालीन कदम शामिल हैं ताकि वायु गुणवत्ता और बिगड़ने से रोकी जा सके। ग्रैप-3 के तहत दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों (गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर सहित) में बीएस-4 से नीचे के डीजल और पेट्रोल वाहनों के प्रवेश पर रोक है। ग्रैप-2 उपायों के तहत दिल्ली-एनसीआर में केंद्रीय और राज्य सरकार के कार्यालयों तथा नगरपालिका निकायों में समय-सारणी अपनाने के लिए प्रोत्साहन दिया गया है। एजेंसी ने स्पष्ट किया कि ग्रैप-4 उपाय हटाए जाने के बावजूद जिन निर्माण स्थलों को नियमों का उल्लंघन करने के कारण बंद करने के नोटिस दिए गए हैं, उन्हें आयोग द्वारा अधिसूचित किए बिना संचालन फिर से शुरू करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# उच्चतम न्यायालय ने 'हेट स्पीच' पर दायर याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने देश भर में भड़काऊ भाषण (हेट स्पीच) की घटनाओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई संबंधी निर्देश देने वाली याचिकाओं पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मंगलवार को अपना आदेश सुरक्षित रखते हुए संबंधित पक्षों को दो सप्ताह के भीतर संक्षिप्त लिखित दलीलें दाखिल करने का निर्देश दिया। इन याचिकाओं पर सुनवाई न्यायालय के उन पिछले निर्देशों की पृष्ठभूमि में हो रही है, जिनमें कहा गया था कि भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए, 153बी, 295ए और 505 के तहत अपराध की श्रेणी में आने वाले भाषणों पर अधिकारियों को बिना किसी औपचारिक शिकायत के भी स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करनी चाहिए। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल, एम.आर. शमशाद, संजय पारिख और संजय हेगड़े के साथ अधिवक्ता निज़ाम पाशा पेश हुए। अतिरिक्त महान्यायवादी एस.वी. राजू और वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एस. नायडू ने प्रतिवादियों का प्रतिनिधित्व किया। कई याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता निज़ाम पाशा ने 'हेट स्पीच' के खिलाफ कार्रवाई करने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों की लगातार हिचकिचाहट की ओर इशारा किया, विशेष रूप से तब जब आरोपी सत्ताधारी प्रतिष्ठानों से जुड़े होते हैं। उन्होंने दलील दी कि समस्या कानूनी प्रावधानों के अभाव में नहीं, बल्कि उनके खराब क्रियान्वयन में है। श्री पाशा ने तर्क दिया कि न्यायालय के बार-बार के निर्देशों के बावजूद 'संदिग्ध' बेखौफ होकर भड़काऊ भाषण देना जारी रखते हैं। प्राथमिकी के बाद अक्सर गिरफ्तारियां नहीं होती हैं और अधिकारी तब भी कार्रवाई करने में विफल रहते हैं, जब कार्यक्रमों के विज्ञापन में पहले से ही हेट स्पीच का स्पष्ट संकेत मिल रहा होता है। याचिकाकर्ताओं ने डिजिटल युग में हेट स्पीच के बदलते स्वरूप को भी रेखांकित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल ने एक एआई निर्मित वीडियो का हवाला दिया, जिसमें कथित तौर पर राजनीतिक उद्देश्यों के लिए सांप्रदायिक बात कही गयी थी। उन्होंने 'हेट स्पीच' के मामले में 'मंजूरी की कमी' के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार करने पर भी चिंता जताई। उन्होंने तर्क दिया कि मंजूरी केवल संज्ञान लेने के चरण में आवश्यक होती है, न कि प्राथमिकी दर्ज करने या जांच के लिए। वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने बताया कि कैसे 'हेट स्पीच' अब एक चक्र का पालन करती है, जो एक नारे या वाक्यांश के रूप में शुरू होती है, सोशल मीडिया के माध्यम से फैलती है और अंततः जन संचार द्वारा उसे और भी बढ़ाया जाता है। वरिष्ठ अधिवक्ता एम.आर. शमशाद और अधिवक्ता अमित पई ने भी कहा कि पुलिस अधिकारी अक्सर पूर्व सरकारी मंजूरी पर गलत तरीके से जोर देकर प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार कर देते हैं। यह स्पष्ट किया गया कि मंजूरी संज्ञान के स्तर पर आवश्यक हो सकती है, लेकिन यह प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पूर्व शर्त नहीं है। पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय पारिख ने तर्क दिया कि 'हेट स्पीच' से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए 'तहसीन एस. पूनावाला बनाम भारत संघ' मामले में जारी दिशा-निर्देशों को मजबूत करने और उनमें संशोधन करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। यह सुझाव भी दिया गया कि 'हेट स्पीच' को 'संवैधानिक अपकृत्य' माना जाना चाहिए और इसे संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। केंद्र की ओर से जवाब देते हुए अतिरिक्त महान्यायवादी एस.वी. राजू ने कहा कि अदालत के निर्देशों का काफी हद तक पालन किया गया है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट की गई अधिकांश घटनाओं में प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, जबकि अन्य मामलों में जांच में कोई अपराध नहीं पाया गया। न्यायालय ने मुख्य याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रखते हुए स्पष्ट किया कि 'काजीम अहमद शेरवानी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य' मामले पर बाद में अलग से सुनवाई की जाएगी। यह मामला नोएडा में एक मुस्लिम मौलवी के खिलाफ 2021 के कथित नफरत भरे भाषण से संबंधित है।

# भारत और यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के करीब: यूरोपीय आयोग अध्यक्ष

नई दिल्ली। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने मंगलवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर के करीब हैं और यह अब तक का सबसे बड़ा समझौता होगा।

सुश्री लेयेन ने मंगलवार को दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) को संबोधित करते हुए कहा कि दावोस के बाद अगले सप्ताहांत में वह भारत की यात्रा करेंगी। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अभी कुछ काम शेष है। उन्होंने कहा, ''और दावोस के तुरंत बाद अगले सप्ताहांत में मैं भारत की यात्रा करूंगी। अभी कुछ काम बाकी है, लेकिन हम एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते के बिल्कुल करीब हैं। वास्तव में, कुछ लोग इसे सभी समझौतों की जननी कहते हैं।'' उन्होंने कहा कि यह समझौता दो अरब लोगों का मुक्त बाजार तैयार करेगा। इसमें शामिल पक्ष वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में लगभग एक चौथाई योगदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इससे यूरोप को दुनिया के सबसे तेज़ी से बढ़ते और गतिशील क्षेत्रों में से एक (भारत) के साथ पहले समझौता करने का लाभ मिलेगा। यूरोपीय आयोग अध्यक्ष ने कहा कि यूरोप मौजूदा दौर में आर्थिक वृद्धि के केंद्रों और इस सदी की आर्थिक शक्तियों के साथ व्यापार करना चाहता है जिसमें लैटिन अमेरिका से लेकर हिन्द प्रशांत और उससे आगे तक के क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ ऑस्ट्रेलिया के साथ एक नए मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहा है। इसके अलावा वह फिलीपींस, मलेशिया, इंडोनेशिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भी समझौते की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ''यूरोप दुनिया को चुनेगा और दुनिया भी यूरोप को चुनने के लिए तैयार है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और उर्सुला वॉन डेर लेयेन इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इसके बाद वे 27 जनवरी को संयुक्त रूप से भारत-यूरोपीय शिखर सम्मेलन की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सह-अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है।

# पेज एक का शेष

## संकल्प, संवेदना और...

का दर्पण और लोकतंत्र का सजग प्रहरी है। स्थापना दिवस का यह आयोजन अतीत की उपलब्धियों को स्मरण करने के साथ-साथ भविष्य के लिए नए संकल्पों को मजबूती देने वाला साबित हुआ है। निस्संदेह, 15वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहा कैनविज टाइम्स स्वतंत्र, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता की अपनी परंपरा को और अधिक सशक्त रूप में आगे बढ़ाएगा—यही इस आयोजन का मूल संदेश रहा।

## भाजपा में नेतृत्व...

यह सदैव प्रतिबिंबित होता रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का चरित्र और संस्कार ऐसा है कि उनके लिए 'खुद से बड़ा दल और दल से बड़ा देश' होता है। उन्होंने इसे भाजपा के हर कार्यकर्ता का संस्कार और जीवनमंत्र बताया और कहा, ञ्ञ इसी भाव के साथ बीते 11 वर्षों में हमने अनेक चुनौतियों पर विजय पाई है। उन्होंने गत 11 वर्षों की भाजपा की यात्रा को जन-विश्वास अर्जित करने की अद्भुत यात्रा बताया और कहा कि पार्टी पर जनता-जनार्दन का भरोसा किस प्रकार सुदृढ़ हुआ है, यह हाल के विधानसभा चुनावों से लेकर स्थानीय निकाय चुनावों में भी देखने को मिला है। इस दौरान जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाये जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन बातों को कभी असंभव माना जाता था, आज ये हकीकत बन चुके हैं। श्री मोदी ने कहा, ञ्ञ दशकों तक हमारे आदिवासी समाज को सिर्फ वोट बैंक से जोड़कर देखा गया। लेकिन भाजपा की संवेदनशीलता, संस्कार और समानता की भावना ने आदिवासियों में भी सबसे पिछड़ी जनजातियों की पीड़ा तक को समझा और उनके कल्याण के लिए योजनाएं बनायीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा के संगठनात्मक चुनाव एक व्यापक प्रक्रिया शत-प्रतिशत लोकतांत्रिक तरीके और भाजपा के संविधान की भावना के साथ आज विधिपूर्वक सम्पन्न हुए हैं। 'संगठन पर्व' का आज का यह विशाल आयोजन पार्टी की लोकतांत्रिक आस्था, संगठनात्मक अनुशासन और कार्यकर्ता केंद्रित सोच का प्रतीक है। श्री मोदी ने कहा, लोगों को लगता होगा कि नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं, तीसरी बार प्रधानमंत्री बने, 50 साल की छोटी आयु में मुख्यमंत्री बन गये। 25 साल से ये लगातार सरकार के प्रमुख रहे हैं। ये सब अपनी जगह है, लेकिन इन सबसे भी बड़ी चीज मेरे जीवन में है, मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं। ये सबसे बड़ा गर्व है। जब बात पार्टी के विषयों पर आती है, तब मैं एक कार्यकर्ता हूं और माननीय नितिन नबीन जी मेरे बॉस हैं। श्री मोदी ने मंगलवार को कहा कि देश के लिए एक महत्वपूर्ण काल खंड के प्रारंभ में भाजपा का नेतृत्व नितिन नबीन जैसा युवा नेता संभाल रहा है, जिसमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री नबीन एक तरह से ' मिलेनियल जेनरेशन' के हैं और उन्होंने अपने आंखों के सामने भारत में बहुत बड़े बदलाव होते देखा है। उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्ष भारत के लिए एक महत्वपूर्ण कालखंड है। इसमें विकसित भारत का निर्माण होना तय है। पार्टी के निवर्तमान अध्यक्ष जे पी नड्डा ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि श्री नबीन मूलतः कार्यकर्ता हैं, वैचारिक पृष्ठभूमि पर परिपक्व हैं और बहुत ही छोटी उम्र में पांच बार विधायक रह चुके हैं और वर्तमान में भी विधायक हैं। उन्होंने कहा, ऐसे नौजवान, ऊर्जावान, प्रतिभावान व्यक्तित्व ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला है। कार्यक्रम के मंच पर पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सर्वश्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी डॉ के लक्ष्मण उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं के...

ऐशो-आराम नहीं, तपस्या है।राजनीति कोई पदभार नहीं, उत्तरदायित्व है। नये भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ' हम मन में राष्ट्र प्रथम, पार्टी उसके बाद तथा व्यक्तिगत हित सबसे बाद, के भाव से काम करते हैं। उन्होंने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी का आभार व्यक्त करते हुए कहा , ' भाजपा के विस्तार में योगदान देने वाले हमारे शीर्ष नेतृत्व ने मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को पार्टी के सर्वोच्च पद तक पहुंचाने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आप सभी को प्रणाम करता हूं। श्री नबीन ने इस अवसर पर पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों के योगदान का भी स्मरण किया और समारोह में उपस्थित मौजूद पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों का अभिवादन किया। उन्होंने कहा, ' 2006 में जब मैं पहली बार विधायक बना, तब से मैं देख रहा हूं कि राजनाथ सिंह जी ने किस प्रकार हर कार्यकर्ता से जुड़ने का प्रयास किया। नितिन गडकरी जी ने संगठन के हर मोर्चे को गढ़ने का काम किया।गृहमंत्री अमित शाह जी जब राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, तब उन्होंने किस प्रकार हर कार्यकर्ता की चिंता की.. मैं पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के आगे सिर झुकाता हूँ।' उन्होंने कहा कि आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन गयी है। यह पार्टी के प्रेरणादायी नेतृत्व , इसकी विचारधारा और कार्यकर्ताओं की मेहनत का फल है। उन्होंने कहा , 'भाजपा का कार्यकर्ता अनवरत काम करता है, कठिन से कठिन परिस्थिति में भी भारत का ध्वज झुकने नहीं देता है,वह सीना ठोककर कहता है, तेरा वैभव अमर रहे माँ...।' कार्यक्रम के मंच पर श्री नबीन के साथ प्रधानमंत्री , पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी , अमित शाह और चुनाव अधिकारी डॉ के लक्ष्मण थे। मंच पर शीर्ष नेताओं की उपस्थित में पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने श्री नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया और उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। प्रधानमंत्री मोदी ने श्री नबीन का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया और उन्हें बधाई दी। भाजपा ने संगठनात्मक चुनाव को 'संगठन पर्व' नाम दे कर उसके अंतर्गत सोमवार को आयोजित राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के उपलक्ष्य में मुख्यालय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया था। प्रधानमंत्री श्री मोदी का पार्टी मुख्यालय पहुंचने पर कार्यकारी अध्यक्ष श्री नबीन और निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पुष्पगुच्छ एवं शाल भेंट कर स्वागत किया। श्री नबीन कल अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित हुए।

## वैश्विक चिंता में सेंसेक्स...

शेयरों टूट गये जबकि 538 में तेजी रही। अन्य 85 कंपनियों के शेयर अंततः स्थिर रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 29 के शेयर लाल निशान में रहे। इटरनल का शेयर सबसे अधिक 4.02 प्रतिशत टूटा। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.88 प्रतिशत, सनफार्मा का 3.68, बजाज फिनसर्व का 3.05, इंडिगो और इंडिगो का 3.04 प्रतिशत गिर गया। ट्रेंट में 2.89 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.83, एशियन पेंट्स में 2.75, टाटा स्टील में 2.50, अडानी पोर्ट्स में 2.40 और टेक महिंद्रा में 2.32 प्रतिशत की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 1.96 फीसदी, आईटीसी का 1.95, मारुति सुजुकी का 1.85, टीसीएस का 1.74, टाइटन का 1.67, एलएंडटी का 1.54 और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.52 प्रतिशत लुढ़क गया। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.48 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.40, एनटीपीसी का 1.38, इंफोसिस का 1.35, पावरग्रिड का 1.24 और एक्सिस बैंक का 1.11 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। भारती एयरटेल, बीईएल, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। वैश्विक स्तर पर भी शेयर बाजारों में भारी गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्केई 1.11 फीसदी, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.29 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.01 प्रतिशत उतर गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.54 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 1.37 प्रतिशत नीचे था।

## एटा में एक ही...

सन्नाटा पसरा हैं वहीं पुलिस हत्यारों की धरपकड़ के लिये जोर शोर से जुटी है। हत्या के बाद अलीगढ मण्डल के डीआईजी प्रभाकर चौधरी व आगरा जोन की एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ ने एटा पहुंच कर वरिष्ठ पुलिस अधीचक श्याम नारायण सिंह के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया और क्राइम सीन को समझा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सारे एंट्री,एग्जिट व सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग देखी गयी है। सभी उपलब्ध तकनीकी उपकरणों के द्वारा इन्वेस्टीगेशन किया जा रहा है। डॉग स्क्वायड, फॉरेनसिक जांच और टेक्निकल साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। जो भी संदेह के घेरे में आयेंगे,उनसे पूछताछ की जाएगी, जल्दी ही मुल्जिम तक पहुंचेगे। पीड़ित परिवार के तीन सदस्य कमल सिंह और उनकी बड़ी पुत्री लक्ष्मी शिकोहाबाद रोड पर अपने लक्ष्मी मेडिकल स्टोर में बैठे थे जबकि कमल सिंह का बेटा देवांश सुनहरी नगर स्थित कलावती सरस्वती विद्यालय मंदिर में कक्षा पांच में पढता है, वहाँ पढ़ने गया हुआ था इसलिये ये तीनो बच गए। सभी चार मृतकों की हत्या सडक पर लगायी जाने वाली सीमेंट की टाइल्स की ईंट से सर कुचल कर की गयी थी। जिस ईंट से कुचल कर हत्या की गयी उसको भी बरामद कर लिया गया है। इस मामले में कमल सिंह शाक्य की तहरीर पर एटा कोतवाली नगर में अपराध संख्या 35/2026 धारा 103(1) बी एन एस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है। कमल सिंह शाक्य की छोटी बेटी ज्योति (23) की 11 फरवरी को शादी होनी थी। सूत्रों के अनुसार मृतक लड़की ज्योति की शादी चंडीगढ़ के रहने वाले सक्सेना लड़के के साथ इंटर कास्ट मेरिज होने वाली थी और उसकी शादी के लिए आज चार लाख रुपये लड़के के परिजनों को देने चंडीगढ़ जाने थे।

## आज 3793 स्थानों पर...

देना होगा। अगर मतदाता की जन्मतिथि इसके बाद और दो दिसंबर 2004 के बीच की है तो उसे अपनी व अपने पिता दोनों के दस्तावेज देने होंगे। वहीं अगर कोई मतदाता दो दिसंबर 2004 के बाद पैदा हुआ है तो उसे अपने साथ-साथ माता-पिता दोनों के भी दस्तावेज दिखाने होंगे। प्रमाण के रूप में पासपोर्ट, जन्म प्रमाण, निवास प्रमाण पत्र व शैक्षिक प्रमाण पत्र सहित 13 दस्तावेज दिखाए जा सकते हैं।

## विधायिका के कामकाज...

डिजिटलाइजेशन की भूमिका पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि देश नए युग की दहलीज पर खड़ा है, ऐसे में एआइ को अपने अनुकूल बनाते हुए नई दिशा देने की जरूरत है, ताकि यह विधायी प्रक्रियाओं को सशक्त बना सके। उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि निगरानी के बिना इनोवेशन लोकतांत्रिक संस्थाओं को जोखिम की ओर ले जा सकता है। उन्होंने कहा कि संसद में 22 भाषाओं में काम होता है। एआई सहायक टूल की तरह काम कर सकता है, जहां भी एआई गलती करे उसे मानव विवेक से ही ठीक करना होगा। वर्ष 1952 से अब तक की संसदीय कार्यवाही की डाटा को एआई के जरिए निकाला कर पता लाया जा सकता है कि किसी विषय पर कब-कब किस तरह के प्रश्न पूछे गए और उनके उत्तर क्या आए हैं। इससे आगे के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। रोजगार के संदर्भ में उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई से नौकरियां समाप्त नहीं होंगी, बल्कि नई भूमिकाएं सामने आएगी। रोजगार जाएंगे नहीं बदलेंगे। इसके लिए हमें कुशल बनना होगा। उन्होंने कहा कि यह मानव और मशीन की दौड़ नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का प्रश्न है। एआई के जरिए आम आदमी की कैसे बेहतर मदद हो सकती है इस पर हमें काम करना होगा।

## विधान सभाओं और विधान....

कि विधायिका की जवाबदेही और पारदर्शिता समय की मांग है। सूचकांक न केवल उपलब्धियों को सामने लाएगा, बल्कि उन क्षेत्रों की भी पहचान करेगा, जहां सुधार की जरूरत है। इससे बेस्ट प्रैक्टिस साझा होंगी और एकरूप मानक विकसित होंगे। सम्मेलन में यह भी चर्चा हुई कि सदन के संचालन, प्रश्नकाल, विधायी कार्य, बजट पारित करने की समय सीमा, समितियों की सक्रियता और सदस्यों की भागीदारी जैसे मानकों को सूचकांक में शामिल किया जा सकता है। देश के विभिन्न राज्यों से आए विधानसभा अध्यक्षों ने कहा कि जब सदन नियमित रूप से और प्रभावी ढंग से चलेगा, तभी सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित होगी। सूचकांक के लिए एक कार्यकारी समिति बनाकर इसे मूर्त रूप देने की मांग रखी गई। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के इसी सम्मेलन में इस पर एक समिति बनाकर इस काम को आगे बढ़ाया जाएगा। यूपी विधान सभा जीवंत लोकतंत्र की प्रतीक लोकसभा अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में कराए गए नवाचार की सराहना की। उन्होंने कहा कि वे पहले भी यूपी विधानसभा आ चुके हैं, लेकिन आज के मौजूदा स्वरूप को देखकर अच्छा लग रहा है। यूपी विधानसभा जीवंत लोकतंत्र का प्रतीक लग रही है। उन्होंने कहा कि देश की सभी विधान सभाओं ने अपनी-अपनी स्वरूप बदलने के लिए इनोवेशन किए हैं। विधानसभा लोगों के लिए और विश्वास का पात्र बने इसके लिए काम होना चाहिए।

## हाई लेवल तीन...

की एक सोसाइटी में रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज उम्र 27 वर्ष गुरुग्राम स्थित अपनी कंपनी से देर रात को निकलकर नोएडा स्थित घर आ रहे थे। उनकी कार अनियंत्रित होकर सेक्टर 150 के पास गहरे नाले को कूदते हुए बेसमेंट बनाने के लिए खोदे गए पानी से भरे करीब 20 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। कुछ देर तक कार पानी के ऊपर तैरती रही। युवराज कार की छत पर चढ़कर काफी देर तक जिंदगी और मौत से जूझते रहे। उन्होंने अपने पिता को फोन करके घटनास्थल पर बुलाया। उनके पिता ने पुलिस को फोन किया । मौके पर एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, फायर बिग्रेड की टीमें आई, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। सुबह 4 बजे तक चले रेस्क्यू के दौरान युवराज का शव बरामद किया गया।

# गोपालगंज में समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश ने गिनाईं 20 वर्षों की उपलब्धियां

## विपक्ष पर साधा निशाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोपालगंज। समृद्धि यात्रा के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को गोपालगंज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बरौली प्रखंड स्थित बतरदेह बांध का निरीक्षण किया, विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकास स्टॉलों का जायजा लिया तथा करोड़ों रुपये की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद बरौली स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में समीक्षा बैठक सह जन-संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। हेलीपैड से उतरने के बाद मुख्यमंत्री सीधे बरौली प्रखंड के बतरदेह गांव पहुंचे, जहां कृषि, पशुपालन, जीविका, ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। स्थानीय ग्रामीणों और जीविका दीदियों ने गीत-संगीत के माध्यम से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। नीतीश कुमार ने स्टॉलों पर प्रदर्शित योजनाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक अनिवार्य रूप से पहुंचे। यहां आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत लालूऽराबड़ी शासनकाल की चर्चा से की और बीते 20 वर्षों में राज्य में हुए विकास कार्यों को क्रमवार प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने केवल घोषणाएं नहीं कीं, बल्कि योजनाओं को धरातल पर उतारकर ठोस परिणाम दिए हैं। मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण को अपनी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थाओं तथा 2007 में नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया, जिसके चार चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013 से बिहार पुलिस में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया, जिससे आज बिहार पुलिस में महिलाओं की भागीदारी देश में सर्वाधिक है। वहीं, वर्ष 2016 से सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया। स्वयं सहायता समूहों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2006 में विश्व बैंक से ऋण लेकर 'जीविका' योजना की शुरुआत की गई। वर्तमान में राज्य में लगभग 11 लाख स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनसे 1 करोड़ 40 लाख जीविका दीदियां जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 से शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूहों का गठन शुरू किया गया है, जहां अब तक 41 हजार समूह गठित हो चुके हैं और 4 लाख 34 हजार महिलाएं इससे जुड़ चुकी हैं।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर दी शुभकामनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को संगठन निष्ठ एवं संगठनकर्ता नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए कहा कि आपका यह नवीन दायित्व संगठन की उस गौरवशाली वैचारिक यात्रा को नया विस्तार देने वाला है, जो सदैव जन-सेवा और राष्ट्र-कल्याण के प्रति समर्पित रही है। पूर्ण विश्वास है कि युवा सोच एवं संगठनात्मक कार्य पद्धति से सभी कार्यकर्ताओं की ऊर्ज़ा को नई गति मिलेगी और पार्टी की सांगठनिक शक्ति को नया विस्तार प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष के कुशल नेतृत्व में सामूहिक संकल्प, अटूट सामंजस्य और अनुशासित कार्यशैली के माध्यम से सेवा एवं राष्ट्रनिर्माण के नए प्रतिमान स्थापित होंगे। अंत्योदय के संकल्प और राष्ट्र-प्रथम के ध्येय के साथ संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रीयअध्यक्ष के नेतृत्व में निरंतर नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेगा। प्रभु श्रीराम से आपके यशस्वी, सफल एवं मंगलमय कार्यकाल की प्रार्थना करती हूं। उल्लेखनीय है कि नितिन नबीन सबसे कम उम्र के भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बने।

# संक्षिप्त समाचार

## हत्या के प्रयास के मामले में नाबालिग समेत दो को पकड़ा

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिले के न्यू अशोक नगर थाना पुलिस ने लूट–सह–चाकूबाजी के मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद किया है। जांच के दौरान मामले में हैरान करने वाला मोड़ सामने आया, जब कथित पीड़ित ही पोक्सो अपराध में दोषी पाया गया, जबकि नाबालिग गवाह साजिशकर्ता के रूप में सामने आया। पूर्वी जिले के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अभिषेक धानिया ने मंगलवार को बताया कि घटना दो जनवरी की रात की है, जब कोंडली पुल के पास चाकूबाजी में गंभीर रूप से घायल जय प्रकाश (32) को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत नाजुक होने पर उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। पेट और पीठ पर गहरे घाव पाए जाने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि पीड़ित के असहयोग के चलते पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों पर भरोसा किया। करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर पुलिस को अहम सुराग मिले। फुटेज में जय प्रकाश एक नाबालिग को साइकिल पर बैठाकर दल्लूपुरा की ओर जाता दिखा, जबकि कुछ देर बाद वह अकेले और घायल अवस्था में लौटता नजर आया। पुलिस ने नाबालिग की पहचान कर माता–पिता की मौजूदगी में पूछताछ की। शुरुआती बयान में उसने किसी अज्ञात बदमाश द्वारा लूट और चाकूबाजी की कहानी सुनाई, लेकिन बयान में लगातार विरोधाभास पाए गए। इसके बाद स्थानीय सूचना तंत्र मजबूत किया गया, जिससे कोंडली निवासी देवराज उर्फ जग्गू का नाम सामने आया। पुलिस ने छापेमारी कर देवराज उर्फ जग्गू को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने नाबालिग के साथ मिलकर लूटऽसहऽचाकूबाजी की साजिश रचने की बात कबूल की। आरोपित ने बताया कि पीड़ित जय प्रकाश नाबालिग का कथित तौर पर यौन शोषण करता था। इसी रंजिश में बदला लेने के लिए वारदात को अंजाम दिया गया और लूट को महज दिखावे के तौर पर रखा गया। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर लूटा गया मोबाइल फोन और चाकू बरामद किया है। जांच के दौरान नाबालिग ने अपने साथ हुए यौन शोषण की जानकारी दी, जिसके बाद पीड़ित जय प्रकाश के खिलाफ भी पोक्सो एक्ट के तहत अलग से मामला दर्ज किया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की आगे की जांच जारी है।

## सुनील जाखड़ ने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से की मुलाकात

**चंडीगढ़।** पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने मंगलवार को नयी दिल्ली में पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि श्री नबीन के नेतृत्व में पार्टी नये उत्साह के साथ आगे बढ़ेगी। इस संबंध में उन्होंने अपने एक सोशल मीडिया संदेश में लिखा है, ल्ल भाजपा हाईकमान ने अपने स्थापित आदर्शों पर चलते हुए नई पीढ़ी को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी की बागडोर सौंपी है। जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नयी पीढ़ी पार्टी के उच्च आदर्शों का पालन करते हुए इसे और आगे लेकर जाएगी, उसी तरह नया जोश पार्टी को नई गति देगा।

## पंजाब सरकार की जन–विरोधी नीतियों से परेशान लोग कांग्रेस से जुड़ रहे हैं: सिद्धू

**मोहाली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पंजाब के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू के नेतृत्व में कांग्रेस को उस समय बड़ा बल मिला, जब दो दर्जन से अधिक परिवारों ने कांग्रेस की नीतियों और जनहितैषी सोच से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। श्री सिद्धू ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो समाज के हर वर्ग की आवाज बनकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की जन–विरोधी नीतियों, जिनसे राज्य को नुकसान हो रहा है, के खिलाफ जवाब देने के लिए आज लोग एकजुट होकर कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस के पक्ष में यह लहर और तेज होगी।

## चोरी और झपटमारी के मोबाइल फोन की खरीद–फरोख्त करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (ईआर–1) यूनिट ने चोरी और झपटमारी के मोबाइल फोन की खरीद–फरोख्त करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से नौ महंगे मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जो जांच में चोरी/झपटमारी का माल पाए गए। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने मंगलवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि लाहौरी गेट इलाके में चोरी के मोबाइल फोन की खरीद–फरोख्त की जा रही है। सूचना के आधार पर टीम ने नई बस्ती, लाहौरी गेट क्षेत्र में निगरानी रखते हुए दबिश दी और एक युवक को मौके से पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपित के पास से नौ मोबाइल फोन बरामद हुए। बाद में सत्यापन में यह सभी मोबाइल चोरी और झपटमारी की वारदातों से जुड़े पाए गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जून 2025 में इसी टीम ने आरोपित के भाई ताना बिंद को 29 चोरी के मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया था। उस समय यह आरोपित फरार हो गया था। पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी और करीब सात महीने बाद उसे पकड़ने में सफलता मिली। पूछताछ के दौरान आरोपित ने कबूल किया कि वह चोरी और झपटमारी के मोबाइल फोन खरीदकर उन्हें आगे बेचने का काम करता था। पकड़ा गया आरोपित खात्री बिंद (20) लाहौरी गेट इलाके का रहने वाला है। वहीं पुलिस ने आरोपित की गिरफ्तारी पर सनलाइट कॉलोनी, वसंत कुंज दक्षिण जिला और डाबड़ी थाना क्षेत्रों से जुड़े चार मामलों का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस अब बरामद मोबाइल फोन को उनके असली मालिकों से जोड़ने और इस गिरोह में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी है।

## 24 जनवरी को लक्सर में रोजगार मेला

**हरिद्वार।** लक्सर क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के लिए स्वराज फाउंडेशन की ओर से 24 जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला के.वी. इंटर कॉलेज, लक्सर में नगर पालिका अध्यक्ष संजीव चौधरी उर्फ नीटू के नेतृत्व में आयोजित होगा। रोजगार मेले में लक्सर और खानपुर क्षेत्र के युवाओं को विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में 1200 से अधिक पदों पर चयन का अवसर मिलेगा। इसमें 10वीं, 12वीं, स्नातक, डिप्लोमा और बीटेक उत्तीर्ण युवाओं के लिए कई प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। नि:शुल्क पंजीकरण की सुविधा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

# मुख्य सचिव ने परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और कोष प्रबंधन के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड सरकार के मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सभी परियोजनाओं के लिए समयबद्ध टाईमलाइन तय कर प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने पूंजीगत व्यय, सीएसएस, ईएपी एवं नाबार्ड पोषित योजनाओं के प्रस्ताव समय पर भेजने और रीइंबर्समेंट दावे शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभागों को अतिरिक्त फंड उपलब्ध कराए जाएंगे।

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने मंगलवार को सचिवालय में पूंजीगत व्यय, सीएसएस योजनाओं, ईएपी, नाबार्ड, एसएएससीआई, एसएनए स्पर्श और विभागीय व्यय योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने वित्त एवं नियोजन विभाग को कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए इंडिपेंडेंट थर्ड पार्टी इवैल्यूएशन के लिए मजबूत मैकेनिज्म विकसित की जाए। साथ ही, जिन परियोजनाओं में थर्ड पार्टी मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है, वहां तत्काल व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सभी परियोजनाओं के लिए समयबद्ध टाईमलाइन तय कर प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वित्त एवं नियोजन विभाग को कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए इंडिपेंडेंट थर्ड पार्टी इवैल्यूएशन के लिए मजबूत मैकेनिज्म विकसित करने को कहा। साथ ही, जिन परियोजनाओं में थर्ड पार्टी मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है, वहां तत्काल व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग को प्रदेश की कुल 15 प्रतिशत सिंचित भूमि को अगले पांच वर्षों में बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने का लक्ष्य दिया गया। नए बैराज, नहरों और स्प्रिंकलर आधारित सिंचाई को प्रदेशभर में लागू करने तथा क्षतिग्रस्त सिंचाई प्रणालियों को पुनः सक्रिय करने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने पेयजल विभाग को जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य देते हुए सोलर ऊर्ज़ा को बैटरी सिस्टम से जोड़ने पर जोर दिया। सभी एसटीपी प्लांट्स की 24x7 रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिए मैकेनिज्म तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। जल संस्थान को 31 मार्च तक देहरादून की सभी सरकारी कॉलोनियों में 100 प्रतिशत वाटर मीटर लगाने का लक्ष्य दिया गया। साथ ही, सभी नगर निगम क्षेत्रों में भी वाटर मीटरिंग लागू करने, पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और दूषित पानी की शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने टिहरी को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार करने और टिहरी झील रिंग रोड परियोजना शुरू करने को कहा। शहरी विकास विभाग को बड़े शहरों में बड़े पार्क विकसित करने, जबकि वन विभाग को सिटी ग्रीनिंग, एक्सप्रेस-वे ग्रीनिंग और बायोफेंसिंग के मॉडल प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रमुख सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## आवारा कुत्तों के लिए निर्धारित फीडिंग प्वाइंट्स/ज़ोन चिह्नित करने के निर्देश

अमृतसर। उच्चतम न्यायालय द्वारा आवारा कुत्तों के प्रबंधन एवं जन-सुरक्षा से संबंधित जारी निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार नगर निगम अमृतसर के अतिरिक्त आयुक्त सुरिंदर सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। अतिरिक्त आयुक्त ने सभी शहरी स्थानीय निकायों को आवारा कुत्तों के लिए निर्धारित फीडिंग प्वाइंट्स/ ज़ोन चिह्नित करने के लिए सभी स्वास्थ्य विभाग एवं फील्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने क्षेत्रों एवं वार्डों में गहन निरीक्षण कर उपयुक्त फीडिंग प्वाइंट्स की पहचान सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन स्थानों का चयन करते समय जन-सुरक्षा, स्वच्छता, बच्चों और आम नागरिकों की सुविधा तथा स्थानीय निवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इन सभी पहलुओं को प्राथमिकता दी जाये।

# रचना यादव के परिवार से मिली आतिशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) की विधायक और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने मंगलवार को शालीमार बाग के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधा।

पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद आतिशी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हाल ही में बीसी ब्लॉक में आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एवं आम आदमी पार्टी की कार्यकर्ता रचना यादव की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरडब्ल्युए की अध्यक्ष होने के बाद भी दो घंटे तक किसी ने भी शव को छुआ तक नही, जबकि पास में ही पुलिस स्टेशन था। आतिशी ने कहा कि रचना यादव अपने पति की हत्या की चश्मदीद गवाह थीं और उनकी गवाही 7 फरवरी को न्यायालय में होनी थी। इसके पहले ही उन्हें मार दिया गया। उन्होंने दिल्ली सरकार से सवाल किया कि ये किस प्रकार की राजनीति की जा रही है कि दिनदहाड़े किसी महिला की हत्या कर दी गई और किसी ने एक भी सवाल तक नही किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि दिल्ली की कानून व्यवस्था बहुत ही ज्यादा खराब हो गई है, किसी भी इलाके में कोई नागरिक सुरक्षित नहीं है। ये घटना न केवल कानून-व्यवस्था की विफलता है, बल्कि गवाहों की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है।

# पंजाब पुलिस ने गैंगस्टरों के विरूद्ध शुरू किया ऑपरेशन प्रहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने राज्य में गैंगस्टरों के विरूद्ध ऑपरेशन प्रहार लांच किया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को चंडीगढ़ में बताया कि आज सुबह शुरू हुआ यह ऑपरेशन 72 घंटे चलेगा और इसमें दो हजार से अधिक पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को फील्ड में कार्रवाई के लिए उतारा गया है। पुलिस महानिदेशक ने गैंगस्टरों के बारे में सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 जारी किया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि युवाओं के पास यह आखिरी मौका है कि वह मुख्य धारा में लौट आएं। अब पंजाब पुलिस किसी को नहीं बख्शेगी। पुलिस के ऑपरेशन प्रहार शुरू करते ही मंगलवार को जालंधर और मंडी गोबिंदगढ़ में 2 जगह एनकाउंटर हुए हैं। मंडी गोबिंदगढ़ में पुलिस गैंगस्टर को हथियार रिकवरी के लिए ले गई थी लेकिन गैंगस्टर शिवा ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसमें एक होमगार्ड जवान जख्मी हो गया। इसके बाद पुलिस ने क्रॉस फायरिंग की, जिसके बाद उसे गोली लगी और वह पकड़ा गया। जालंधर में भी 2 संदिग्धों को रोका गया, जिन्होंने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। क्रॉस फायरिंग में एक आरोपित घायल हो गया जबकि उसका साथी फरार हो गया। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि इस ऑपरेशन में राज्य में एक्टिव 60 मुख्य गैंगस्टरों को चिह्नित किया गया है। ये अभी विदेश में बैठे हुए हैं। पुलिस ने उनके साथ आपराधिक वारदातों में शामिल 1200 साथियों और 600 पारिवारिक सदस्यों को मैप किया है।

# शालीमार बाग में महिला की हत्या की गुत्थी सुलझी, तीन आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस ने शालीमार बाग थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े महिला की गोली मारकर हत्या के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिले की स्पेशल स्टाफ और ऑपरेशन सेल की संयुक्त कार्रवाई ने इन आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में 20 हजार रुपये का इनामी और पहले से घोषित अपराधी भारत यादव भी शामिल है। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल की गई बाइक और एक आई-10 कार बरामद की है। विशेष पुलिस आयुक्त कानून और व्यवस्था (जोन-1) रवींद्र सिंह यादव ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि 10 जनवरी को शालीमार बाग के बीसी ब्लॉक स्थित पार्क के पास रचना यादव (44) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात के बाद इलाके में दहशत फैल गई थी। घटना सुबह करीब 11 बजे की थी। विशेष पुलिस आयुक्त ने बताया कि पुलिस को पीसीआर कॉल मिली कि गेट नंबर-4, ईस्ट शालीमार बाग के पास एक महिला को गोली मार दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को महिला का शव खून से लथपथ हालत में मिला। महिला के सिर पर गोली का निशान था और पास से एक खाली कारतूस व गोली का टुकड़ा बरामद हुआ। जांच में मृतका की पहचान रचना यादव के रूप में हुई। विशेष पुलिस आयुक्त ने आगे बताया कि जांच में सामने आया कि रचना यादव के पति बिजेंद्र यादव की पहले ही हत्या हो चुकी थी, जिसमें भारत यादव आरोपित था और वह इस मामले में घोषित अपराधी था। दोनों पक्षों के बीच स्वरूप नगर से बुराड़ी रोड पर स्थित 250 गज के प्लॉट को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस के मुताबिक, रचना यादव उस मामले में अहम गवाह थीं और कोर्ट में सक्रिय भूमिका निभा रही थीं, जिससे भारत यादव को खतरा महसूस हो रहा था। वहीं पूछताछ में खुलासा हुआ कि भारत यादव ने रचना यादव की हत्या की साजिश रची और इसके लिए निखिल से संपर्क किया। निखिल ने अपने साथी सुमित को साथ मिलाया। साजिश के तहत सुमित बाइक चला रहा था, जबकि निखिल ने गोली मारकर वारदात को अंजाम दिया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063